फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 4 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -39, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसी की जुबां पर गांधी, कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती 16

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा 15

**गड्ढे में सड़क**



**लखनऊ :** शनिवार से रुक-रुक कर हो रही हल्की बारिश ने राजधानी के पॉश एरिया विकास नगर सेक्टर-4 की एक सड़क की पोल खोल दी। रविवार को सड़क का बड़ा हिस्सा करीब 20 फीट तक ऐसे धंस गया जैसे कोई जागृत ज्वालामुखी। मौके पर गुजर रही एक कार गड्ढे में समाने से बच गई। गुजर रहे राहगीरों ने गड्ढे में लटकी कार से सवारों को किसी तरह सकुशल निकाला। बताया गया कि पिछले वर्ष जल निगम ने सीवर लाइन बिछाने को यहां खोदाई कराई थी। सड़क बनाते समय मानकों का पालन कदाचित नहीं किया गया। थोड़ी सी बारिश ने संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली को तो कठघरे में खड़ा किया ही है "सिस्टम" को भी आईना दिखा दिया है। • अमृत विचार

**परीक्षाओं में सेंधमारी करने वालों को मुख्यमंत्री योगी ने दी चेतावनी**

# जिंदगी भर की जेल ही नहीं, बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित



• गोरखपुर में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों, स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था। आज 'डबल इंजन' सरकार में ऐसा नहीं है। 'हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इसे जारी रखते हुए लोकसभा चुनाव में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे को साकार करना है।

### प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17 .35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7 .58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी, बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा स्मार्ट बनेंगे।

### आरओ/एआरओ मामले में परीक्षा नियंत्रक हटाए गए

**प्रयागराज।** आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में सरकार ने उप्र .लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को पद से हटा दिया है। मालूम हो कि 11 फरवरी को आरओ/एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा हुई थी। पेपर लीक होने की जानकारी के बाद अभ्यर्थियों ने खासा हंगामा किया था। परीक्षा दोबारा कराने की मांग भी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने परीक्षा रद करने के साथ 6 माह में दोबारा कराने को निर्देशित किया।




## एक नजर

### रिश्वतखोरी में एनएचएआई के महाप्रबंधक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में 20 लाख रुपये के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक (जीएम) को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने कथित रूप से एक निजी कंपनी से रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान में 20 लाख रुपये की रिश्वत समेत 45 लाख रुपये जब्त किए हैं।

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा तिथियों में बदलाव संभव

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक परीक्षा का कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर बदले जाने की संभावना है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को घोषणा की थी कि परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जाएगी और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव होने वाले हैं, जिसके कार्यक्रम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है। यूजीसी प्रमुख ने रविवार को बताया कि एनटीए द्वारा घोषित तारीखें अस्थायी हैं।

### कश्मीर में भूस्खलन में चार की मौत, दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई।

# बारिश और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें गिरीं, वज्रपात से पांच लोगों की मौत

## कई जगहों पर मकान ढहे, किसानों को हुए भारी नुकसान की होगी भरपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीते दो दिनों से प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में निरंतर हो रही बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की सूचना है। वहीं मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने फसलों को हुए नुकसान का भी तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। राहत आयुक्त कार्यालय की



रिपोर्ट के अनुसार वज्रपात से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जिलों में 01-01 जनहानि, आगरा में 01 पशु हानि और अतिवृष्टि से मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना मिली है। सहारनपुर में वज्रपात से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। वहीं, चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में बारिश और ओले से फसल खराब होने से सुकरानी (75) की सदमा लगने से मृत्यु हो गई। तेज हवा और पानी से जहां गेहूं की खड़ी फसल खेतों में गिरी नजर आ रही हैं वहीं सरसों, मटर और चने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आलू बेल्ट कहे जाने वाले जिलों इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरैया और अलीगढ़ में तेज आंधी-पानी के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को भी बारिश का सिलसिला रहेगा और मंगलवार को दोपहर बाद धूप खिल सकती है।

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि और दर्जनभर जिलों में बारिश हुई है।

बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला रविवार को दिन भर जारी रहा और प्रदेश में कई जगह जमकर ओले गिरे। रविवार को दिन में तीन बार राहत विभाग ने अलर्ट जारी किया।

### मुआवजा बांटने के निर्देश, कई जिलों में अलर्ट जारी

प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले किसानों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने फसलों का सर्वे का काम तेजी से करते हुए मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है वहीं पश्चिम के दर्जन भर जिलों में मध्यम बारिश के साथ तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

## शहबाज शरीफ चुने गए पाकिस्तान के दूसरी बार प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापा। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, 'हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे।' उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए इसकी तुलना फलस्तीन से की। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब एक-साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।' इससे पहले 336 सदस्यीय संसद में वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज के समर्थन में 201 सांसदों ने वोट डाले। उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को केवल 92 वोट मिले। खबरों के मुताबिक शहबाज के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन हासिल है।



• कश्मीर का राग अलापा

# किसानों का 6 मार्च को दिल्ली कूच का एलान

बठिंडा, एजेंसी

फसलों पर एमएसपी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू , खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 फरवरी से डटे हुए किसान संगठनों ने दिल्ली पहुंचने के अपने तरीके में बदलाव का एलान किया है। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली कूच का हमारा कार्यक्रम पहले की तरह है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। सरकार को झुकाने के लिए हमने कुछ रणनीति तय की है।

डल्लेवान ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि 6 मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस, पैदल और हवाई जहाज से शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जितने बॉर्डर पर हम बैठे हैं, वहां अपनी संख्या बल बढ़ाएंगे और अन्य बॉर्डर पर भी किसानों को लाने की कोशिश करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) से जुड़े किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया था, लेकिन उन्हें पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान हुई झड़प में एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली कूच का कार्यक्रम किसान संगठनों ने स्थगित कर दिया था।

**बदली रणनीति**

- ट्रैक्टर के बजाय ट्रेन-बस और हवाई मार्ग से जाएंगे राजधानी
- शंभू बार्डर पर और बढ़ाएंगे किसानों की संख्या

### 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकेंगे किसान

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकने का भी एलान किया है। डल्लेवाल ने पूरे देश के किसानों से आह्वान किया है कि वे 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से देशभर में ''रेल रोको'' विरोध प्रदर्शन करें और ट्रेनों का चक्का जाम करें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा।

# आसनसोल से नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

नई दिल्ली/कोलकता, एजेंसी

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।

पवन सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी। पवन ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार



• भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची में की थी नाम की घोषणा

घोषित करने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह किसी कारणवश आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके मुझे आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के कई गाने असभ्य हैं

### पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास



**नई दिल्ली।** मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की। हर्षवर्धन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह 30 साल से अधिक के शानदार चुनावी करियर के बाद अपनी जड़ों की ओर लौटेंगे। 'मैं यह स्वीकार करता हूं कि मुझे भारत के इतिहास में सबसे ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

# वंचित वर्गों की उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार : राहुल

पटना, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। सपा अध्यक्ष अखिलेश



जन विश्वास रैली में मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव।

यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल मिलाकर 120 (80 उत्तर प्रदेश में और 40 बिहार में) सीटें हैं। अगर हम इन दोनों राज्यों में भाजपा की हार सुनिश्चित करते हैं, तो केंद्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं हैं तथा यहां भी 40 हराओ का नारा है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश और बिहार ने ठान लिया तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सराहना करते हुए कहा कि आपके चाचा (नीतीश कुमार) दोबारा पाला बदल सकते हैं, लेकिन आगे से उन्हें स्वीकार मत करना।

• जनविश्वास रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

### मोदी सच्चे हिंदू नहीं : लालू

लालू प्रसाद यादव ने राजनीति में परिवारवाद की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। अपनी मां की मृत्यु पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक जवान हुआ शहीद

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से लगे हिदूर के जंगलों में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें बस्तर फाइटर्स का एक जवान शहीद हो गया है। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है।

कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल, बीएसएफ और डीआरजी द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के अनुसार, हिदुर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया। राज्य पुलिस की इकाई बस्तर फाइटर्स के जवान रमेश कुरेठी मुठभेड़ में शहीद हो गए। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव और एक एक के 47 गन बरामद किया गया है।

• जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली भी मारा गया

# पंचायतों के ग्रांट में फंसा ऑडिट रिपोर्ट का पेच

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को विकास के लिए मिलने वाली ग्रांट में ऑडिट रिपोर्ट का पेंच फंसा है।

क्योंकि, इस वर्ष लेखा परीक्षकों ने 2022-23 का ऑनलाइन ऑडिट तो किया, लेकिन पंचायतों से खर्च धनराशि के अभिलेख न मिलने के कारण पोर्टल पर अंतिम रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जब तक तीनों पंचायत की 100 फीसद ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तब तक ऑडिट प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। न ही केंद्र व राज्य सरकार से आगे की वित्तीय मदद यानी ग्रांट मिल पाएगा। प्रदेश में 50,289 ग्राम पंचायत, 813 क्षेत्र पंचायत व 74 जिला पंचायत की ऑनलाइन ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। 26 फरवरी तक संत रविदास नगर की 546 व सिद्धार्थनगर की 1136 ग्राम पंचायत में ऑडिट की प्रगति शून्य रही।

इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए पंचायतों की संख्या अधिक है। इससे विभाग को अगले वर्ष के लिए ग्रांट की चिंता सताने लगी है। निदेशक पंचायती राज ने जिलों पर सख्ती बरतते हुए इस प्रक्रिया के लिए संयुक्त निदेशक को नामित किया है।

- वर्ष 2024-25 के लिए 2022-23 के ऑडिट की पोर्टल पर दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट
- 50,289 ग्राम, 813 क्षेत्र और 74 जिला पंचायत से खर्च के नहीं मिले अभिलेख

### 26 फरवरी तक इन जिलों में सबसे कम ऑडिट रिपोर्ट दर्ज

मिर्जापुर एक, उन्नाव दो, अमेठी दो, आजमगढ़ छह, अयोध्या पांच, बलिया 10, प्रयागराज 18, सुल्तानपुर 12, फिरोजाबाद सात, बस्ती 16, शाजहांपुर 15, आगरा 10, अमरोहा नौ, सोनभद्र 10

"लेखा परीक्षा विभाग से समन्वय बनाकर रोजाना समीक्षा की जा रही। हम प्राथमिकता से यह कार्य करा रहे हैं। लेखा परीक्षकों को डीपीआरओ स्तर से रिपोर्ट भी दी जा रही है। करीब और 10 हजार पंचायतों की रिपोर्ट फीड हो चुकी है। 100 फीसद प्रक्रिया जल्द ही पूरा कर लेंगे।
-**राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज उप्र.

### अभिलेख नहीं तो गबन मानकर हाई रिस्क में जाएंगी पंचायतें

सहकारी समितियां पंचायत (लेखा परीक्षा) द्वारा पंचायतों का ऑडिट होता है। हर वर्ष पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख नहीं मिलते हैं और अंत में ग्रांट को लेकर यह हालात बनते है। यदि निर्धारित समय पर खर्च धनराशि के अभिलेख नहीं मिलते तो लेखा परीक्षकों द्वारा गबन दर्शा दिया जाता है। इसी तरह वर्ष 2022-23 के ऑडिट में करोड़ों रुपये के खर्च का हिसाब नहीं है। जिसकी पुष्टि के लिए अभिलेख नहीं मिल रहे हैं। जो जल्द न मिले तो लेखा परीक्षक संबंधित पंचायतों को हाई रिस्क में डालकर गबन दर्शाएंगे।

## नोएडा के मॉल में लोहे का ढांचा गिरा, दो लोगों की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में रविवार सुबह लोहे का एक ढांचा गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस ढांचे पर होर्डिंग लगाया जाना था। मध्य नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में पांचवीं मंजिल से लोहे का ढांचा गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गाजियाबाद निवासी 35 वर्षीय हरेंद्र भाटी व शकील (35) के तौर पर हुई है। कठेरिया ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है तथा उनकी शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। रविवार का दिन होने की वजह से मॉल में बड़ी संख्या में लोग आए हुए थे।

• होर्डिंग लगाने को 5वीं मंजिल पर लगाया गया था ढांचा

## एक नजर

### किसानों को दोगुना मुआवजा दे सरकार : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों की आय तो दोगुनी नहीं की पर लागत की बढ़ोत्तरी और ओलावृष्टि की डबल मार झेल रहे किसानों को डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को दोगुना मुआवजा तो देना ही चाहिए। किसानों की मुआवजे की डबल मांग पूरी तरह जायज है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, बरसात से और कहीं-कहीं ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। टमाटर, आलू, शिमला मिर्च, बींस, गोभी, बैगन की फसल भी प्रभावित हुई है। आम में बौर आने शुरू हो गए थे बारिश में ये न केवल गिर गए हैं अपितु उसमें खर्रा रोग और भुनगे भी लगने लगे हैं। आम बागान के किसान तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं।



प्रधानमंत्री के आजमगढ़ दौरे को लेकर तैयारी व निर्माणाधीन परियोजनाओं का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

### आजमगढ़ में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजमगढ़ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आजमगढ़ पहुंचकर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री दोपहर बाद आजमगढ़ पहुंचे। इस दौरान सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद मंदुरी एयरपोर्ट पर होने वाले प्रधानमंत्री के संभावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बैठक कर उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित तरीके से निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम में जिले में 10 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण को लेकर तैयारी पहले से ही करा ली जाय। साथ ही प्रमुख स्थलों पर अभियान चलाकर युद्धस्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

# फसल नुकसान पर छह हजार से ज्यादा किसानों का दावा

## कृषि निदेशालय से 10 दिनों में सर्वे कर मांगी रिपोर्ट, बीमा कंपनी देगी क्षतिपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत छह हजार से ज्यादा किसानों ने फसल बर्बाद होने पर व्यक्तिगत दावा किया है। इसे कृषि निदेशालय ने गंभीरता से लेकर सभी जिला कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनियों को सर्वे के निर्देश दिए हैं और 10 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सहारा है। योजना के तहत फसलों का बीमा कराए छह हजार से अधिक किसानों ने टोल फ्री नंबर पर कॉल कर व्यक्तिगत दावा यानी फसल नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें रविवार को जिलों से एक हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए गए।

दो दिन में इतनी अधिक संख्या में दर्ज रिपोर्ट को देखते हुए जिलों पर बारिश और ओलावृष्टि से इंकार नहीं कर सकते हैं। हालांकि कृषि विभाग ने किसानों के व्यक्तिगत दावों को गंभीरता से लेकर जिलों पर कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनी को सर्वे कर नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं और 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। जो निदेशालय से शासन जाएगी। इसी आधार पर कंपनी किसानों को क्षतिपूर्ति देंगी। वहीं, जो फसलें बीमित नहीं हैं उन्हें राहत आयुक्त की तरफ से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर सहायता मिलेगी।

### नुकसान पर 100 प्रतिशत तक मिलेगी क्षतिपूर्ति

जिन किसानों ने रबी फसलों का बीमा कराया है वह देर न कर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर व्यक्तिगत दावा करें। इस आधार पर कंपनी सर्वे करेगी। व्यक्तिगत दावा पर 100 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति मिलती है। यानी जितन नुकसान होगा उतना एक माह के अंदर क्लेम मिलेगा। 72 घंटे के बाद दावे मान्य नहीं होंगे न ही कंपनी की जवाबदेही रहेगी। दूसरी प्रक्रिया यह है कि फसल कटाई के दौरान उपज का आकलन कर क्षतिपूर्ति तय की जाएगी। इसमें कम लाभ के साथ ज्यादातर किसान छूट जाते हैं।

### इन नंबरों पर करें दावा

- 14447
- 1800-8896-868

> बीमित फसलों के नुकसान के आधार पर कंपनी क्षतिपूर्ति देगी। बीमा कंपनी और जिला कृषि अधिकारियों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी है। जिन फसलों का बीमा है, किसान नुकसान की स्थिति में 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर दर्ज कराएं।
>
> -**उमा शंकर सिंह,** उप निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय

# बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा डेयरी सेक्टर

## सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा निवेश, मिलेंगे रोजगार के अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में डेयरी सेक्टर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा। डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतरेगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन के मामले में प्रदेश देश में नंबर वन है। इस सेक्टर ने न सिर्फ 9000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार भी मिलने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में वाराणसी में बनास काशी डेयरी संकुल की शुरुआत हुई है। इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्वांचल के लाखों लोगों के लिए



रोजगार सृजित होने की संभावना है, वहीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में कई बड़ी डेयरी कंपनियों ने भी अपने निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। डेयरी कंपनियों की स्थापना के साथ ही प्रदेश डेयरी सेक्टर में और अधिक मजबूत होगा, बल्कि यह लोगों को रोजगार का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

**बागपत में भी बनासकांठा के प्लांट से हजारों रोजगार होंगे सृजित :** दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि वाराणसी के बाद बनासकांठा डीसीएमपीयू लिमिटेड अब पहले चरण में प्रति दिन 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसे दूसरे चरण में प्रति दिन 15 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अभी प्रदेश में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के जरिये अपनी सुविधाएं उपलब्ध कर रहा है। इससे प्रदेश में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में अपनी यूनिट्स को विस्तार देने के क्रम में कंपनी ने अब बाराबंकी में 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे 90 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीपी मिल्क 1.65 लाख से अधिक डेयरी किसानों से सीधे खरीदे गए ताजे दूध से निर्मित 17 उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की खुदरा बिक्री करती है।

### गोंडा, बरेली व शाहजहांपुर में आएंगी नौकरियों की बहार

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड गोंडा में 1100 करोड़ रुपये की लागत से अपनी यूनिट स्थापित करने जा रहा है। इसके जरिए तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। वहीं, रिंकू डेयरी प्रोप बरेली में 490 करोड़ रुपये से व शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है जो 1 हजार 300 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। बरेली डेयरीज लिमिटेड बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस एंड फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़ रुपये, क्रीमी फूड्स बुलंदशहर में 250 करोड़ रुपये, प्रधान मिल्क चिलिंग प्लांट मेरठ में 250 करोड़ रुपये और डेयरी क्राफ्ट बरेली में 212 करोड़ रुपये के निवेश के जरिए हजारों लोगों के रोजगार का प्रबंध करने जा रहा है।

### ये बड़े प्रोजेक्ट्स भी देंगे रोजगार

| कंपनी | निवेश |
|---|---|
| इंडिया डेयरी मेरठ | 200 करोड़ |
| गोपाल जी डेयरी बुलंदशहर | 172 करोड़ |
| आनंदा डेयरी हापुड़, | 150 करोड़ |
| आरएम डेयरी अलीगढ़, | 150 करोड़ |
| मुरलीधर दुग्ध ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज | 150 करोड़ |
| माया मिल्क फूड इटावा, | 150 करोड़ |
| टेस्टी डेयरी कानपुर देहात | 110 करोड़ |

# कांग्रेस को गठबंधन में मिल सकती हैं तीन और सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट पर कांग्रेस बना रही दबाव**
- **श्रावस्ती से सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से नसीमुद्दीन को उम्मीदवार बनाने की चर्चा**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद टिकट को लेकर अन्य दलों में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत सपा से तीन और सीटें पाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को ये सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

गठबंधन में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं, जबकि सपा के खाते में 63 सीटें मिलीं, जिसमें एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी गई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस प्रदेश की तीन और सीटें श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट की मांग कर रही है। पार्टी श्रावस्ती से पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को चुनाव मैदान में उतारना चाह रही है, जबकि भदोही सीट से राजेश मिश्रा को लड़ाने की चर्चा है। गठबंधन के लिए बनी कांग्रेस की समन्वय समिति इस पर सपा से वार्ता कर रही है। कांग्रेस को ये तीनों सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

**रायबरेली व अमेठी से गांधी परिवार के लड़ने की संभावना :** अमेठी व रायबरेली सीट पर गांधी परिवार के लोगों को ही चुनाव लड़ाने की संभावना है। अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को टिकट दिये जाने की चर्चा है, जबकि वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है।

### इन नेताओं को मिल सकता है टिकट

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि अमरोहा से पार्टी दानिश अली पर दांव लगा सकती है। बसपा से निलंबन के बाद दानिश की कांग्रेस से नजदीकी बढ़ी है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद को टिकट दिया जा सकता है। इसी तरह, झांसी से चन्द्रभूषण सिंह या प्रदीप आदित्य, देवरिया अखिलेश प्रताप सिंह, बाराबंकी से पीएल पुनिया, कानपुर से आलोक मिश्रा व अजय कपूर का नाम चर्चा में है। महाराजगंज से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, गोरखपुर की बांसगांव सीट से कमल किशोर कमांडो, गाजियाबाद से डॉली शर्मा के नामों पर चर्चा चल रही है।

# भाजपा हर बूथ पर मत बढ़ा कर साधेगी मिशन 370

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में देशभर की 370 सीट जीतने का लक्ष्य लेकर भाजपा ने हर बूथ पर करीब 370 मत बढ़ाने की रणनीति तैयार की है। लोकसभा चुनाव के लिए इसी महीने तारीखों की घोषणा संभव है। ऐसे में भाजपा अब पूरी सक्रियता के साथ हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में है।

इस कवायद के तहत भाजपा उप्र. के करीब एक लाख 60 हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर भी अपनी बढ़त बनाने की पहल करेगी। उप्र. में एक बूथ पर औसतन 950 मतदाता पंजीकृत हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार उप्र में 2024 के लोकसभा चुनाव में 15 करोड़ 29 लाख लोग मतदान के पात्र हैं। भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों का मानना है कि अगर औसतन हर बूथ पर 370 मत हासिल करने का लक्ष्य पूरा हो जाए तो करीब छह करोड़ अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में मतदान कर सकते हैं।

> जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद हो रहे इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के आह्वान पर पार्टी ने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।
>
> -**विजय बहादुर पाठक,** प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा

- **प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में 15 करोड़ 29 लाख लोग मतदान करने के पात्र**

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उप्र में 59 फीसद से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। उस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 51.19 फीसद मत मिले थे जिनमें अकेले भाजपा की हिस्सेदारी 49.98 प्रतिशत थी। 2019 में राज्य के 14.58 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं में आठ करोड़ 65 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। इसमें साढ़े चार करोड़ से अधिक मतदाताओं ने राजग के पक्ष में मतदान किया था।

# एसटीएफ ने घुमंतु गैंग के सरगना को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफएफ ने लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार जैसे कई संगीन अपराधों में वांछित घुमंतु गैंग के सरगना केदार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ बरेली, एटा, कासगंज और शाहजहांपुर के 13 मामले दर्ज हैं।

अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ टीम को मुखबिर की सूचना पर यह कामयाबी मिली है। उसने पूछताछ में बताया कि वह अपने परिवार व साथियों के साथ अलग-अलग जनपदों में स्टेशनो के किनारे अथवा सुनसान स्थानों पर डेरा लगाकर रहता रहा है। उसके परिवार की महिलाएं और बच्चे खिलौने, चाइनीज पम्प, चाइनीज टार्च आदि घरेलू सामान लेकर नगर, कस्बा, गांव आदि स्थानों पर इन सामानों को बेचने के बहाने घरों की रेकी करते थे। इसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर रैकी किए हुए घरों मे डकैती की वारदात को अंजाम देते थे है। घटना बाद वह लोग दूसरी स्थान पर चले जाते है। उसने यह भी बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से इस तरह की आपराधिक वारदातों को अंजाम देता रहा है।

# यादव समाज की अपनी पहचान, इनका कोई ठेकेदार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रविवार को राजधानी पहुंचे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यादव समाज का कोई ठेकेदार नहीं हैं, समाज की अपनी पहचान है। उन्होंने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनाने से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, दर्द होता है तो होता रहे यादव समाज जब भी उप्र. में बुलाएगा वह आते रहेंगे।

यादव समाज की ओर से रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ आयोजित किया गया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यादव समाज के एक गरीब परिवार के बेटे को मुख्यमंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद दिया है। जबकि उनके विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज के पांच सौ वोट भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राजनीतिक दल के लिए यह सबक है, अब यादव समाज किसी परिवार के परिवारवाद को स्वीकार नहीं करेगा।



लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ रैली के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य। अमृत विचार

- **मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख का नाम लिए बिना किया कटाक्ष**

मप्र. के मुख्यमंत्री ने समाज में युवाओं को शिक्षा पर खास ध्यान की आवश्यकता जताई, कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी शिक्षा का महत्व समझा था। मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त कई संघर्ष किए और परीक्षाएं दी। लेकिन ना तो वह कभी झुके न ही किसी परीक्षा में फेल हुए। उन्होंने कहा कि उसी तरह सनातन धर्म भी किसी के आगे नहीं झुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती जो नारा देती है उसे पूरा करती है। अयोध्या में पांच सौ वर्ष के संघर्ष के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है।

महाकुंभ के आयोजक एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार मनीष यादव ने कहा कि सैफई परिवार ने वोट बैंक के लिए यादव समाज का शोषण किया। मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, फिरोजाबाद और फर्रुखाबाद के अलावा किसी अन्य जिले के यादव समाज का उत्थान नहीं किया। उन्होंने कहा अखिलेश यादव ने मुस्लिम वोट बैंक बचाने के लिए कभी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में कोई बात नहीं की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित यादव समाज के नेता मौजूद रहे।

### भाजपा मुख्यालय में डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में रविवार को स्वागत व अभिनंदन किया गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव, सदस्य राज्यसभा संगीता यादव, पार्टी के उपाध्यक्ष संतोष सिंह, बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, बसंत त्यागी, शंकर लोधी ने डा. मोहन यादव का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब राष्ट्रवाद के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है, जिसमे परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, जिसके परिवार में किसी ने राजनीति नहीं की और मुझें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया गया है। किसी भी कार्यकर्ता का किसी भी पद पर पहुंचना सिर्फ भाजपा में संभव है। उन्होंने स्वयं को उत्तर प्रदेश से जोड़ते हुए कहा कि हमारे पूर्वज आजमगढ़ से मध्य प्रदेश गए थे। इससे पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए हम सभी मिलकर काम करेगें।

# स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में पीएसी मुख्यालय ने दी गलत जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीएसी मुख्यालय द्वारा स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व में हुए तबादला आदेश की समीक्षा में इस बात की पुष्टि हुई है।

दरअसल, दिसंबर 2022 में पदोन्नति जनपदीय सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस को पीएसी में स्थानांतरित किया गया था। इसको लेकर उनमें नाराजगी थी। उनका कहना था कि इसके पहले कभी ऐसा तबादला नहीं किया गया। इसी मसले को लेकर पुलिसकर्मियों के वकील रामकरन (सुल्तानपुर) की ओर से सूचना का अधिकार के तहत सूचना मांगी गई थी। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यालय कपिल देव सिंह द्वारा 12 जनवरी 2024 को दी गई सूचना में बताया गया कि कोराना महामारी की विषम परिस्थितियों के कारण चयन वर्ष 2020-2021 और जनवरी 2022 में जिले के उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर प्रोन्नत कर्मियों के पीएसी में स्थानान्तरित नहीं किया गया।

- **कहा, कोरोना के चलते 2020 21 और 22 में स्थानांतरण नहीं हुए जबकि इस दौरान हुए ट्रांसफर**

अब विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश पर नजर डालें तो यह सूचना गलत साबित होती है। 17 अक्टूबर 2020 को जारी आदेश के तहत पीएसी से जनपदीय सशस्त्र पुलिस में 21 कर्मियों जोन और कमिश्नरेट में भेजा गया। वहीं 15 जुलाई को 2021 को 24 का तबादला किया गया।

इसी तरह कुछ साल पहले जनपदीय पुलिस के भर्ती आरक्षी परीक्षा देकर 350 से अधिक मुख्य आरक्षी बने थे। बाद में विभाग द्वारा दिसम्बर 2022 मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस बने दरोगाओ की जनपदीय पुलिस से पीएसी में स्थानान्तरण किए जाने के सवाल पर 24 मई 2019 के शासनादेश का हवाला दिया गया है।

# धरातल पर जल्द दिखेगा युवा उद्यमी विकास अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रदेश में जल्द शुरू होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के अधिकारियों को पूरी कार्ययोजना तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

सरकार ने पिछले बजट में इस योजना की घोषणा की थी। योजना के जरिए राज्य सरकार प्रति वर्ष एक लाख युवा उद्यमी तैयार करेगी। इसके लिए सरकार की ओर से पांच लाख तक की परियोजनाओं के लिए ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। शासन ने अधिकारियों ने बताया कि बजट 2024-25 में इस योजना के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत उद्योग व सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख रुपए तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध जाएगा। प्रति वर्ष एक लाख इकाइयों को वित्त पोषित कर 10 वर्षों में 10 लाख इकाइयों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। सरकार की ओर से संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेंट मिशन की ओर से संचालित कौशल उन्नयन में प्रशिक्षित लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

इसके अलावा किसी विद्यालय, शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा व डिग्रीधारी युवाओं को भी इस योजनां के अंतर्गत लाभ दिया जाएगा।

- **मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

# 10 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है, जहां, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में औसतन 59.11 प्रतिशत मतदान से कम वोट पड़े थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग का निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार पिछले चुनाव में फूलपुर सीट पर 48.57 प्रतिशत, कानपुर 51.39 प्रतिशत, इलाहाबाद 51.75 प्रतिशत, श्रावस्ती 52.05 प्रतिशत, गोंडा 52.11 प्रतिशत, डुमरियागंज 52.26 प्रतिशत, प्रतापगढ़ 53.36 प्रतिशत, भदोही 53.45 प्रतिशत, अमेठी 54.05 प्रतिशत व संत कबीर नगर में 54.15 प्रतिशत वोट पड़े थे, जबकि इन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है।

# हर पात्र व्यक्ति को मिले प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन पात्र व्यक्तियों को पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कोई भी गरीब बेघर नहीं रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा।



- **योगी ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं निस्तारण के दिए आदेश**

### पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का किया भूमि पूजन

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### 30 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट और नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने रविवार को 30 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। रामसनेहीघाट थाने की पुलिस टीम ने रविवार को टिकैतनगर थाना क्षेत्र के सराय दुनौली निवासी राम कुमार सिंह को 20 लीटर और नगर कोतवाली की पुलिस टीम ने गोसाइन का पुरवा निवासी सोनू उर्फ संगीत गोस्वामी को 10 लीटर शराब के साथ दबोचा।

### पुलिस ने 23 लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : दो वारंटी और सात वांछितों को रविवार को को विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने दबोचा। वहीं अलग-अलग मामलों में विभिन्न थानों पर लाए गए 23 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### जुआ खेलते समय पकड़े गए चार लोग

**बाराबंकी,** अमृत विचार : सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को कोठी थाने की पुलिस टीम ने रविवार को दबोचा। उनके पास से 32 सौ रुपये बरामद किये गए। उसके बाद उस्मानपुर निवासी शकील, सोनू, गुरूदीन और बउवा को थाने लाकर पुलिस ने उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### युवती के अपहरण का आरोप, दी तहरीर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दो दिन पहले युवती को अपहृत करने का आरोप लगाते हुए उसके चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के निवासी पीड़ित चाचा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीया भतीजी को गांव का ही एक युवक बहला- फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अपहृत युवती और आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

# बारिश और ओले गिरने से किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

## शनिवार रात और रविवार को हुई बरसात के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त, सरसों, गेहूं और आलू के साथ पोस्ता की फसल को हुआ नुकसान



झमाझम बारिश के कारण पसरा सन्नाटा। अमृत विचार



सिद्धौर ब्लाक के विवियापुर थाना क्षेत्र में तेज बारिश के कारण खेत में ही लोट गयी गेहूं की फसल। अमृत विचार



बारिश के कारण भीग गया खेत में खोदा गया आलू। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी**

**अमृत विचार :** तेज बारिश एवं तेज हवा के साथ रविवार को ओले गिरे। इससे तापमान में गिरावट आ गयी। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से अच्छी फसल की उम्मीद लगाए बैठे किसानों के अरमानों पर पानी फिर गया है। बारिश और ओले गिरने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मांगलिक कार्यक्रमों में भी व्यवधान पहुंचा। आलू, सरसों और पोस्ते की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।

दरियाबाद प्रतिनिधि के अनुसार तेज हवा के साथ क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों, व पोस्ता की फसल जमीन पर लोट गयी। बारिश से सरसों, आलू चना, मटर व आम की फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है।

शनिवार की दोपहर से शुरू हुई हल्की बारिश रविवार की सुबह तेज बारिश में बदल गई। बारिश के साथ 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही पछुवा हवा से खेतों में खड़ी फसल जमीन पर लोट गयी। बारिश और तेज हवा से ठंड ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। फसल बर्बाद देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें भी खिंच गई हैं। खेतों में लगी आलू की फसल सड़ने की कगार पर पहुंच गयी है। तेज हवा चलने के कारण खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों की फसल गिर गई। खेतों मे कटी पड़ी सरसों की फसल के भीगने से अंकुरित होकर बर्बाद होने की आशंका है। बारिश ने शादी और तिलक जैसे मांगलिक कार्यक्रमों में भी व्यवधान डाला।

बनीकोडर ब्लॉक क्षेत्र में बेमौसम बारिश किसानों के लिए आफत साबित हुई। ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं की पैदावार में काफी नुकसान पहुंचने की आशंका है। तेज हवा चलने की वजह से और बेमौसम बरसात के कारण काफी किसानों की खेत में खड़ी गेहूं व सरसों की फसल गिर गई। इस समय कुछ किसानों की सरसों की फसल पककर तैयार है तो कुछ की फसल कट कर खेतो में पड़ी है। जो इस बारिश की वजह से सड़ने के कगार पर पहुंच जाएगी।

कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार रात हुई तेज बारिश के कारण क्षेत्र में पोस्ता की तैयार फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के सरायमीर निवासी मोहम्मद हनीफ ने बताया कि इस बार पहली बार पोस्ता की खेती करने के लिए लाइसेंस मिला था। पोस्ते की खेती अच्छी करने के लिए जी जान से मेहनत की थी परन्तु दैवीय प्रकोप के चलते फसल धराशायी हो गयी। आलू, मटर, सरसों, चना आदि फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकांश किसानों का आलू खेतों में खोदा हुआ पड़ा है। बेमौसम बरसात होने के कारण किसान अपनी आलू की फसल को कोल्ड स्टोर में भी नहीं पहुंचा सके। बारिश में भीगने के कारण खेतों में खोदे गये आलू के सड़ने की आशंका मंड़रा रही है। किसान रामशरन रावत, विवेक रावत, जाबिर, देशराज यादव का कहना है कि हम लोग बरबादी के कगार पर पहुंच गए हैं।

हरख क्षेत्र में रविवार को बेमौसम बरसात और ओलावृष्ट से किसानों की आलू, सरसों, मटर व पोस्ता की फसलों का नुकसान हुआ। पोस्ता की फसल को ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। बार-बार बारिश होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बनी हुई हैं। इबाहिमाबाद के पीरपुर के किसान अयोध्या प्रसाद, भारत सिंह, शीतला प्रसाद, शिवनंदन सिंह, श्रीराम तथा लंबरदार शत्रोहन सिंह ने बताया कि ओला गिरने से पारकपुरवा, करीमाबाद, मलौली, बरकतनगर, खानपुर, पीरपुर, सदरपुर, लालपुर क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है।



### गेहूं की आधी फसल खेत में ही लोट गयी

किसान विमल कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछली बारिश ने पीली सरसों की फसल को खराब कर दिया था। अब शनिवार की रात और रविवार को हुई बारिश से गेहूं की की अच्छी खासी फसल खराब हो रही है। हवा और बारिश की वजह से गेहूं की आधी फसल खेतों में ही लोट गयी है।



### मौसम खराब हुआ तो बची फसल भी होगी नष्ट

किसान प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मौसम विभाग ने सोमवार को पूरे दिन बरसात होने का अनुमान जताया है। यदि ऐसे ही मौसम खराब होता रहा तो हवा व बारिश की वजह से बची फसल भी गिर कर बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मौसम की थोड़ी भी बेरुखी किसानों के लिए घातक हो सकती है।



बारिश के कारण दरियाबाद इलाके में अफीम की फसल को भी पहुंचा नुकसान।



टिकैत नगर में बारिश के दौरान गिरे ओले।



बरसात के कारण खेत में कटी सरसों की फसल को पहुंचा नुकसान।

# भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो चर्चा में

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने का मामला बढ़ता ही जा रहा। यह वीडियो उस वक्त वायरल हुआ है जब रावत को भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार फिर घोषित किया है। सांसद रावत इस वायरल वीडियो को विरोधियों की साज़िश करार दे रहे हैं। जांच करा सच सामने लाने का दावा कर रहे हैं। वहीं,सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत ने आपत्तिजनक वीडियो को एडिटेड व गलत बताया है। दिनेश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। रविवार को भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। तहरीर में कहा गया है कि सांसद का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली अजय कुमार त्रिपाठी का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। एडिटेड वीडियो वायरल करने वाले पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# सड़क हादसों में वृद्ध समेत तीन की मौत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में वृद्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। वहीं कोठी थाना क्षेत्र में निमंत्रण में शामिल होने जा रहे वृद्ध की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रक पलटने से उसके नीचे दबे राहगीर की मौत हुई। पुलिस ने तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर केस दर्ज किया।

नगर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर शुक्लाई के पास शनिवार की रात एक युवक का क्षत विक्षत शव पड़ा मिला। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।





ट्रक पलटने के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

वहीं कोठी थाना क्षेत्र में असदामऊ के पास सड़क हादसे में रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को दी गई तहरीर में असंद्रा थाना क्षेत्र के संगौरा सैदखां निवासी रामराज ने बताया कि उसके पिता बाबूलाल शनिवार को मुबारकपुर गांव में एक निमंत्रण में शामिल होने बस से गए थे। रास्ते का ज्ञान न होने के कारण असदामऊ में बस से उतरकर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। उधर, फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में वतिया मार्ग पर रविवार को शाम एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें कोकाकोला फैक्ट्री से नौकरी कर लौट रहे बेहटी गांव निवासी ज्ञानचंद्र (25) की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## सार-संक्षेप

### डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देगा स्मार्टफोन



एक छात्रा को स्मार्टफोन वितरित करते एमएलसी अंगद सिंह। अमृत विचार

**रामनगर,बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति योजना अंतर्गत नि :शुल्क स्मार्टफोन का वितरण रविवार को बीए तृतीय वर्ष व बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक व ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एमएलसी ने कहा कि आप सभी ने जो भी मन में ठाना है, उससे भी बड़ा लक्ष्य बनाएं और सफलता प्राप्त करें। यह मोबाइल फोन डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देगा। स्मार्टफोन का सदुपयोग करें, आपके विषय का पाठ्यक्रम 24 घंटे उपलब्ध है, उसे प्राप्त करके अध्ययन करें। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि गूगल पर अपना पाठ्यक्रम लोड करके अवश्य पढ़ें। अध्यक्ष रामशरण पाठक ने कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करें। प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने कहा कि जिन बच्चों का नाम लिस्ट में नहीं है, वह निराश न हों, प्रार्थना पत्र दें, जल्द ही उन्हें भी स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रो. ओपी सिंह, प्रो .एचके मिश्रा, डॉ. अखिलेश वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. अखिलेश पटेल, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. सुनीत जायसवाल, डॉ. केपी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सपा नेता और पत्नी समेत तीन पर रंगदारी मांगने का केस

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्लाट पर कब्जा करने की धमकी के साथ रंगदारी मांगने वाले सपा नेता व उसकी पत्नी समेत तीन लोगों पर नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज किया है। मामला नगर कोतवाली के शुक्लाई का है। आवास विकास कॉलोनी में रहने वाली शशि शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह बाल विकास पुष्टाहार विभाग में आंगनबाडी कार्यकत्री है। उसके अधिवक्ता पति अनिल कुमार शुक्ला काफी समय से बीमार हैं और बेड पर हैं। उसने बताया कि उसने शुक्लाई में एक भूमि का बैनामा कराया था। उसके बाद उसकी बाउंड्रीवाल कराकर गेट लगवा दिया था। अब उसके पति के फोन पर सपा नेता भू माफिया मुख्तार शाह, उसकी पत्नी जकीरून्निशा और छोटू शाह कॉल कर प्लाट लिखने या फिर 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग कर रहे है। रकम न देने पर प्लाट पर कब्जा करने की धमकी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को मुख्तार शाह, उनकी पत्नी जकीरून्निशा और छोटू शाह के खिलाफ रंगदारी और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**कार्यक्रम** प्रोजेक्ट अलंकार से मूलभूत सुविधाओं की दूर होगी कमी, राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

# पौने नौ करोड़ से 18 राजकीय विद्यालयों की बदलेगी सूरत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, प्रयोगशाला जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी वाले 18 राजकीय विद्यालयों की जल्द ही सूरत बदलेगी। प्रोजेक्ट अलंकार से करीब पौने नौ करोड़ रुपये इस पर खर्च होगे। इसको लेकर 50 प्रतिशत धनराशि पहली किस्त के रूप में मिल गई है। रविवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने इसका शिलान्यास किया।

प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चयनित किए गए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी, सतरिख, सफदरगंज, देवा हैदरगढ व फतेहपुर के अलावा राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा, सुबेहा के अलावा राजकीय हाईस्कूल, रामपुर, मित्तई, रसूलपुर, मोहद्दीनपुर, भनौली, समरदा, काजी बेहटा, जारमऊ, असदामऊ बेलाहरी और चौबीसी में मूलभूत सुविधाओं को लेकर निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसमें जरूरत के अनुसार विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष, मल्टीपरपज हॉल, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल और शौचालय के कार्य शामिल हैं। आठ करोड 64 लाख 61 हजार से होने वाले इस कार्य के लिए शासन ने 50 फीसदी चार करोड़ 32 लाख 30 हजार पांच सौ की धनराशि पहली किस्त के रूप में उपलब्ध करा दी। शीघ्र ही 18 राजकीय विद्यालय में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत निर्माण कार्य शुरू होगा। इस मौके पर डीआईओएस ओपी त्रिपाठी व अन्य लोग मौजूद रहे।





राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चिह्नित विद्यालयों के कायाकल्प का शिलान्यास करते राज्यमंत्री।

# शक्तिधाम के विकास कार्यों का लिया जायजा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचारः** विख्यात आर्किटेक्ट तथा नगर फतेहपुर के निवासी अशोक वर्मा रविवार को अपनी टीम के साथ श्रीशक्तिधाम महादेव तालाब परिसर पहुंचे। उन्होंने परिसर के विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद विधायक साकेन्द्र वर्मा से भेंट कर उन्होंने परिसर के प्रस्तावित विकास कार्यों व सौंदर्यीकरण की योजनाओं पर चर्चा की। मन्दिर समिति के साथ बैठक की। प्रतिष्ठाचार्य पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री, साईं पीजी कालेज के प्रबंधक विपिन राठौर, समाजसेवी मनोज निगम, बार उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी, सभासद अनिल शर्मा के अलावा शक्तिधाम समिति के मुकेश अग्रवाल, राजेश पाठक आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : बाइक से जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी देवा भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहराइच के पखरपुर निवासी उत्कर्ष (30) बाइक से रविवार को लखनऊ जा रहा था। रात करीब 9 बजे कुर्सी-लखनऊ मार्ग पर अनवारी के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयी जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी गौरव कुमार सिह बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### एंटी रोमियो टीम ने शोहदे को दबोचा

**बाराबंकी**, अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने रविवार को दौलतपुर मजरे हजरतपुर निवासी अमन को एक महिला से छेड़खानी करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की।

### दो वांछित गिरफ्तार

**उमरी, बेगमगंज** : गोंडा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान में उमरी बेगमगंज पुलिस ने न्यायालय से फरार घोषित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थाना अध्यक्ष संजू वर्मा ने बताया कि अनीता देवी पत्नी दीप राज यादव निवासी गोपालपुर पारस पट्टी पुरवार राम अचल यादव निवासी कोटहन पुरवा ग्राम सभा बनुआ को न्यायालय के आदेश के क्रम में गिरफ्तार किया गया है।

# गठबंधन प्रत्याशी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा पीडीए : वर्मा

## सपा और कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक में दिखी इंडिया गठबंधन की ताकत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की संयुक्त बैठक में इंडिया गठबंधन की ताकत रविवार को दिखाई दी। बैठक में सपा के तीनों विधायकों समेत सपा और कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता एक साथ मंच पर दिखे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नारे पीडीए को जीत का आधार बताया गया। एक स्वर से कांग्रेस उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर था जब दोनों पार्टियों के सभी नेता एक मंच पर थे।

सपा के कद्दावर नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि पूरे देश के लोग चाहते थे कि भाजपा को हराने के लिए एक सशक्त गठबंधन बने और इंडिया गठबंधन बन गया। हमारे नेता का नारा पीडीए है। जो घर-घर पहुंच गया है। यही पीडीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा। समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता आगे निकलकर कंधे से कंधा मिलाकर गठबंधन प्रत्याशी के साथ चलेगा। हमारे तीन विधायक हैं लोकसभा क्षेत्र में पीडीए भरा पड़ा है। हमें 200 वोटों से चुनाव हरा दिया गया था लेकिन हम कुर्सी विधानसभा से दस हजार वोटों से तनुज पुनिया को जिताकर भेजेंगे।


इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री राकेश वर्मा। अमृत विचार

पूर्व लोक निर्माण मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील के साथ कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस-समाजवादी पार्टी का गठबंधन हुआ है, बीजेपी परेशान है। समाजवादी पार्टी गठबन्धन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजेगी। पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि आज हमें समाजवादी पार्टी के साथियों का साथ मिला है हम हर हाल में भाजपा को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। इंडिया गठबंधन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा को हराना ही इंडिया गठबंधन का उद्देश्य है। सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत जरूरी है और हम गठबंधन प्रत्याशी को जितवाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि यह चुनाव अगर हम किन्हीं कारणों से न जीत पाए तो संविधान खत्म हो जाएगा और इस देश में सिर्फ पूंजीपति ही राज करेंगे। सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्व सांसद रामसागर रावत ने कहा कि हमें गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए पूरी ताकत लगानी होगी। बैठक को पूर्व विधायक रतनलाल राव, रामगोपाल रावत, राजलक्ष्मी वर्मा, राममगन रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, अध्यक्ष फतेहपुर इरशाद अहमद कमर, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, नईम सिद्दीकी, आदर्श पटेल, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नेहा सिंह, आनंद, प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान मौर्य, वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश वैश्य, रामानुज यादव, कुसुमलता रावत, केसी श्रीवास्तव, सरजू शर्मा, रामहरख रावत, अजय सिंह लोधी, सरोज मौर्य, अदनान चौधरी, अजय वर्मा, बबलू, अमरनाथ मिश्रा, पूनम यादव, नसीम, कीर्ति, जंग बहादुर पटेल, कमल भल्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हफीज भारती आदि ने संबोधित किया।

### अलग बनेगा कार्यालय

बैठक में चुनाव अभियान के संचालन के लिए अलग कार्यालय बनाए जाने पर भी सहमति बनी। अभियान की कमान पूर्व सांसद रामसागर रावत को सौंपी जा सकती है। संसदीय क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण को देखते हुए गठबंधन के नेता वह हर हथकंडे अपनाने पर विचार कर रहे हैं जिसके जरिए भाजपा के अधिक से अधिक वोट बैंक को गठबंधन प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जा सके। निचले स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर वरिष्ठ नेताओं की किसी स्तर पर नाराजगी न हो, इसके लिए पूरे प्रयास रविवार की बैठक में किए गए।

## उधारी का तकादा करने पर दुकानदार को पीटा

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार**: उधारी का तकादा करने पर बकाएदार ने दुकानदार की पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराने के साथ आरोपी पर केस दर्ज किया है। मामला घुंघटेर थाना क्षेत्र का है। गनेशपुर निवासी प्रेम कुमार की बाबागंज में दुकान है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रामकुमार के यहां एक वर्ष पहले वैवाहिक कार्यक्रम था। जिसमें से खरीदे गए किराने के सामान के 24 सौ रुपये बकाया हैं। उसने कई बार रामुकमार से रुपये मांगे मगर, वह टाल देता था। रविवार को प्रेम कुमार ने रामकुमार से बकाया रुपये की मांग की। इस पर उसने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर दुकानदार प्रेम कुमार को पीट दिया।

# सिटी लॉ कॉलेज के खिलाफ जांच शुरू

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार** : बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल होने और अब तक 124 नकलची पकड़े जाने के बाद दो सदस्यीय जांच समिति ने कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि की 27 फरवरी से एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई है। इसमें बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज में रोज नकलची पकड़े जा रहे हैं। अवध विवि के मीडिया प्रभारी विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सामूहिक नकल के मामले में दो सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इसमें विधि संकाय के प्रो. एके राय और पर्यावरण विज्ञान के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला को नामित किया था। संबधित कॉलेज में दो पर्यवेक्षक भी तैनात कर कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू करा दी है। गोपनीय ढंग से चल रही जांच की रिपोर्ट कुलपति को सौंपी जाएगी। इस पर परीक्षा समिति की बैठक बुला कर निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार कॉलेज के विरुद्ध गंभीर कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें सम्बद्धता समाप्त करने जैसी कार्रवाई भी संभावित है।

# अच्छा कार्य करने वाली आशा सम्मानित

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवां में आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अच्छा कार्य करने वाली आशाओं को सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राधेश्याम गौड़ ने प्रतीक चिह्न व सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया।

आशा सम्मेलन में सराहनीय कार्य करने वाली आशा विद्यावती को प्रथम, अंजनी को द्वितीय तथा मिलन को तृतीय स्थान मिला। इसी क्रम में जैसे आभा आईडी बनाने में नीलम देवी, आयुष्मान कार्ड में सविता भारती व अन्य सभी कार्यों में उर्मिला, पुरुष नसबंदी में कलावती को सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही समस्त आशा संगिनी को भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप यादव, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अनुपमा श्रीवास्तव, बेसिक हेल्थ वर्कर इन्द्रजीत वर्मा, फॉर्मासिस्ट राम कृपाल वर्मा, आशा जय देवी, नीतू, रीतू, बृजलता, कौशिल्या, धर्मदेवी, रूपरानी, सिराजा व आशा संगिनी एवं आशाओं ने प्रतिभाग किया।



उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा को सम्मानित करते सीएचसी अधीक्षक।

# आस्था के आगे बौनी साबित हुई बारिश

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : लोधेश्वर महादेवा में महाशिवरात्रि से पहले ही मेले में शिवभक्तों का आगमन शुरू हो चुका है। सड़क से लेकर मंदिर परिसर तक और मेला क्षेत्र से लेकर बैरिकेडिंग एरिया तक बस कांवड़िए व शिवभक्त ही दिख रहे हैं। शनिवार से हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश कांवरियों की आस्था के आगे बौनी साबित हुई। रविवार को रुक-रुककर हुई बरसात के बीच कंधे पर कांवर रखे कांवरियों का जत्था महादेवा की ओर बढ़ता रहा।

8 मार्च को महाशिवरात्रि पर यहां लाखों भक्त जलाभिषेक करेंगे। प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार जुटा है। महाशिवरात्रि के मौके पर लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए दूर-दूर से कांवड़ियों का आना जारी है। प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था लगातार चाक चौबंद कर रहा है। भोर से ही जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की कतार लग जाती है।

मेला को सकुशल संपन्न कराने में उप जिलाधिकारी पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक, थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय, महादेव चौकी इंचार्ज एवं मेला प्रभारी संतोष त्रिपाठी लगातार मेले का भ्रमण कर रहे हैं। हालांकि बरसात की वजह से मेला क्षेत्र में जगह-जगह जलजमाव हो गया है। इससे भक्तों को परेशानी हो रही है।


बारिश के बावजूद लोधेश्वर महादेवा की ओर बढ़ता कांवरियों का जत्था।

# बेकाबू डीसीएम पलटी बड़ा हादसा टला

**बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : बिहार से प्लाई लादकर दिल्ली जा रही डीसीएम रविवार को देवीगंज-सुबेहा मार्ग पर ई- रिक्शा को बचाने में असंतुलित होकर पलट गयी। हालांकि चालक को मामूली चोट आने के साथ बड़ा हादसा टल गया।

हादसा रविवार की सुबह असंद्रा थाना क्षेत्र में देवीगंज - सुबेहा मार्ग पर घटमापुर गांव के मोड़ के समीप हुआ। बिहार से दिल्ली जा रहा डीसीएम ई रिक्शा को बचाने के प्रयास में पलट गयी। गनीमत रही की आस-पास दूसरे वाहन नहीं थे। ऐसे में बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक अस्पताल में उपचार करवाया। पलटी डीसीएम को मार्ग से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।


घटमापुर के पास पलटी डीसीएम।

## सार-संक्षेप

### 55 फिट गहरे कुएं में गिरे सांड़ की बचायी जान


सांड़ को कुएं से निकालते दमकल कर्मचारी। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : गांव के एक वर्षो पुराने कुएं में सांड़ गिर गया। इसे निकालने के लिए गांव के लोगों के साथ दमकलकर्मियों को लगभग कई घंटे की जद्दोजहद करनी पड़ी। शनिवार को देर रात 55 फिट गहरे कुएं में गिरे सांड़ को कुएं में पानी भरकर जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। इस दौरान सांड़ को मामूली चोटें भी आई हैं। ग्राम पंचायत बाजपुर में एक घर के पास वर्षों पुराना एक कुआं है। जहां शनिवार देर रात एक सांड़ 55 फिट गहरे कुएं में जा गिरा। इसमें बहुत पानी नहीं था। यह देखते ही मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में कुएं के पास इकट्ठा हो गए। जिन्होंने इसकी सूचना तत्काल दमकलकर्मियों को दी। ग्राम वासियों के साथ फायर ब्रिगेड के इंचार्ज चन्द्र भूषण शुक्ला ने अपनी टीम के साथ सांड़ को कुएं से बाहर निकालने की जद्दोजहद की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सबमर्सिबल पंप की मदद से पाइप लगाकर कुएं में पानी भरा गया। बड़ी जद्दोजहद के बाद सांड़ को कुंए से बाहर निकाला जा सका। कुएं से बाहर निकालने के दौरान सांड़ को पिछली टांगों में मामूली चोटें आयी हैं।


कुएं में गिरा सांड़।

# मारपीट की घटनाओं में आठ लोगों पर केस

**मनकापुर, गोंडा**

**अमृत विचार**: रास्ते के विवाद में दो अलग-अलग गांव के आठ लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

क्षेत्र ग्राम मिश्रौलिया गोसाई के मजरा नगराडीह के रहने वाले धर्मेन्द्र यादव पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि क्षेत्र के ग्राम मछली गांव के ही विपक्षी ननकू, चरगे, सादिक व अब्दुल्ला ने एक राय होकर घर जाते समय रास्ते में रोक करके लाठी डंडे व मूका थप्पड़ से मारा पीटा। पुलिस ने उक्त चार लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम अम्बरपुर के मजरा बड़की खेसरी के रहने वाले बब्बन ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि बीते शनिवार की देर सायं अपने खेत से घर जाते समय गांव के ही जगदम्बा, दिनेश, कमलेश व पुष्पा देवी ने रास्ता रोक कर कहा कि इधर से क्यों जा रहे हो।

इस पर उसे रोकने का कारण पूछने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि दोनों पीड़ित की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मार-पीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# वन्यजीवों की करनी चाहिए रक्षा

**विश्व वन्य जीव दिवस**

▸▸ घाघरा नदी में छोड़े गए घड़ियाल के 75 बच्चे

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : रामसनेहीघाट वन रेंज में रविवार को नारायणपुर पौधशाला पर विश्व वन्य जीव दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। रेंजर संतोष कुमार मिश्रा ने वन्य जीवों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए। वन्य जीवों की रक्षा करने का हर मनुष्य को संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर अनुभाग अधिकारी ओपी यादव, सदर बीट प्रभारी ऋषभ शर्मा, वन दरोगा अली मोहम्मद, प्रवीण तिवारी, राम करण, वन विभाग के स्टाफ के साथ बनी कोडर के ग्रामवासी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर वन विभाग द्वारा रामनगर क्षेत्र की घाघरा नदी में विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर लखनऊ के घड़ियाल पुर्नवास केंद्र कुकरैल से लाए गए 75 घड़ियाल के बच्चों को छोड़ा गया। इनमें 15 नर और 60 मादा बच्चे शामिल रहे।


वन्य जीव दिवस के अवसर पर घाघरा नदी में घड़ियाल के बच्चों को छोड़ते वन विभाग के कर्मचारी।

**बदलाव** — नए शैक्षिक सत्र से की जाएगी शुरुआत, स्मार्ट क्लास व तनावमुक्त वातावरण में पढ़ाई से छात्रों का होगा कौशल विकास

# कक्षा एक व दो के बच्चे पढ़ेंगे एनसीईआरटी की किताबें

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : नौनिहालों को तनावमुक्त वातावरण में रोचक ढंग से पढ़ाई और कौशल विकास को लेकर अब राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबें परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई जाएंगी। अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र 2024-25 से यह नई व्यवस्था पहले कक्षा एक व दो के नौनिहालों की पढ़ाई पर लागू होगी। हालांकि जिले में अब तक कक्षा एक और दो की एनसीईआरटी की किताबें पहुंची नहीं है। पुस्तकें आने के बाद उनका वितरण नौनिहालों को किया जाएगा।



बेसिक शिक्षा विभाग के जिले में 2636 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें 1792 प्राथमिक, 475 पूर्व माध्यमिक और 369 कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें से प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय में करीब एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं कक्षा एक और दो में शिक्षा प्राप्त करते हैं। अभी तक कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चे एससीईआरटी (स्टेट कॉउंसिल ऑफ एजूकेशनल रिसर्च एंड ट्रेंनिग) की किताबें पढते चले आ रहे हैं। मगर, अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की एकरूपता को लेकर इसमें चरणबद्ध तरीके से बदलाव किया जा रहा है। नए शैक्षिक सत्र में कक्षा एक और दो में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। इसके बाद कक्षा तीन से आठ तक के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। ताकि नौनिहालों को प्राथमिक स्तर से ही राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए गए पाठ्यक्रम को पढ़ने का अवसर मिले। एनसीईआरटी की पुस्तकों में छात्रों को तनावमुक्त वातावरण में पढ़ाई कराने और कौशल विकास पर जोर दिया गया है। इसके लिए परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से रोचक ढंग से पढ़ाई कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम के लागू होने से नौनिहालों को क्षेत्रीय व मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा मिलेगा।

### माध्यमिक के छात्र पढ़ रहे एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम

अब तक माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों को एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है। अब नए शैक्षिक सत्र से परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो के बच्चों को एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जाएंगी।

### बच्चों को उपलब्ध करायी जाएंगी पुस्तकें

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की एकरूपता को लेकर इस बार परिषदीय स्कूल के कक्षा एक और दो के बच्चों को एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार पाठ्यक्रम नौनिहालों को पढ़ाया जाएगा। किताबें आने के बाद छात्रों को उनका वितरण कर नए शैक्षिक सत्र से पढ़ाई कराई जाएगी।

**-संतोष कुमार देव पाण्डेय**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

# सूर्य योजना से रोशन होंगे घर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**सर्वे शुरू**

▸▸ 40 प्रतिशत की सब्सिडी देगी केंद्र सरकार

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से अब गांव से लेकर शहर तक के घर रोशन होंगे। योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी के घर की छत पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। हालांकि इससे पहले ऐसे लोगों को सूचीबद्ध करने के लिए सर्वे का काम कॉमन सर्विस सेंटर को मिला है।

योजना के तहत करीब देश के एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जाना है। इसका सर्वेक्षण कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रारंभ हो चुका है। इस योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके इसके लिए भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय द्वारा सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (कॉमन सर्विस सेंटर )के माध्यम से सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। इस सर्वे में जो भी लोग अपने घरों में सौर ऊर्जा का प्लांट लगाना चाहते हैं उनकी जानकारी ली जा रही है। वहीं स्वयं भी नजदीकी सीएससी सेंटर से संपर्क कर अपना सर्वे फॉर्म भर सकते हैं जो पूरी तरह से मुफ्त है।

सीएससी जिला समन्वयक शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह एक बेसलाइन सर्वे है। जिसमें जनता की रुचि दर्ज की जा रही है। सर्वे के लिए पिछले 6 माह तक का कोई भी पुराना बिजली का बिल और अपनी छत की फोटो देना आवश्यक है। योजना के तहत घरों मे सोलर पैनल लगने के बाद उसमें 40 प्रतिशत कीक सब्सिडी केंद्र सरकार देगी। इस योजना में जिनके घर में बिजली का कनेक्शन है और घर पक्का है वह सभी उपभोक्ता इस योजना के तहत सर्वे करवा सकते हैं। वहीं सीएससी के जिला प्रबंधक रवि वर्मा ने बताया कि अब तक लगभग 200 से अधिक केंद्र संचालकों द्वारा यह कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही रविवार को हरख ब्लॉक के ग्राम पंचायत गाल्हामऊ के अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव में केंद्र संचालक रंजीत वर्मा द्वारा ग्रामीणों को एकत्र कर जानकारी दी गई।

## रामलला के सहारे नेताओं की माननीय बनने की चाहत

**संवाददाता, रायबरेली,** । अयोध्या में भव्य भगवान राम का मंदिर बनने के बाद पूरे देश में राममय माहौल है। भक्ति और आस्था से परिपूर्ण वातावरण में लोग अपने आराध्य को पाने के लिए तरह-तरह के काम कर रहे हैं। अयोध्या की चर्चा इस समय पूरी दुनिया में है। मंदिर से उठे शोर ने देश और प्रदेश की सियासी गलियों में भी हलचल मचा रखी है।

रामलला के सहारे नेता 'माननीय' बनने की जुगत में लगे हुए है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से नेताओं और उनके समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक रील्स खूब धूम मचा रही है। जिसमें रामलला जी कृपा करो, जब आई अगले साल, बनी सांसद/विधायक आई अवध में लागे प्रोटोकाल। इससे जाहिर है कि इस रील्स और गाने के माध्यम से नेताओं ने भगवान राम के सहारे अपनी चुनावी नैया पार करने की पूरी कोशिश में लगे हुए हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर देश और प्रदेश की राजनितिक पार्टियां मतदाताओं को अपने पाले में रिझाने के लिए पूरी तरीके से लगे हुए हैं। जिसके लिए हिन्दू आस्था से जुड़े भगवान राम के भक्ति गाने के जरिये जीतने की जोर आजमाइश में लगे हैं।

खास कर यह रील्स भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिल जाता है। लेकिन अब तो अधिकतर राजनीतिक पार्टियों के भावी उम्मीदवार और उनके समर्थकों के अकाउंट पर यह रील्स मिल जाएगी। रामलला के माध्यम से हिन्दू मतदाताओं को साधने के लिए यह राजनीतिक तड़का इस समय खूब सराहा जा रहा है।

## गढ़ में घेरने की भाजपा की किले बंदी, कांग्रेस अभी शांत

रायबरेली, संवाददाता

- इस बार रायबरेली सीट का चुनाव होने वाला है काफी दिलचस्प
- कांग्रेस की ओर चुनाव को लेकर नहीं रही खास दिलचस्पी

**अमृत विचार।** कांग्रेस की परंपरागत सीट रही रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा जाने के बाद कांग्रेस खेमे में शांति दिख रही। जबकि भाजपा लगातार हमलवार है।

भाजपा की तरफ से इस बार कांग्रेस के गढ़ को भेदने की कडी चुनौती है। पहले से ही राहुल गांधी की सीट को जीत से लबरेज भाजपा इस बार रायबरेली से भी कमल खिलाने के लिए अपनी राजनीतिक गोटे बिछाने में समय नहीं जाया कर रही है। जबकि कांग्रेस की ओर इस बार अब तक चुनाव को लेकर खास दिलचस्पी नजर नही आई। भाजपा लगातार इस सीट पर नजरें लगाये हुए है और पंद्रह दिनों के भीतर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय परिवहन व सड़क राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तक जहां करोड़ों की सौगात देकर जन सभाओं को भी सम्बोधित कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आलावा कोई बड़ा आयोजन अब तक नही हुआ है। सोनिया गांधी की भावुक चिट्ठी के बाद कांग्रेस की ओर से माहौल शांत नजर आ रहा है।

गांधी परिवार के लिए परम्परागत सीट माने जाने वाली रायबरेली में फिर से परिवार के ही सदस्य को उतारे जाने की मांग भी हो रही। ऐसे में माना जा रहा कि प्रियंका गांधी अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाएगी, लेकिन कांग्रेस की चुप्पी से राजनीतिक गलियों में फिलहाल सन्नाटा ही नजर आ रहा है। वही अगर भाजपा की बात करें तो उनके नेता लगातार बड़े आयोजन कर जनता के बीच अपनी बातों को रख रहे है। इस बार रायबरेली सीट का चुनाव भी काफी दिलचस्प माना जा रहा है।

# बारिश से किसानों की बढ़ी धड़कनें

रायबरेली, संवाददाता




शिवेंद्र सिंह


सीताराम


शिवम मिश्रा


अमरेंद्र सिंह

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात से शुरू हुई बरसात के बाद किसानों में मायूसी छा गई। खेतों में खड़ी गेंहू व सरसों की फसलों के गिर जाने से उनके उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव भी दिखेगा इस बारिश से गेंहू, आलू, सरसों व सब्ज़ियों की फसलों पर प्रभाव पड़ेगा।

शुक्रवार की रात से शुरू बूंदाबांदी के बाद शनिवार की सुबह मौसम और खराब हो गया लेकिन रविवार को भी आसमान में बादल छाए रहे इतना ही नही कई जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई। इससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई है। किसानों को अब उपज प्रभावित होने की आशंका सता रही है। वही आगे भी मौसम साफ होने की आसार अभी नही हैं। मौसम में चल रहे लुकाछिपी के खेल से किसान काफी चिंतित हैं। उन्हें यह डर सता रहा है कि अगर जल्दी मौसम नहीं साफ हुआ तो उनकी मेहनत फसल के साथ ही डूब जाएगी। वहीं अभी मौसम से निजात मिलने की भी उम्मीद कम ही दिखाई दे रही है। महराजगंज क्षेत्र के किसान अमरेंद्र सिंह ने बताया कि ऐसे समय हुई बरसात से गेंहू की अधपकी फसल गिर गई है। जिससे उसका उत्पादन घटेगा। बबुरिहा गांव के किसान शैलेन्द्र ने बताया कि उनकी लगभग एक हेक्टेयर गेंहू की फसल गिर गई है। फसल गिरने से गेंहू के उत्पादन पर विपरीत असर पड़ेगा।

तेज हवा के साथ बारिश हुई। इससे गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। वहीं दलहन और तिलहन को भी नुकसान हुआ है। किसान शिवम व सीताराम का कहना है कि जब खेतों में पानी की जरूरत होती है उस समय बारिश नही होती है। इस समय खेतों में अलग-अलग फसलें तैयार है किसान उसको समेटने के लिए परेशान ऐसे में रुक रुक हो रही बरसात ने समस्या बढ़ा दी है। वही फसल खराब होने से किसानों के माथे पर चिंता रेखा उभर आई है।

## दो पक्षों में मारपीट पांच लोग घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** दरवाजे पर ट्रक खड़ा करने को लेकर शनिवार की देर रात दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। एक-दूसरे के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने चार महिलाओं समेत आठ लोगो के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे चूनू, रुद्र नगर की है। गांव निवासी प्रथम पक्ष मंजू देवी पत्नी राजेश ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ट्रक खड़ा करने को लेकर शनिवार देर रात्रि गांव के ही संतोष पुत्र राम नरेश, राम नरेश पुत्र बाबूलाल, आरती पत्नी संतोष कुमार व श्यामावती पत्नी राम नरेश भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। मना करने पर विपक्षियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया व जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में शिवम व उसकी पत्नी मंजू चोटिल हो गए। कोतवाली पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के खिलाफ दी गई। तहरीर के आधार पर चार महिलाओं समेत आठ के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी के आदेश को पलीता लगा रहे हैं जिम्मेदार

- अवैध वाहन स्टैंड को बन्द कराने के दिए थे निर्देश, 15 दिन बाद भी कार्रवाई शून्य

महराजगंज, रायबरेली


वाहन स्टैंड पर खडे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में एक वाहन स्टैंड की नीलामी कराकर तीन-तीन वाहन स्टैण्ड चलाए जाने का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना है। जिन पर की जा रही अवैध वसूली के विरोध में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कस्बे के एक व्यापारी ने जिलाधिकारी से शिकायत कर इन वाहन स्टैंडों को हटाने एवम अवैध वसूली को बंद कराने की जिलाधिकारी से मांग की थी। जिस पर डीएम ने अवैध संचालित स्टैंडों को बंद करने का आदेश दिया। लेकिन जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी इन अवैध वाहन स्टैंडों को नहीं हटाया जा सका। कस्बे में बछरावां, इन्हौना हैदरगढ़ मार्ग के लिए वाहन स्टैंड बनाए गए है।

मानक को ताख पर रख कर संपूर्ण कस्बे में ये डग्गामार वाहन इधर-उधर सड़कों पर खड़े नजर आते हैं। जिलाधिकारी के पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवस में कस्बे के समशुल हक की शिकायत पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अवैध वाहन स्टैंडों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। लेकिन नगर पंचायत की अनदेखी के चलते 15 दिन बीत जाने के बाद भी उनके आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। अधिशाषी अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने बताया कि जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि मामले में अधिशाषी अधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई है।

## सार-संक्षेप

### न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव बसावनखेड़ा में विगत 12 अक्टूबर को जमीनी विवाद में माता-पिता और भाई-बहनों ने बेटे और बहू को लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट में बेटे का हाथ भी टूट गया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर घटना के लगभग साढ़े चार माह बाद नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बसावनखेड़ा निवासी मनोज कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पिता रामधनी पैतृक जमीन बेंचकर पैसा बर्बाद कर रहे हैं। जिसका विरोध करने पर पिता रामधनी, मां शिवपती, भाई शिवम और बहनें अनीता, विनीता नाराज रहते हैं। विगत 12 अक्टूबर को इसी सिलसिले में सभी लोगों ने गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर उसे गम्भीर रूप से घायल कर उसका हाथ तोड़ दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** बाइक की टक्कर से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार को सोथी गांव के पास सड़क किनारे जा रहे राजापुर जमोलिया गांव निवासी सुशील कुमार को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आस पास मौजूद लोगों ने सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### रंजिश में युवक को पीटने का लगाया आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** पुरानी रंजिश के कारण एक युवक को उसके ममेरे भाइयों ने जमकर मारा पीटा है और उसकी कार में तोड़फोड़ की है। यह घटना उस समय हुई जब पीड़ित बारात में अपनी गाड़ी से दूल्हा लेकर गया था। क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी मंजेश कुमार का कहना है कि वह अपने ममेरे भाई की शादी में अपनी कार से दूल्हा लेकर अदलाबाद गांव से जसौली गांव बारात गया हुआ था। जहां पुरानी रंजिश के कारण अन्य ममेरे भाई उससे भिड़ गए और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसकी कार में भी तोड़फोड़ की, जिससे उसकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है।

### सतसंग में बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए साथ संतों ने सत्संग में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा विजय बहादुर द्वारा सत्संग की अध्यक्षता की गई। जिसमें महात्मा ने कहा है कि संत महापुरुष हमेशा एक दिखाने वाली जिंदगी से दूर रहते हैं और संसार को यही सीख देते हैं। अगर हमें भक्ति वाला जीवन जीना है, तो फिर हमें कोई दिखावा नहीं करना है। हमारे हर कर्म पर इस प्रभु परमात्मा की नजर बनी हुई है। तन की चोरी मन की चोरी जाने चित की चोरी इसमें क्या छिपा है। जिनके हाथ में है डोरी। इससे हम कुछ भी छुपा नहीं सकते। इस मौके पर राम प्रसाद, हरकेश मिश्रा, आशुतोष मिश्र, महेश दत्त, महेश कुमार, राम सुमेर, राज कपूर, राम विशाल, रूपेश, साधना व बबीता आदि साथ संगत मौजूद रहे।

### अधिकारियों की मिलीभगत से हरे पेड़ों पर चल रहा आरा


खेत में पड़ी कटी हुईं लकड़ियां। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे चौरिहन में पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों के मिलीभगत के चलते ठेकेदारों द्वारा बिना परमिट के हरे महुआ के कई पेड़ काट डाले सूचना के बावजूद भी कोई मौके पर नही पहुंचा, जिसको लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। रविवार को पूरे चौरिहन गांव में एक ठेकेदार द्वारा बिना परमिट के कई हरे महुआ के पेड़ काट डालें। जिसमें पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत के चलते लगातार क्षेत्र में हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार वन विभाग व पुलिस कर्मियों को सूचना दी जाती है। लेकिन ठेकेदार से मोटी रकम लेकर मौके पर नही पहुंचते हैं। ठेकेदार तब तक अपनी मोटी लकड़ी उठाकर लेकर चला जाता है। इस बाबत डलमऊ बन रेंजर मोहम्मद अकबर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पेड़ काटने की सूचना मिली है। जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी।

### कस्बे में मनाई गईं त्रिमूर्ति शिव जयंती

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बा स्थित स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। आयोजन से पहले सैंकड़ों महिलाओं के साथ प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने कलश यात्रा भी निकाली गई। रविवार को स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर में ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने शिव ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मन को शुद्धता मिलती है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था की जिला प्रमुख ज्योति ने कहा कि उनका परिवार लगातार लोगो को शिव के प्रति समय देने के लिए प्रेरित करती है। लोगो को अपने मन को शुद्ध करके शिव की आराधना करना चाहिए।

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**सेमरी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बसावन खेड़ा गांव निवासी मनोज कुमार ने पुलिस से इंसाफ न मिलने पर अदालत का सहारा लिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 12 अक्टूबर 2023 को सुबह लगभग छह बजे वह अपने पिता से बात कर रहा था। तभी गांव के ही रामधनी पुत्र भगवानदीन, शिवकली पत्नी रामधनी, अनीता पत्नी रवि, विनीता पत्नी राजवीर, शिवम पुत्र रामधनी जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारने लगे। चीख पुकार सुनकर बीच बचाव करने आई पत्नी प्रतिमा को भी दबंगों ने मारा पीटा, जिसमें मेरा हाथ टूट गया था, जिसकी शिकायत खीरों थाने में करने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर रविवार को पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इस संबंध में खीरो थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि न्यायालय के आदेश पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अर्द्ध सैनिक बलों के साथ पुलिस ने किया रूट मार्च

रायबरेली, संवाददाता


रूट मार्च करते पुलिस के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक दलों की सरगर्मियां बढ़ी हुई है। वहीं प्रशासन भी चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। इसी उद्देश्य को लेकर रविवार को शहर में अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर रूट मार्च किया। दोपहर में निकले रूट मार्च की अगुवाई एसडीएम सदर मिथलेश त्रिपाठी व सीओ सदर अमित सिंह ने की।

नगर कोतवाली से शुरू हुआ पुलिस का रूट मार्च शहर के आधा दर्जन मोहल्लों व मुख्य मार्गों पर निकला। वहीं यह रूट मार्च वापस कोतवाली से ही सम्पन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को बिना भय के निष्पक्ष मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रूट मार्च के जरिये पुलिस प्रशासन ने लोगो को एहत्माद दिलाया कि प्रशासन आपके साथ है। किसी भी प्रकार के भय और डरने की जरूरत नही है। वही अराजक तत्वों को भी तकीद कराया कि उनके मंसूबों को किसी भी कीमत पर कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। रूट मार्च में शहर कोतवाल राजेश सिंह सिंह सहित चौकी इंचार्ज रहे।

## आरोग्य मेले में 65 मरीज का किया गया उपचार

**जगतपुर, रायबरेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 65 मरीज ने पंजीकरण कराया। रविवार को शासन के दिशा निर्देश पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हरदी टीकर प्राथमिक स्वास्थ्य में किया गया, जिसमें 65 मरीज ने पंजीकरण करवाया। आरोग्य मेले में डॉक्टर सुफैल अहमद द्वारा आए हुए मरीजों का उपचार किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सुफैल अहमद ने बताया कि आए हुए मरीजों को उपचार के बाद निशूल्क रूप से दवाइयां दी गई है।

## महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में रविवार दोपहर महिला ने अपने मकान की दूसरी मंजिल के कमरे की छत के लोहे की पाइप से दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के समय मृतका की मां और उसके छोटे छोटे दो मासूम बच्चे ही घर पर मौजूद थे।

रविवार को रूकसाना पत्नी असफाक ने लगभग 11 बजे के करीब अपने घर के दूसरी मंजिल के छत पर टीन शेड की पाइप से दुपट्टा बांध कर फांसी के फंदे पर झूल गई। घटना के दौरान मृतका की मां खलीकुन निशा मासूम बच्चे अरबाज (8) और अलीशा (7) घर पर मौजूद थी।

फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मृतका की मां ने स्थानीय ग्रामीणों को दी। वही सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का कहना है कि मृतका बीते आठ वर्षों से वह दिमागी रूप से परेशान थी, जिसकी दवा भी चल रही है। असफाक ने बताया की 17 फरवरी को ही सलोन से मुंबई लौटा हूं। पत्नी ने ऐसा कदम क्यों उठाया उसे नही मालूम है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया की मृतका दिमागी रूप से अर्ध विक्षिप्त थी। मामले में जांच की जा रही है।

## मवेशी को बचाने में अनियंत्रित हुआ ट्रक, डिवाइडर पर चढ़ा

सेमरी, रायबरेली

**अमृत विचार।** खीरो थाना क्षेत्र के उन्नाव से लालगंज मुख्य मार्ग एनएच 232 ए पर रविवार को सेमरी चौराहे के पास आवारा मवेशी को बचाने के चक्कर में एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। जिससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

गौरतलब है कि बनारस से चावल लेकर हरियाणा प्रांत के करनाल जा रहे ट्रक के चालक मोहम्मद इकराम पुत्र मुन्ना निवासी गांव दुर्गावती भभुआ बिहार निवासी ने बताया कि वह ट्रक लेकर जा रहा था।

इसी दौरान अचानक एक मवेशी सामने आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित हो गया था। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ, क्योंकि इस मार्ग के बनने के बाद सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ी है, लेकिन घटना के समय सड़क पर सन्नाटा था। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को रास्ते से हटाया जा सका।

अभियान | अखिलेश पटेल ने कहा- भाजपा सरकार में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे किसान

# रानीखेड़ा में पूर्व एमएलसी ने सुनीं समस्याएं

शिवगढ़, रायबरेली


रानीखेड़ा में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते पूर्व एमएलसी।

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत क्षेत्र के रानीखेड़ा में पूर्व एमएलसी एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर जनसम्पर्क करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं गिनाई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास के सिद्धान्त पर कार्य कर रही है, जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री अखिलेश पटेल, ग्राम प्रधान विकास यादव द्वारा किया गया। पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि भाजपा सरकार में बगैर किसी सिफारिश के पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अन्य सरकारों में सिर्फ सिफारिश वाले लोगों को ही योजनाओं का लाभ मिल पाता था, जिससे अपात्र लाभान्वित हो जाते थे और पात्र योजनाओं से वंचित रह जाते थे।

चौपाल में किसानों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि आंधी और बारिश से गेहूं की अधिकांश फसल गिरकर चौपट हो गई है जिससे किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। श्री सिंह ने कहा कि किसानों की इस समस्या को वे कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखेंगे। वहीं शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.जीबी सिंह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। अखिलेश पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा मण्डल प्रभारी अशोक कुमार, रामसिंह, विजय सिंह, डा. रामसंकर वर्मा, दिनेश कुमार, अरविन्द सिंह, सूर्जपाल आदि मौजूद रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# जलभराव की समस्या से मोहल्ले को मिली निजात

**संवाददाता, रायबरेली।** रविवार को शहर के प्रताप नगर बैहराना क्षेत्र के लोगों ने पानी निकासी की समस्या से निजात मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी की खूब प्रशंसा की है। बैठक में लोगों ने बताया कि मोहल्ले के बसने से लेकर कुछ समय पूर्व तक नालियों के पानी का निकास नही था। रास्ते पर भी पानी भर जाता था। मोहल्ले वालों को घर से निकलना भी मुश्किल हो गया था।

कई बार अधिकारियों से इस प्रकरण की शिकायत की लेकिन समस्या को अनदेखा कर दिया गया। जिससे काफी परेशानी हो रही थी, वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष और अधीशाषी अधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए निराकरण करने का आश्वासन दिया। अब समस्या से निजात मिल गया है। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत ठाकुर सिंह, दुर्गेश नंदिनी, राजकुमार, चंद्रभान शर्मा, वीरेंद्र बहादुर सिंह, निहाल सोनकर, क्रिस सोनकर, सीमा, राजन सोनकर, कोमल, सुंदरलाल आदि ने खुशी जताई है।

# सीएम की सौगात: 34 माध्यमिक विद्यालयों का होगा कायाकल्प

**प्रोजेक्ट अलंकार योजना से 1849.50 लाख रुपये अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनाने में होंगे खर्च**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली जिले में 1849.50 लाख रुपए से 34 माध्यमिक विद्यालयों में बनने वाले अतिरिक्त कक्षा कक्ष का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिए 34 माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शौचालय, अतिरिक्त कक्षाएं, भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, मल्टीपरपज हाल के साथ-साथ पुस्तकालयों का निर्माण कराया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने कहा है कि इस योजना के लागू हो जाने से विद्यालय सुंदर व स्वच्छ दिखेंगे, जिससे पढ़ाई की व्यवस्था सुविधाजनक होगी और छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि होगी।



वर्चुअल लोकार्पण में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा व अन्य।

भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कायाकल्प से विद्यालय की व्यवस्था बेहतर होगी। इस दौरान वर्चुअल लोकार्पण का एनआइसी में लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इसमें जिले के अफसर मौजूद रहे।

**होने वाले प्रमुख कार्य**

- स्वच्छ पेयजल की सुविधा 4.57 लाख से 22 विद्यालयों में
- शौचालय ब्लॉक 44.03 लाख से पांच विद्यालयों में
- अतिरिक्त कक्षाएं 17.46 लाख से 10 विद्यालयों में
- भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला 17.55 लाख से एक विद्यालय में
- जीव विज्ञान प्रयोगशाला 16.73 लाख से तीन विद्यालयों में
- मल्टीपरपज हाल 47.46 लाख से 22 विद्यालयों में
- पुस्तकालय 18.56 लाख से 13 विद्यालयों में

# मलके गांव बाजार में राज्यमंत्री ने 58 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने शनिवार को विकास क्षेत्र के मलके गांव बाजार में 58 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सेवा ही मेरे जीवन का संकल्प है, क्योंकि जनपद के 988 गांव में विकास कार्य कराया है। यहां मेरी सेवा के निशान मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव हारने के बाद विकास को प्राथमिकता दी है। इससे यह चिराग आप सबसे अपेक्षा रखता है।



परियोजनाओं का लोकार्पण करते राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह। अमृत विचार

गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि गांधी परिवार कभी भरोसे पर खरा नहीं उतरा। अमेठी को दरकिनार कर राहुल गांधी वायनाड चले गए। चुनाव हारने के डर से सोनिया गांधी राज्यसभा चली गई। इस परिवार का सिर्फ स्वार्थ का रिश्ता है, जबकि रायबरेली के हम हैं और रायबरेली हमारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में आपकी गाढ़ी कमाई व देश सुरक्षित है। उन्होंने यह भी कहा कि एक साथ 58 परियोजनाओं के शिलान्यास का लोकार्पण किसी भी जनपद में आज तक नहीं किया गया है। इसके बाद उन्होंने अबकी बार 400 पार का नारा भी बुलंद किया। अध्यक्षता प्रमोद पांडेय व संचालन डॉक्टर अशोक त्रिवेदी व राम प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, डॉक्टर अनिल सिंह, तेज प्रताप सिंह, अनूप पांडेय, यतीम सिंह, घनश्याम सिंह, खिन्नी सिंह, विजेता सिंह, मनोज सिंह, कामता सिंह, सर्वेश कुमार, अतुल सिंह, बच्चा सिंह, पंकज, सुशील सिंह, शीलू सिंह, ऋषी सिंह, रिंकू सिंह, लल्लू, योगेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, राजेंद्र विश्वकर्मा, सविता गोविंद आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या धाम दर्शन को राज्यमंत्री ने उपलब्ध कराई बस

**लालगंज, रायबरेली।** प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम दर्शन के लिए रविवार को प्रत्येक विधानसभा में बस उपलब्ध कराई है। उन्होंने पूर्व में ही घोषणा कर दी थी कि वह निशुल्क रायबरेली जनपद के लोगों को अयोध्या धाम ले जाएंगे और श्री राम लला का दर्शन करवाएंगे। उसी कड़ी में रविवार को सरेनी विधानसभा के गेगासो मंडल सहित पांचो विधानसभाओं से श्रद्धालुओं से भरी बस अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं के अगुवाकार पूर्व प्रधान संतोष सिंह, मदन मिश्रा, डॉक्टर चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं में भगवान राम लला के प्रति अपार श्रद्धा है। उन्होंने बताया कि अगले रविवार को बस फिर से जाएगी। इस मौके पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, युवा मोर्चा महामंत्री मृत्युंजय बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

शिवगढ़, रायबरेली।

**बांदा-बहराइच हाईवे पर तरौंजा के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत हाईवे बांदा - बहराइच हाइवे पर स्थित तरौजा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 बाइक सवार 2 युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाया गया, जहाँ एक युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार की देर रात हाईवे मार्ग बांदा - बहराइच तरौजा के पास कोतवाली हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी निवासी सुमित व वीरू सिंह दोनों निमंत्रण से वापस बाइक से अपने घर जा रहे थे। तभी तरौंजा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे वहां मौजूद लोगों द्वारा एम्बूलेंस से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

जहां सुमित को मृत घोषित कर दिया, वही वीरू सिंह की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से ट्रामा सेन्टर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी, मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

**संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ और जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में शनिवार को जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेलर हिमांशु रौतेला से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**सरेनी, रायबरेली।** शनिवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लालगंज पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के सराय बैरियाखेड़ा गांव निवासी पवन सिंह (22) पुत्र सूरज बक्श सिंह उर्फ टीटी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन ने लालगंज सीएचसी ले गए, जहां से हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा जनता से लेगी सुझाव

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जानता पार्टी सिविल लाइंस स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पर विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के तहत संकल्प पत्र संकलन एवं वीडियो वैन को लेकर बैठक हुई। इस दौरान ज़िलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की।उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए भाजपा द्वारा पूरे देश में "संकल्प पत्र सुझाव अभियान"आरंभ किया गया।

एलईडी वैन के माध्यम से विधानसभावार प्रतिदिन 10 कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र में लगभग दो सौ कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विकसित भारत मोदी की गारंटी वैन के साथ भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। साथ ही सुझाव पेटिका भी रहेगी। इस अभियान के माध्यम से भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु लोगों के सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। यह अभियान 5 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा।

ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बताया कि इसके लिए ज़िला अभियान समिति बनेगी। ज़िला स्तर पर एक संयोजक, दो सह संयोजक होंगे, जिसमें से एक ज़िला पेटी प्रभारी होगा। लोकसभा में दो एलईडी प्रचार वाहन लोकसभा संयोजक होगा।

# संपर्क अभियान के तहत पूर्व विधायक ने किया जनसंपर्क

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने लालगंज नगर के आचार्य नगर, सर्वोदय नगर में लाभार्थियों से विशेष संपर्क किया। इस दौरान लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी का स्टीकर घर पर चिपकाकर देश वासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पत्र सौंपते हुए भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया। लाभार्थियों से घर-घर संपर्क करके मोदी सरकार के 10 वर्ष की लाभकारी योजनाओं का पत्रक देकर उनके घर पर लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी का स्टीकर चिपकाकर भाजपा के टोल फ्री नंबर पर लाभार्थी किसानों आदि से उनके मोबाइल नंबर से मिस काल कराकर उनके साथ सेल्फी लेकर सरल एप एवं नमो एप पर लोड कराकर लाभार्थी संपर्क विशेष अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# ऊंचाहार में सर्विस रोड और गहरी नालियों का जल्द होगा निर्माण: अजय अग्रवाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल तथा भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक आरएस यादव से उनके कार्यालय में भेंट की और ऊंचाहार नगर में फ्लाईओवर बनने के बाद सर्विस रोड व नालिया न बनाए जाने के कारण क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही उक्त कार्य तुरंत कराए जाने के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।



आरएस यादव को ज्ञापन सौंपते भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय अग्रवाल।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने परियोजना निदेशक को बताया कि नगर पंचायत ऊँचाहार, लखनऊ-प्रयागराज मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिसमें निकाय सीमान्तर्गत नाली न होने के कारण रोड के किनारे बारिश का पानी एवं घरों से निकलने वाला गन्दा पानी सड़क के किनारे फैला रहता है जिससे संक्रामक रोगों का गंभीर खतरा बन गया है। अजय अग्रवाल ने बताया कि अलग-अलग तीन जगह पर करीब एक किलोमीटर सर्विस लेन का निर्माण तथा ढाई किलोमीटर गहरी नाली का निर्माण ऊंचाहार नगर सीमा अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर किया जाना है।

# शुरू हुआ पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में गायत्री परिवार शक्तिपीठ रायबरेली (शांति कुंज हरिद्वार) के द्वारा करवाए जा रहे 24 कुंडीय पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ के पहले दिन रविवार को सुबह कलश यात्रा से पहले 108 कलश का पूजन करवाया गया, जिसमें यजमान के तौर पर सचिव महाप्रबंधक आरेडिका आरएन तिवारी धर्मपत्नी सहित रहे।

पूजन के पश्चात कार्यक्रम स्थल फुटबाल ग्राउंड से कलश यात्रा प्रारम्भ की गई। यात्रा गोल चक्कर होते हुए सरस्वती आडीटोरियम के प्रांगण में पहुंची, जहां पर आरसीएफ मेंस कांग्रेस संगठन ने जलपान का व्यवस्था की। कलश यात्रा साढ़े छह किलोमीटर का सफर तय करते हुए कार्यक्रम स्थल फुटबॉल ग्राउंड में पहुंची। वही कार्यक्रम स्थल पर कलश की आरती की गई और प्रसाद वितरण के साथ कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस मौके पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक वीवी सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन प्रेमा सिंह के द्वारा कराया गया। सामूहिक पूजा कमेटी के नैब सिंह, मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, आरडी तिवारी, ओम प्रकाश मौर्य, कुणाल रौशन, जितेंद्र कुमार, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार, मुनेश कुमार पटेल, ज्ञान प्रकाश, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म पीड़िता के घर आरोपितों ने मचाया उत्पात

ऊंचाहार , रायबरेली।

**अमृत विचार।** अपराधियों पर पुलिस का खौफ बिलकुल खत्म हो गया है। दुष्कर्म आरोपितों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दुष्कर्म पीड़िता के घर में घुसकर जमकर उत्पात किया और दुष्कर्म मामले में सुलह की धमकी दी है। स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव के एक युवक ने किशोरी के साथ करीब एक साल पहले दुष्कर्म किया था। जिसमें पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके आरोपित को जेल भेजा। पीड़िता की मां का कहना है कि आरोपित युवक अपने कुछ साथियों के साथ पांच दिन पूर्व रात में उसके घर में घुस गया। आहत पाकर उसकी आंख खुली तो आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि दुष्कर्म मामले में सुलझ कर लो या फिर मुकदमा उठा लो, नही तो तुम्हारी हत्या करके तुम्हारी बेटी को उठा ले जाऊंगा।

पीड़िता की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तब सभी लोग भाग गए। घटना से भयभीत पीड़िता कोतवाली पहुंची और उसने लिखित तहरीर दी, लेकिन आरोपितों के रसूख के कारण पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला का आरोप है कि वह लोग गांव में ऐलानिया उसे धमकी दे रहे है और पुलिस उनको संरक्षण दे रही है। स्थानीय पुलिस से निराश होकर पीड़ित एसपी के पास पहुंची और आप बीती सुनाई । अब एसपी ने मामले की जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है ।

**श्रद्धा** | **महाशिवरात्रि पर प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी कला का करेंगे प्रदर्शन, उमड़ेगा जनसैलाब**

# धूमधाम से निकलेगी भोले बाबा की बरात

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई है। शहर के प्रमुख पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर से इस बार भव्य बरात निकालने को लेकर रणनीति बना ली गई है। रविवार को पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक निजी होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में महाशिवरात्रि पर आठ मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने बताया कि बारात उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में राजकीय कॉलोनी से भोले बाबा की बरात निकलेगी। यह बरात शहर के प्रमुख मोहल्लों से गुजरेगी, जहाँ पर मोहल्लेवासियों द्वारा भगवान शिव की बरात का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। प्रमुख क्षेत्रों में बरगद चौराहा, मामा चौराहा, इंदिरा नगर, कैनाल रोड, हाथी पार्क से होते हुए फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के गेट नंबर तीन में पहुंचेगी।



पत्रकारों से रूबरू होते पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी।

इस वर्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री फाउंडेशन के मुखिया व समाजसेवी मनोज द्विवेदी उर्फ दादाश्री होंगे। कार्यक्रम में वर पक्ष से यजमान के रूप में समाजसेवी सत्यप्रकाश पांडेय व उनकी पत्नी गीता पांडे एवं कन्या पक्ष की तरफ से यजमान के रूप में सतीश सिंह व उनकी पत्नी पूनम सिंह मौजूद रहेंगी। बैठक में महिला अध्यक्ष रेनू सिंह ने बताया कि आयोजित होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की तैयारी कर ली गई है।

ट्रस्ट के अन्य महिला साथियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करा दिया गया है। इस वर्ष का कार्यक्रम पूर्व के कार्यक्रमों से भव्य होगा। वहीं जागरण सम्राट बब्बी शुक्ल ने बताया कि इस बार प्रदेश के प्रसिद्ध गायक व कलाकार कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। जिससे इस वर्ष का आयोजन जिले में अपनी एक अलग ही छाप छोड़ेगा। बैठक में अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, डॉ संजय रस्तोगी, घनश्याम अटलानी,डॉ जीएम द्विवेदी, डॉ विपिन, नीतू पांडे सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अरविंद बने रायबरेली सदर विधानसभा के संयोजक

**संवाददाता, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने के लिए भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट को रायबरेली सदर विधानसभा की ज़िम्मेदारी सौंपी है। जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा जहां अरविंद श्रीवास्तव को सदर विधानसभा का संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं सदर क्षेत्र के लिए संगठनात्मक रूप से चुनाव प्रबन्धन समिति भी घोषित कर दिया। संयोजक नियुक्त होने के बाद भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने पार्टी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को सीधे मिल रहा है, जिस कारण से जनता ने फिर से केन्द्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प ले लिया है। रायबरेली में सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक शहर के प्रभूटाउन में सम्पन्न हुई, जिसमें संचालन समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर से रायबरेली लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में मौजूद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा के प्रभारी पशुपति शंकर बाजपेयी ने आह्वान किया कि कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, विजय रस्तोगी, संतोष गुप्ता, रवि दीक्षित, सुरजीत कश्यप, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र निगम, राकेश मल्होत्रा सहित 45 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा की गई। कार्यकम का संचालन भाजपा नेता स्वामी जितेन्द्र भारतीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पूर्वी के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, बेलाभेला मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, अमाँवा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, राही मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, दीपमाला तिवारी, विजय रस्तोगी, संतोष गुप्ता, राकेश मल्होत्रा, अनुज मौर्य, विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पार्क आम जनता के लिए आठ मार्च तक बंद

**संवाददाता, रायबरेली ।** जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने बताया है कि उद्यान विभाग के अधीन राजकीय पौधशाला टीपीएन रायबरेली में पर्यावर्णीय पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। जिसका लोकार्पण नौ मार्च को उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। निर्माण कार्य प्रगति पर होने और साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से पार्क आम जनमानस के लिए आठ मार्च तक बन्द रहेगा।

### पीएम किसान निधि की किस्त पाकर किसानों के खिले चेहरे

**नसीराबाद, रायबरेली :** पीएम किसान सम्मान निधि की राशि की 16वीं किस्त पाकर किसानों के चेहरे खुशी से खिल गए हैं। 2019 में शुरू की गई योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है। इससे उन्हें प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपये मिल रहे हैं। इससे वह अपनी फसल को उपजाऊ बनाने के लिए खाद, सल्फर, जिंक व बीज खरीद पा रहे हैं। क्षेत्र के किसान सुरेश कुमार पांडे, जमुना प्रसाद पांडे, उमाशंकर, राम प्रसाद, बब्बन खां, कुलदीप, राम मनोहर, राधे श्याम, रामसमुझ, रामनरेश, राम केवल, राम सुमिरन, देवशरण, बेद प्रकाश, बिनोद, बुधराम, हीरालाल आदि लोगों का कहना है कि पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त मिल चुकी है। इससे खेती करने में आसानी हो रही है। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहते हुए उनका आभार प्रकट किया।

### चोरी की जांच में पुरानी घटना का पुलिस ने बरामद किया माल

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस को उस समय एक सफलता हाथ लग गई जब चोरी की एक वारदात की जांच के दौरान दूसरी घटना का शातिर चोर हत्थे लग गया। युवक के पास से सोने, चांदी के आभूषण समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान भी बरामद किया है। कस्बे के परशदेपुर मार्ग स्थित किराना व्यवसाई मोहम्मद इरफान राइनी की किराना दुकान से अज्ञात चोरों ने चार दिन पूर्व रात में दुकान के दरवाजे की कुंडी काटकर अंदर से काजू, बादाम और सुपारी की बोरी पार कर दी थी। चोरी की तफ्तीश एसएसआई नरेंद्र कुमार सिंह कर रहे थे। इसी दौरान जानकारी हुई की अल्ताफ पुत्र मोहम्मद मुस्लिम निवासी चरमनिया चोरी का सामान कही बेचना जा रहा है। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए एसएसआई ने उसे पकड़ा तो उसके पास किराना संबंधी चोरी का कोई सामान नही दिखा। वही जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके जेब से सोने चांदी के आभूषण कीमत लगभग डेढ़ लाख रूपये बरामद हो गया।

### एसडीएम ने फर्जी पत्रकार के खिलाफ जांच के दिए आदेश

**सलोन, रायबरेली।** यू ट्यूब पर कथित चैनल या समाचार पत्र के नाम की फर्जी आईडी बनाकर नगर, कस्बा, तहसील और गांव-गांव घूमने वाले कथित फर्जी पत्रकारों के खिलाफ अवैध वसूली की शिकायत शनिवार को सामने आई तो व्यापारी की तरफ से तीन अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। रविवार को कथित पत्रकारों के विरुद्ध प्रकाशित खबरों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने सर्किल के थानाध्यक्षों को सख्त कार्यवाही के निर्देश जारी किए है। अगर ऐसे व्यक्ति कही भी दिखाई दे या वसूली की शिकायत मिले उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा अगर मीडिया बताकर कोई वसूली करने या फिर धमकाता है तो नजदीक के थाने में सूचना दे सकता है। पुलिस कार्यवाही करेगी। सीओ वंदना सिंह ने फर्जी पत्रकारों के विरुद्ध अभियान चलाने की बात कही है।

### डॉ. सुनील को मिली बागडोर, प्रमोद बने महामंत्री

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई रायबरेली का पुनर्गठन किया गया, जिसमें एक बार पुनः डॉ. सुनील दत्त को अध्यक्ष और प्रमोद कुमार बौद्ध को महामंत्री सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान डॉ. अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। डॉ अंबेडकर बुद्ध विहार पंचशील नगर बालापुर रायबरेली में भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश पंजीकृत जिला इकाई रायबरेली की कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। नवनिर्वाचित जिला कमेटी में बौद्ध भिक्षु डॉ. कमलसील, राम प्रसाद बौद्ध एवं राम सजीवन बाबू जी को संरक्षक मनोनीत किया गया।

### वांछित गिरफ्तार

**रायबरेली।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गदागंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के कुरौली बुधकरपुर निवासी अमित पुत्र राम सजीवन को चोरी की बाइक व अवैध शस्त्र के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरफ्तार किया है। सीओ अरुण नौहार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

### युवक को भेजा जेल

**रायबरेली।** सलोन कोतवाली पुलिस ने नसीराबाद थाने में दर्ज गिरोह बन्द अधिनियम के एक मुक़दमे में वांछित भदोखर थाना क्षेत्र के पीताम्बरपुर निवासी वेद मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को आरोपी की लम्बे समय से तलाश थी।

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में दबंगों ने दंपति को जमकर पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला भुडिया में बच्चों के विवाद में दबंगों ने पति पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला भुड़िया निवासी उषा पत्नी रमाकांत ने बताया बच्चों में कुछ विवाद हो गया था। उसी बात पर मोहल्ले के किशोर अपने पुत्र दीपू, सोनू, रमेश के साथ मिलकर उसे मारने लगे। उसका पति भी काम से उसी समय लौट कर आया तो उसकी पिटाई देखकर बचाने आया तो विपक्षियों ने उसे भी मारा पीटा। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस जांच कर रही है।

### ठंड लगने से अधेड़ की मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सड़क किनारे घूमने वाले एक विक्षिप्त व्यक्ति का शव पड़ा पाया गया। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाहाबाद कोतवाली के सीएचसी में रविवार दोपहर पाली शराब की दुकान के सामने पड़े अधेड़ का शव पड़ा पाया गया। चौकी प्रभारी जामा मस्जिद अंगद सिंह ने बताया अधेड़ मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है। रात में अधिक ठंड की वजह से उसकी मौत होने की संभावना है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### मां-बेटे ने महिला को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बबुराई में एक महिला ने पड़ोसी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम बबुराई निवासी परमउता पत्नी वीर सहाय ने बताया उसकी पड़ोसी चहेतो पत्नी रामौतार ने उसके दरवाजे पर गंदगी फेंक दी। शिकायत करने पर विपक्षी ने पुत्र कृष्ण कुमार के साथ मिलकर उसे लात घूंसे से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।

### युवती ने इलाज के दौरान फांसी लगा कर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** मानसिक बीमारी के इलाज के दौरान युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कछौना कोतवाली के बेरुआ के मजरा चेतरा गांव निवासी श्रीराम मौर्या की 18 वर्षीय पुत्री रोशनी ने शनिवार की रात छप्पर के नीचे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पिता का कहना है कि रोशनी मानसिक तौर पर बीमार रह रही थी।

# लगातार दूसरे दिन भी हुई तेज बारिश, फसलें बर्बाद

## फाल्गुन के महीने में दिख रहा बरसात जैसा मौसम, रविवार को जिले में 12.4 मिलीमीटर दर्ज की गई वर्षा

हरदोई

**अमृत विचार।** फाल्गुन का महीना रंग की बरसात का होता है, लेकिन इस बार इंद्रदेव जमकर होली खेल रहे हैं। रविवार को जिले में 12.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। छह किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाओं ने गेहूं व सरसों की फसलों को पलट दिया।

फाल्गुन के महीने में इतनी जबर्दस्त बारिश से किसान मुश्किल में आ गए हैं। सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो गई है। तेज हवा ने तैयार हो रही गेहूं व सरसों की फसल खेतों में ही पलट दिया। नगर में जगह-जगह जलभराव हो गया। बरसात ने गांव से लेकर शहर तक सभी कुछ अव्यवस्थित कर दिया है। तमाम ग्रामीण इलाकों में बिजली के तार खंभे टूट जाने से सैकड़ों घरों में अंधेरा छाया हुआ है।





### बरसात ने बढ़ाई किसानों की चिंता

माधौगंज संवाददाता के अनुसार दो दिन से तेज हवाओं व गड़गड़ाहट के साथ हो रही बारसात से फूली खड़ी गेहूं फसलें गिर कर जमींदोज हो गई है। बेमौसम की बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार से हो रही बारिश से गेहूं व सरसों की फसल की फसलों में बहुत बड़ा नुकसान अचानक मौसम ने करवट ली, जिससे किसानों बढ़ने लगी बैचेनी। इस समय खेतों में गेहूं, आलू, सरसों, सौंफ की तैयार खड़ी फसलें खड़ी है। सरसों की फसलों की कहीं किसानों ने काट कर खेत में छोड़ दिया है कहीं तो काटने को खड़ी है। तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण गेहूं की फसलें गिर गई जिससे किसानों को अच्छी उपज मिल पाना मुश्किल है।



ग्राम सहिंजना निवासी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि दो दिन से हो रही बरसात से कटी पड़ी सरसों में हो रहा भारी नुकसान लगभग दो एकड़ खेत में पड़े सरसों की फली सड़ने लगी है। जिसे देखकर बरसात ने नींद छीन ली है।



कुरसठ निवासी संतोष कुमार ने दर्द बयां करते हुए कहा कि इस बार गेहूं की फसल अच्छी थी बरसात ने कहर बनकर टूट पडी बरिस होने से खेत पलट गये है, जिससे लागत निकलना दुश्वार हो गया है।



गांव सोनहार निवासी उमेश राठौर का कहना है कि मौसम में बदलाव होने से फसलों को नुकसान हो गया है। इस समय की बरसात से सभी फसलों को नुकसान हैं खेत में गेहूं, आलू व सरसों की फसलें खड़ी हैं। बारिश, हवा और ओलावृष्टि के चलते अब तक काफी नुकसान हो चुका है, यदि अगले दो-तीन दिन तक मौसम ऐसा ही रहा तो किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगे।

### आसमान से गिरती पानी की हर बूंद उम्मीदें कर रहीं धुंधली

**रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, हरदोई,**

**अमृत विचार।** दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बरसात के बाद रविवार को सुबह 11:20 पर गिरे ओलों ने गेहूं और सरसों को पूरी तरह चटाई कर दिया है, जिससे गेहूं और सरसों की फसल देखकर खुश हो रहे किसानों के दिलों पर वज्रपात हो गया है और किसान अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है। शुक्रवार की रात्रि से रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है और तेज हवाएं चल रही हैं। तेज हवाओं और बारिश के कारण गेहूं और सरसों की फसल को पहले ही नुकसान हो चुका था, लेकिन रविवार को पूर्वान्ह 11:20 पर ओलावृष्टि हुई, जिससे गेहूं और सरसों की बची खुची फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। खेत के खेत पूरी तरह से चटाई की तरह बिछे हुए हैं। बेबस किसान चौपट हुई अपनी फसल को बेबसी से निहार रहा है। किसानों का मानना है गेहूं और सरसों की फसल में जुताई से लेकर यूरिया, डीएपी और अपने निजी संसाधनों से डीजल खरीद कर फसल में पानी लगाने के कारण व पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर था। ऊपर से तेज हवाओं और रुक-रुक होकर हो रही बरसात ने शनिवार को गेहूं और सरसों की फसल पूरी तरह से गिरा दी थी, लेकिन बची खुची कसर ओलावृष्टि ने पूरी कर दी। रविवार को हुई ओलावृष्टि से सारी की सारी फसलें पूरी तरह से चौपट हो गई हैं। बेबस किसान मन मसोस कर रह गया है, और अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहा है। फसल गिर जाने से किसानों को अपनी लागत भी वापस आने की उम्मीद नजर नहीं आ रही।





किसान वेदराम राजपूत ने बताया कि उन्होंने तीन बीघा गेहूं की फसल बोई थी, जिसमें उसने उधारी और कर्ज लेकर पैसा लगाया था, लेकिन शुक्रवार की रात से रविवार की सुबह तक उसकी लहलहाती हुई फसल चौपट हो गई। ओलावृष्टि की वजह से काफी नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल पूरी तरह से खेत में गिर गई है।



किसान सुरेश चंद्र का कहना है कि गेहूं की फसल बुवाई करने में जुताई से लेकर यूरिया, डीएपी और डीजल से फसल में पानी लगाने में उधार लेकर पैसा खर्च किया था। फसल पूरी तरह से तैयार हुई तो बारिश और ओलावृष्टि ने चौपट कर दी है। उधारी का पैसा वापस होने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। काफी चिंता हो रही है।



किसान संदीप उर्फ बबलू का कहना है कि डेढ़ बीघा खेत में गेहूं की फसल इस उम्मीद के साथ की थी कि वह साल भर बच्चों का भरण पोषण करेगा, लेकिन पिछले साल की तरह इस साल भी प्रकृति ने धोखा दिया। पिछले साल भयंकर बारिश से उसके खेत की तिल्ली चली गई। अब ओलावृष्टि से उसकी गेहूं की फसल भी चौपट हो गई है।



किसान अरविंद वर्मा ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ गेहूं की फसल जैसे तैसे तैयार की थी। गेहूं की फसल देखकर बेटी की शादी में लिया गया कर्ज चुकाने के सपने देख रहा था। लेकिन ऊपर वाले के कहर ने 24 घंटे के अंदर उसके सपनों को धो डाला। अब उसके ऊपर और कर्ज का बोझ बढ़ जाने की आशंका हो गई है।

### खेत पर जा रही वृद्धा पर गिरी बिजली, मौत

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** बारिश हल्की होने पर 65 वर्षीय महिला खेत जाने के लिए निकली। रास्ते में आसमान में हुई तेज़ गड़गड़ाहट के साथ उस पर बिजली गिर पड़ी, जिससे उसकी मौत हो गई। सण्डीला कोतवाली के अजराइल खेड़ा की 65 वर्षीय राजेश्वरी रविवार की सुबह घर में थी। उसी बीच हो रही बारिश कुछ हल्की हुई,तो राजेश्वरी खेत पर जाने के लिए अकेले घर से निकली। रास्ते में ही उस पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी, जिससे बुज़ुर्ग राजेश्वरी बुरी तरह झुलस गई और वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही पुलिस और राजस्व टीम वहां पहुंची। लेखपाल ने छानबीन शुरू कर दी। वहीं राजेश्वरी के घर वालों ने उसके शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

### नुमाइश मैदान मेला में बारिश से पसरा सन्नाटा

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही ऐतिहासिक रामलीला मेला सन्नाटा पसर गया है। हो में कीचड़ हो गया। बरसात के चलते नुमाइश में सन्नाटा छाया रहा। दुकानदारों को उम्मीद थी कि रविवार के दिन उनकी अच्छी बिक्री होगी, लेकिन खराब मौसम ने उनके इरादों पर पानी फेर दिया। पूरे दिन मेले के दुकानदार सन्नाटे में बैठे रहे। दूरदराज से आए दुकानदार बरसात की मार से परेशान हैं। बारिश के चलते कई दिनों तक अब नुमाइश में कीचड़ रहेगा, जिससे मेला काफी प्रभावित होगा। पहले से ही नुमाइश में सन्नाटा चल रहा था, उस पर बरसात ने और भी बुरा हाल कर दिया। दुकानदारों का कहना है कि इस बार जगह का किराया भी निकल पाना मुश्किल है।

### पिहानी में 370 एकड़ गेहूं की फसल चौपट, क्षति का सर्वे करने का निर्देश

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** मौसम की दोहरी मार बारिश और ओलावृष्टि से फसलें लगभग पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। इसमें गेहूं और सरसों को काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने दिन-रात रखवाली कर जैसे-तैसे फसलों को तैयार किया। लेकिन जब फसल पकने और कटने की बारी आई तो बे-मौसम बारिश ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। सरसों की बालियां झड़ गई,वहीं गेहूं की बालियां खराब हो सकती हैं। इससे फसल की पैदावार पर असर पड़ना लाज़िम है। साथ ही आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों को मुआवज़ा देने के लिए विशेष सर्वे कराने के निर्देश दिए गए है। रविवार को हुई बारिश व ओलावृष्टि के चलते कई जगह से फसल को नुकसान पहुंचने की खबरें आई हैं। जिनमें बहादुर नगर, भरौना, सिमौर, कपूरापुर, लेहना, बखरिया व माझिया में बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होना बताया जा रहा है। ऐसे में किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेई ने एडीओ (एजी) डा .सिद्धार्थ शंकर मिश्रा को किसानों की फसल नुकसान भरपाई के लिए प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सर्वे कराने के आदेश दिए हैं। इस बारे में एडीओ (एजी) डा .मिश्रा ने बताया कि किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। इसके लिए विशेष गिरदावरी करके खराब हुई फसल का आंकलन कर उचित मुआवज़ा दिया जाएगा। बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। कहा जा रहा है कि किसानों की सरसों, चना, मसूर और गेहूं की फसल खराब हो गई है। बारिश के साथ-साथ चली तेज़ हवाओं के से तैयार फसल आड़ी हो गई और बारिश से खराब हो गई। ऐसे में सर्वे रिपोर्ट तैयार की जाएगी और जिन किसानों को इससे नुकसान हुआ है,उनको मुआवज़ा दिया जाएगा। अनुमान के मुताबिक लगभग डेढ़ सौ हैक्टेयर (370 .658 एकड़) से ज्यादा गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। इसके अलावा सरसों, चना की फसल को नुकसान हुआ है। बारिश का पानी खेत में भरने से मटर की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है।



### बीमा कंपनियां करती हैं गुमराह

**हरदोई।** विकास खंड कछौना में बेमौसम बारिश व तेज हवाओं से किसानों की फसलें सरसों गेहूं आलू आदि फसलों को काफी नुकसान हुआ है। फसल पलट गई है, जिससे किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। वहीं फसल बीमा की राशि काटने के बाद किसानों को फसल नुकसान के मुआवजे के नाम पर केवल बीमा कम्पनी गुमराह करती है। शनिवार सुबह से मौसम खराब हो गया, लगातार दो दिन की बारिश से किसानों की तैयार फसल गेहूं सरसों आलू काफी प्रभावित हुई है। जिसका फसल उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा, जिससे किसानों के सामने परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया।

# सभी सुविधाओं से लैस होंगे सरकारी विद्यालय

हरदोई

**अमृत विचार।** प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तार्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पुनर्निमाण, जीर्णोद्वार, मरम्मत आदि तथा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट अलंकार की सहयोगी अनुदान' योजना के तहत नवीन निर्माण, मरम्मत आदि कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से किया। कहा कि कार्यक्रम को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया जहां लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद जयप्रकाश, विशिष्ट अतिथि विधायक सांडी प्रभाष कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि सांसद जयप्रकाश ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार से विद्यालयों में सुधार होगा। नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय के भवन सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस होंगे। जनपद हरदोई में भी विद्यार्थी स्मार्टफोन की सहायता से तकनीकी रूप से स्मार्ट हो रहे हैं। विद्यालयों को उन्होंने सांसद निधि से हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सभी सम्बंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।



सरकारी विद्यालयों में पुनर्निर्माण कार्यों का शिलान्यास करते जिले के जनप्रतिनिधि व डीएम-सीडीओ। अमृत विचार

#### योजना के तहत जिले के 50 विद्यालयों में सुधार

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि योजना के अंतर्गत जनपद में 50 राजकीय व दो सहायता प्राप्त विद्यालयों में सुधार किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने 52 कार्यों के शिलापट का अनावरण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार से सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। स्मार्टफोन से विद्यार्थी तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं।

### पति से नाराज होकर पत्नी ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** ई-रिक्शा चालक पति से नाराज होकर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली शहर के मोहल्ला ऊंचा थोक पूर्वी साण्डी रोड निवासी सर्वेश ई-रिक्शा चलाता है। करीब 13 साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके एक बेटी व एक बेटा है। शनिवार की शाम को सर्वेश की 30 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी ने कमरें के रोशनदान में दुपट्टा बांध कर उससे फांसी लगा ली। जैसा कि पुलिस का कहना है कि पति सर्वेश और पत्नी लक्ष्मी के बीच आए दिन किसी न किसी घरेलू बात पर झगड़ा हुआ करता था। उसी से खफा हुई लक्ष्मी ने शनिवार को घर के अंदर आत्महत्या कर ली। एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय का कहना है कि मामला आत्महत्या का है, शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने के बाद इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी की मौत के लिए आशा बहू को ठहराया जिम्मेदार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला खत्ता जमाल खां में आशा बहू पर एक हजार के कमीशन के चक्कर में एक पत्नी की जान लेने का आरोप पति द्वारा लगाया गया। महिला को प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान महिला का मृत्यु हो गई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी मुग्विर ने बताया उसकी पत्नी जीनत सात माह की गर्भवती थी। अचानक दर्द होने पर दाई द्वारा घर पर ही प्रसव करवाया गया था। दो जुड़वा मृत बच्चे पैदा हुए।लेकिन गंदगी नहीं साफ हो पाई। पड़ोस में काशीराम कालोनी के ब्लॉक 11 में रहने वाली फतेहपुर गयंद में तैनात आशा शांति देवी ने उसकी पत्नी को सरकारी अस्पताल न ले जाकर कस्बे के पाली रोड स्थित एक हास्पिटल में भर्ती करवाया।महिला की सफाई कर उसे घर भेज दिया। रविवार को सुबह हालत बिगड़ने पर उसकी उसकी मौत हो गई। पति का आरोप है आशा शांति देवी ने अपने एक हजार कमीशन के लिए पत्नी की जान ले ली।



उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### शिक्षक संघ ने राज्य मंत्री को दिया ज्ञापन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ऑनलाइन डिजिटलाइजेशन के विरोध में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री संतोष अग्निहोत्री के नेतृत्व में प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी को एक ज्ञापन सोपा गया। इस अवसर पर महामंत्री संतोष अग्निहोत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा महानिदेशक द्वारा लगातार बेसिक शिक्षा में प्रयोग के नाम पर बेसिक शिक्षकों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। साथ ही 18 सूत्रीय मांग पत्र कई बार शासन प्रशासन को दिया गया है, किन्तु उस पर भी कोई विचार न करना शिक्षकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। उक्त के विरोध में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर 1 मार्च से पांच मार्च तक पूरे प्रदेश के बेसिक शिक्षक शान्ति पूर्ण ढंग से अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर शिक्षक कार्य कर रहे हैं। 11मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जनपद के शिक्षक आकस्मिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे और बीएसए के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपेंगे। इस मौके पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री संतोष अग्निहोत्री, उदय शंकर मिश्र, अजय दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षकों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ इकाई मल्लावां के अध्यक्ष सुबोध वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों की मांगों 18 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन विधायक आशीष सिंह को सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। रविवार को ब्लाक अध्यक्ष सुबोध वर्मा, महामंत्री प्रेमशील पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों की समस्याओं पुरानी पेंशन बहाल की जाए। डिजिटल हाजरी के लिए सभी शिक्षकों को सरकारी सिम दिया जाए। भविष्यनिधि खाता ऑनलाइन किया जाए। शिक्षकों की रुकी प्रदोन्नति की जाए। शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कोई कार्य न लिया जाए। छात्र शिक्षक अनुपालन में शिक्षको कई नियुक्ति की जाए सहित 18 मांगो का मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम का विधायक आशीष सिंह आशू को दिया। ज़िस पर विधायक ने कहा कि शिक्षकों की सारी मागें उनके द्वारा मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे और जायज मांगों का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आग्रह भी करेंगे।

**प्रोत्साहन** जनपद के प्रगतिशील किसान ने जनपद का नाम किया रोशन

# उपमुख्यमंत्री ने धर्मेन्द्र को किया सम्मानित

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद के प्रगतिशील किसान धर्मेन्द्र सिंह ने जनपद का नाम एक बार फिर रोशन किया। उन्हें रविवार को उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश इनोवेटिव फार्मर अवार्ड से सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने सम्मान के रूप में उन्हें एक स्मृति चिन्ह व 11 हजार का चेक प्रदान किया गया। धर्मेन्द्र को सम्मान मिलने के साथ ही जनपद में ख़ुशी की लहर दौड़ गई।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कृषक धर्मेन्द्र सिंह को बधाई देते हुए कहा कि धर्मेन्द्र जैसे प्रगतिशील किसान जनपद में खेती को नई दिशा दे रहे हैं। प्राकृतिक खेती के लिए जनपद में असीम सम्भावनाएं हैं। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि जनपद के किसान प्राकृतिक खेती की ओर लगातार आकर्षित हो रहे हैं। कृषक धर्मेन्द्र में सम्मान को लेकर कहा कि यह जनपद के अन्य किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करेगा। जनपद के जिलाधिकारी ने सदैव उनको प्रोत्साहित किया है। कृषि विभाग की योजनाओं का भी लाभ मिलता रहता है।

विदित हो कि विकास खण्ड भरखनी के ग्राम सिलवारी के रहने वाले कृषक धर्मेन्द्र पिछले पांच वर्षों से एक उदाहरण बने हुए हैं जो हरदोई के कृषकों के साथ बेहतर फसल विकल्प और प्रबंधन प्रथाओं के लिए कार्य कर रहे हैं। वह स्वयं अपने छह एकड़ खेत में प्राकृतिक खेती कर अन्य तरह की सब्जियां, अनाज, दालों आदि की बड़े पैमाने पर खेती कर रहे हैं। इनके साथ 200 कृषक प्राकृतिक खेती की विधाओं को अपनाकर खेती कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती करने से कृषक उत्पादों के मूल्य की सुरक्षा बढ़ी है। उनके कृषक उत्पादक संगठन से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि हुई है।



किसान को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार



लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान भाजपा सांसद जयप्रकाश। अमृत विचार

### हर वर्ग तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभः सांसद

**हरदोई, अमृत विचार।** लाभार्थी सम्पर्क अभियान में शामिल हुए सांसद जयप्रकाश ने लोगों के बीच सरकारी योजनाओं के बारे में कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इस बीच उन्होने कि भाजपा की सोंच व नीति में मातृशक्ति का हित सर्वोपरि है। सांसद जयप्रकाश ने रविवार को साण्डी नगर मण्डल के मोहल्ला नवाबगंज के बूथ संख्या-40 में प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने महिला लाभार्थियों से सम्पर्क किया व उनके साथ सेल्फी ली। साथ ही लाभार्थियों को पत्रक बांटे। इसके बाद सांसद ने लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोंच व नीति में मातृशक्ति का हित सर्वोपरि है। मोदी सरकार के कार्यकाल में योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचा है। इस बीच साण्डी नगर मण्डल संयोजक सुशील कुमार गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष श्यामजी शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### शादी से पहले दूल्हे ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। शादी की लग्न आने से 24 घंटे पहले ही युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला कोतवाली देहात के नयापुरवा मजरा पाटकुंआ का बताया जा रहा है। लोगों का कहना है युवक तय की गई अपनी शादी से खुश नहीं था और उसने ऐसा कदम उठा लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली देहात के नयापुरवा मजरा पाट कुंआ निवासी प्रकाश के सात बेटों में 20 वर्षीय मनोज सबसे छोटा था और गांव से कुछ दूर एक ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करता था। जैसा कि बताया गया कि शनिवार की रात करीब साढ़े 10 बजे वह घर से कहीं चला गया था।उसके बाद रविवार की सुबह ईंट-भट्ठे से कुछ दूरी पर आम के एक पेड़ में लुंगी से बंधा हुआ उसका शव फांसी पर लटका देखा गया। इसका पता होते ही गांव में हड़कंप मच गया। घर वालों का कहना है कि मनोज की शादी तय थी। सोमवार को उसकी लग्न आने वाली थी, लेकिन उसके आने से पहले ही मनोज ने आत्महत्या कर ली।

### असगर बिलग्रामी को किया गया सम्मानित

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला कासूपेट में मौलाना रिफाकत हुसैन नकवी के आवास पर मौला अब्बास अलमदार रजि अल्लाहु तआला अन्हू की महफिल मुनक्किद की गयी। जिसमें आलम गौरी खालसा, अमन अब्बास, देहलियावी असर, बिलग्रामी सरवर अब्बास, बिलग्रामी इरफान हैदर, बिलग्रामी सागर, बिलग्रामी खुशतर, बिलग्रामी ताहा, बाराबंकी इमरान, बिलग्रामी हसनैन, हैदर बिलग्रामी आदि ने मौला अब्बास की शान में अपने-अपने कलाम पेश किये, वहीं अंजुमन बज़्मे हुसैनिया के ओहदेदारान ने शायरे अहले बैत असगर बिलग्रामी को उनकी शायरी को सराहते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शमीम हैदर अली, अखलाक मास्टर, इब्ने अब्बास व कस्बे के तमाम सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे। आखिर में बानिये महफिल मौलाना रिफाकत हुसैन नकवी ने सभी शोअरा व आने वालो का शुक्रिया अदा किया।

# छुट्टा गोवंशों को ग्रामीणों ने स्कूल में किया बंद

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। विकास खंड के रामपुर हृदय गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंशों को बंद कर दिया है। छुट्टा गोवंशों के स्कूल में बंद किए जाने की खबर पाकर पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से तीन दिन की मोहलत मांग कर गोवंशों को गौशाला भेजवाने की व्यवस्था करने का वादा किया। लेकिन देर शाम तक ग्रामीण डॉक्टर की बात से संतुष्ट नहीं हुए और छुट्टा गोवंशों को स्कूल में ही बंद कर रखा गया है।

शाहाबाद विका सखंड के रामपुर हृदय गांव के ग्रामीण पिछले काफी दिनों से छुट्टा गोवंशों की वजह से परेशान हैं । पूरी-पूरी रात जाग कर उन्हें अपनी फसलों को रखाना पड़ रहा है। अधिकारियों से तमाम बार शिकायत करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तब मजबूरन ग्रामीणों ने दो दर्जन से अधिक गोवंश पकड़कर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर हृदय में बंद कर दिए। अध्यापकों द्वारा इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई।

अधिकारियों की सूचना के बाद शाहाबाद पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सा डीके गुप्ता रामपुर हृदय गांव पहुंचे और ग्रामीणों से 3 दिन की मोहलत मांग कर छुट्टा गोवंशों को गौशाला में भिजवाने की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना था कि तीन दिन की कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने इतने गोवंश एकत्रित कर पाए हैं। अब वह किसी भी कीमत पर गोवंशों को स्कूल से बाहर नहीं निकलने देंगे। समाचार लिखे जाने तक पशु चिकित्स कामयाब नहीं हो सके। ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे और गोवंशों को स्कूल से बाहर नहीं निकलने दिया।

## सुरक्षा और स्वास्थ्य का हवाला देकर गौशाला में इंट्री पर लगाई रोक

हरदोई, अमृत विचार। गौशालाओं के बाहर गोवंशों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य का हवाला देते हुए बाहरी लोगों की इंट्री पर रोक लगा दी गई है। वैसे कहा जा रहा है कि बाहरी लोगों की जो बात कही गई है, उसमें मीडियाकर्मियों को शामिल किया गया है। बतातें चलें अभी चंद दिन पहले ही टड़ियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत कोटरा बौठा में गौशाला का शुभारंभ हुआ था, वहां गोवंशों के लिए चारे-पानी का कोई सही बंदोबस्त नहीं किया गया, नतीजतन वहां गोवंश ने भूख-प्यास से तड़पते हुए दम तोड़ दिया था। उसे ले कर मीडिया ने गौशाला के ज़िम्मेदारों की नाकामी को बंया करते हुए गोवंश की मौत को अपनी सुर्खियां बनाया, उसी के बाद से अब गौशालाओं के बाहर डीएम के हवाले से लिखा दिया गया है कि गोवंशों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य का हवाला देते हुए लिखा गया गया है कि किसी बाहरी ( संगठन या संस्था) को एसडीएम या पशु चिकित्सा धिकारी की परमीशन के बगैर इंट्री नहीं है। इतना ही नहीं अगर फिर भी गौशाला में कदम रखने की कोशिश की गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि गौशालाओं की नाकामी पर पर्दा डालने के लिए बाहरी लोगों की आड़ ले कर इन्डाईरेक्ट तौर पर मीडिया को वहां जाने से रोका गया है। मतलब साफ है कि गोवंशों के नाम पर जो खेल खेला जा रहा है, उसे बेरोक टोक खेला जाता रहे।



गौशाला के बाहर लगी सूचना।

# इंटरलॉकिंग ब्रिक्स की दीवार गिरी, कई मजदूर हुए घायल

हरदोई

अमृत विचार। कसरावां गांव में इंटरलॉकिंग ब्रिक्स में काम कर रहे मज़दूर वहां अचानक दीवार गिरने से उसके नीचे दब गए। मलबे में दबे मज़दूरों को बाहर निकाला गया। हादसें में जख्मी चार मज़दूरों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। कोतवाली शहर के मोहल्ला आलू थोक निवासी शिव भूषण द्विवेदी की बिलग्राम रोड पर कसरावां में इंटरलॉकिंग ब्रिक्स है। रविवार को वहां मज़दूर काम कर रहे थे। उसी बीच वहीं की दीवार अचानक गिर पड़ी। काम कर रहे मज़दूर उसके मलबे के नीचे दब गए। इसका पता होते ही वहां भगदड़ मच गई। मलबे में दबे मज़दूर मकबूल, रामगोपाल, रोज़ अली और रमेश निवासी नानक गंज झाला कोतवाली देहात घायल हो गए। इस बारे में एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है।


मौके पर पड़ा दीवार का मलबा।

# मिश्रिख सीट से भाजपा ने अशोक पर ही जताया भरोसा

## टिकट की उम्मीद लगाए पूर्व सांसद डॉ. अंजू बाला व समर्थकों में निराशा

मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। मिश्रिख लोकसभा सीट से सांसद अशोक रावत को पुनः प्रत्याशी बनाया गया है। टिकट की उम्मीद लगाए पूर्व सांसद डॉ अंजू बाला और उनके समर्थकों के हाथ निराशा लगी है। इस बाार डॉ अंजू बाला भी लोकसभा प्रत्याशी की दौड़ में मानी जा रही थी, लेकिन भाजपा नेतृत्त्व ने उन्हें पार्टी प्रत्याशी न बनाकर एक बार फिर से अशोक रावत पर ही भरोसा दिखाया है।

बताते चलें कि मिश्रिख लोकसभा सीट से वर्ष 2014 में डॉ अंजू बाला ने बसपा से सांसद रहे अशोक रावत को हराकर कमल खिलाया था। 2019 में बसपा छोड़कर भाजपा में आए अशोक रावत पर भरोसा दिखाकर मौजूदा सांसद डॉ अंजू बाला का टिकट काट दिया था। भाजपा ने मिश्रिख लोकसभा से अशोक रावत को प्रत्याशी बना दिया। उसको लेकर समर्थकों में काफ़ी रोष देखा गया था। राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें सांसद का टिकट न देकर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का सदस्य नामित कराया। अब एक बार फिर से लोकसभा चुनाव का रण बज चुका है। शनिवार को भाजपा ने प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी, लेकिन इस बार भी डॉ अंजू बाला को पार्टी ने प्रत्याशी नहीं बनाया। उनके समर्थकों में इस बार पूरा भरोसा था।

डॉ अंजू बाला ने भी लोकसभा क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी, लेकिन पार्टी ने तीन बार के सांसद अशोक रावत को ही प्रमुखता दी। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डॉ अंजू बाला ने बताया कि पार्टी नेतृत्व का जो निर्णय है। वह स्वीकार है, लेकिन उनकी सेवा में क्या कमी रह गईं कि पार्टी हर बार उन्हें ही निराश करती है। उन्हें टिकट न मिलने से उनके समर्थकों में भी निराशा छायी है। पुनः प्रत्याशी घोषित करने के बाद उनके गांव पहुंचने पर सांसद आशोक कुमार रावत का लोगों व समर्थकों ने माल्यार्पण कर खुशी जाहिर की।


सांसद अशोक रावत को बधाई देते अंगूरी शंकर सिन्हा।

### अंजू बाला ने लिखा- हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा

मल्लावां। राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग की सदस्य पूर्व सांसद डॉ अंजू बाला ने अपने फेसबुक पेज और इंस्टाग्राम पर पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई की कविता पोस्ट कर लिखा.... हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूं, गीत नया गाता हूं। गीत नया गाता हूं।



### सांसद को बधाई देने वालों का लगा तांता

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। सांसद अशोक कुमार रावत को फिर से टिकट मिलने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अंगूरी शंकर सिन्हा ने कहा कि सांसद अशोक रावत ने पिछले चुनाव में जो वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद संडीला की जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण करा दिया जाएगा वह वादा पूरा हो रहा है और उन्होंने संडीला को विकास की राह पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा। रविवार की सुबह से ही सांसद अशोक रावत के आवास पर लोगों की भीड़ मौजूद रही। जिसमें अंगूरी शंकर सेवा समिति के अध्यक्ष अंगूरी शंकर सिंह, रईस मरहबा, फहीम खान, एराज खान, नीतीश, रमन जायसवाल, अतुल तिवारी, अल्पना अस्थाना, संतोष अस्थाना, मेवा लाल कश्यप, रामरतन आदि लोगों ने भी उनको बधाई दी।

### खाली पड़े प्लाट में पड़ा मिला नवजात का शव

हरदोई, अमृत विचार। खाली पड़े प्लाट में एक नवजात का शव पड़ा मिला। इसकी जानकारी तब हुई जब कुछ कुत्ते शव को नोचते हुए देखे गए। मामला रविवार की सुबह अतरौली थाने के भीखपुर जमा का बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस छानबीन करने में जुट गई है। भीखपुर ऐमा गांव के कुछ लोग खेतों के लिए निकले, उसी बीच रास्ते में एक खाली पड़े में कुत्तो को ज़मीन पर पड़ी कोई चीज़ पर झपटते हुए देखा, लेकिन जब लोगों ने ज़मीन पर पड़ी चीज़ पर गौर किया तो सन्न रह गए। दरअसल कुत्ते नवजात के शव के ऊपर हमलाकर हो रहे थे। उन्ही लोगों ने वहां से कुत्तों को भगाया और इस बारे में पुलिस को सूचना दी।खाली प्लाट वहीं के अमर सिंह का बताया गया है। वहां पहुंची पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

# प्रह्लाद कथा आमंत्रण पत्र का किया विमोचन

हरदोई

अमृत विचार। 18 मार्च को होने जा रही श्री प्रह्लाद कथा आमंत्रण पत्र का विमोचन नगर के डीएम चौराहा स्थित एक रेस्टोरेंट में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने किया। इस आमंत्रण पत्र के विमोचन अवसर पर कथा के मुख्य संयोजक, आयोजक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इतिहास में वर्णित हरदोई जनपद "भक्त प्रहलाद" के जन्म और नृसिंह अवतार के कारण जाना जाता है, इसलिए यहां पर भक्त प्रहलाद के प्रति आस्था और उनके इतिहास को जनपद के जनमानस में जन-जन तक पहुंचने के लिए आगामी 18 मार्च से पांच दिवसीय भक्त प्रहलाद की कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कथा आगामी 18 मार्च से 22 मार्च तक कैनाल रोड स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति के परिसर में आयोजित की जाएगी और इस कथा के व्यास सुप्रसिद्ध ब्रज रस प्रवाहक पंडित रमन बिहारी शरण द्वारा कथा अमृत का पान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कथा समिति के द्वारा किए जा रहे इस आयोजन में नगर के प्रत्येक नागरिक से अपील की गई है कि इस कथा का श्रवण करके पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर सांडी के विधायक प्रभाष कुमार, उमेश अग्रवाल व कथा समिति के उपाध्यक्ष उदय अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह आजाद, उपाध्यक्ष विवेक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील अवस्थी छोटे महाराज, उपाध्यक्ष सुधीर अवस्थी, अशोक सिंह यादव ,जिला महामंत्री भाजपा अनुराग मिश्रा, मयंक दीक्षित, कपिल चौहान मीडिया प्रभारी, इं नृपेंद्र सिंह, धीरेंद्र मिश्रा एवं कथा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।


आमंत्रण पत्र का विमोचन करते भाजपा नेता। अमृत विचार

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की हुई मौत, दूसरा घायल

पाली, हरदोई

अमृत विचार। आमने-सामने से आ रहीं दो बआइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हादसे को ले कर जब पाली थाने में तैनात एसआई से पूछा गया तो उसने बेहद लापरवाही भरा जवाब दिया।

रविवार की देर शाम को पाली थाने के अकोड़ा निवासी 38 वर्षीय हरिमोहन शुक्ला बाइक से रूपापुर की तरफ जा रही था, जबकि उसी थाने के अमिरता निवासी राहुल चौहान (30) बाइक से रूपापुर की तरफ से आ रहा था। बतातें है कि दोनों मुंडेर गांव के पास पहुंचे, उसी बीच दोनों की बाइक आमने-सामने टकरा गई। इस हादसे में हरिमोहन शुक्ला की वहीं पर मौत हो गई। जबकि राहुल को सीएनजी पहुंचाया गया। इस बारे में जब एसआई रमेश सिंह से हादसे के बारे में पूछा गया तो उन्होने जवाब दिया कि कौन मरा और जिंदा है, उन्हे कुछ पता नहीं। क्योंकि जब पुलिस वहां पहुंची तो कोई नहीं मिला। सभी को सीएचसी पहुंचाया जा चुका था।

## सार-संक्षेप

### जलसा दस्तारबंदी व जश्ने ईदमिलादुन्नबी संपन्न

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। जश्ने ईद मीलाउन्नबी व दस्तारबंदी का आयोजन नगर के मोहल्ला अशराफ़ टोला ख़ानक़ाह साग़रया चिश्तिया में स्थित मदरसा मदीनतुल उलूम में किया गया। शनिवार रात आयोजित इस प्रोग्राम में हाफ़िज अमन साग़री को कुरआन हिफ्ज करने की उपाधि के रूप में दास्ताबंदी की गई। जलसे की शुरुआत मौलाना सरवर जमाल के द्वारा तिलावत-ए-क़ुरआन पाक से की गई। संचालन सूफ़ी इक़बाल अहमद ने किया। तहरीक परचमें मोहम्मदी के अध्यक्ष फ़रीद उद्दीन ने कहा कि क़ुरआन इंसान की जिंदगी का पथ प्रदर्शक है। शरीयत के साथ-साथ विज्ञान की भी कुंजी है। उन्होंने कहा कि वह बच्चे खुशनसीब हैं, जिन्होंने कुरआन पाक को हिफ़्ज़ कर आख़िरत बनाने का काम किया है। क़ुरआन अपने आप में सम्पूर्ण जीवन को शरीयत के रौशनी में गुज़ारने का तरीक़ा बताता है। दरगाह के सज्जादानशीन मुईज़उद्दीन अहमद साग़री चिश्ती ने क़ुरआन के सम्बन्ध में कहा कि क्योंकि क़ुरआन अरबी भाषा में है, इसलिये हमें क़ुरआन पढ़ने के साथ तर्जुमा ज़रूर पढ़ना चाहिये। ताकि क़ुरआन की शिक्षा को पूरी तरह समझ सकें ।जलसा में डॉ. ज़ुबैर सिद्दीक़ी, हाफ़िज फरहनुल हक़, हाफ़िज फरदीन, हाफ़िज शाहआलम, दावर रज़ा ने नातिया कलाम पढ़ा। इस मौके पर असलम उस्मानी, हसीन साग़री, तौहीद अहमद आदि उपस्थित रहे।

### विहिप ने मंदिर में कराया निर्धन कन्या का विवाह

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। नगर के मनसा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद ने रविवार को एक गरीब कन्या का विवाह करवाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने वर वधू को आशीर्वाद दिया। नगर के मनसा देवी मंदिर में रविवार को गरीब कन्या बिट्टी का विवाह राकेश नाम के युवक से हिंदू रीति रिवाज से विश्व हिंदू परिषद द्वारा करवाया गया। मंदिर में जयमाल स्टेज बनवाकर जयमाल कार्यक्रम किया गया। विवाह में आए सभी बारातियों का विहिप के अनिल लाहौरी ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, वेदराम राजपूत, शिवम सिंह, अशोक कुमार गुप्ता सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


विद्यालय में व्यवस्थाएं देखते पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी।

### एसपी ने देखी फोर्स के रुकने की व्यवस्था

हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले अर्ध सैनिक बलों के ठहरने के लिए चिन्हित स्थानों का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी ने रामकृष्ण परमहंस इंटर कालेज तथा हरिशंकर मिश्रा डिग्री कालेज मलिहामऊ का निरीक्षण किया। यहां पर चुनाव में अर्ध सैनिक बलों को ठहराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने वहां उपलब्ध सुविधाओं व संसाधनों की जानकारी ली। साथ ही कमियों को सुधारने के निर्देश दिए।

### एसपी के नेतृत्व में हुआ दंगा नियंत्रण पूर्वाभ्यास

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में रविवार को शाहाबाद नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर दंगा नियंत्रण क्रियान्वयन हेतु दंगा नियंत्रण स्कीम ए ग्रीन, बी एलो, सी रेड का पूर्वाभ्यास नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर किया गया। मौलागंज चौराहा, अल्लापुर तिराहा, जामा मस्जिद, घास मंडी तिराहा, सराफा बाजार, बेझा चौराहा, कटरा बाजार, बलायकोट, महमंद, गढ़ी खुर्द आदि स्थानों पर अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर समस्त आरक्षी दंगा नियंत्रण में प्रयोग होने वाली सामग्री से लैस रहे। इस दंगा नियंत्रण प्रदर्शन में शाहाबाद, पाली, मझिला, पचदेवरा, लोनार आदि थाना क्षेत्र की पुलिस ने प्रदर्शन किया। पूर्व अभ्यास के बाद एसपी के गोस्वामी के नेतृत्व में शाम को नगर के मुख्य मार्गो से पैदल मार्च किया गया। इस मौके पर एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर, नवागत क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा सहित हरपालपुर के क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

### ससुराल में रह रहे दामाद ने अपना गला रेता

हरदोई, अमृत विचार। चंडीगढ़ में मज़दूरी कर रहा युवक करीब एक महीने पहले ससुराल आया और वहीं रह रहा था। जहां उसने रविवार की सुबह चाकू से खुद का गला काट लिया। इसका पता होते ही ससुराल में हड़कंप मच गया। ज़ख्मी हुए युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात के कंडौहना गांव निवासी 29 वर्षीय मानवेंद्र पुत्र छोटेलाल की ससुराल उसी कोतवाली के टुहरूपुरवा में शिवराज के यहां है। बताते है कि मानवेंद्र चंडीगढ़ में मज़दूरी करता है और करीब एक महीने ससुराल आया था। वह पत्नी लक्ष्मी के साथ टुहरूपुरवा में रह रहा था। रविवार की सुबह उसने चाकू से अपना गला काट लिया, पत्नी लक्ष्मी ने पति को खून से लथपथ देखा तो वह चीखने-चिल्लाने लगी। उसका शोर सुन कर और तमाम लोग दौड़ आए। आनन-फानन में ज़ख्मी मानवेंद्र को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। हालांकि उसकी पत्नी लक्ष्मी ने इस बारे में पूछने पर बताया कि उसका पति कुछ घरेलू काम कर रहा था, उसी बीच वह अचानक ज़मीन पर रखे चाकू के ऊपर गिर पड़ा, जिससे वह इस तरह ज़ख्मी हो गया। इस मामले में फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

# संयुक्त सचिव के पद पर पदोन्नत हुए कृष्ण कुमार

हरदोई,

अमृत विचार। कछौना क्षेत्र के ग्राम सभा कहली निवासी कृष्ण कुमार सिंह का कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में संयुक्त सचिव पद पर पदोन्नति होने से परिवारजनों मित्रों क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम सभा पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

कृष्ण कुमार सिंह बचपन से पढ़ने में तेज थे। उन्होंने इंटर तक की शिक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्था पीबीआर इंटर कॉलेज गौसगंज से की। स्नातक की शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से की। उसके बाद समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ था, युवा कृष्ण कुमार सिंह के चयन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को काफी प्रेणा मिली। युवा काफी उत्साहित थे। वह शिक्षण कार्य मेहनत से करने लगे। कृष्ण कुमार सिंह क्षेत्र के युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहते हैं, समय-समय पर उन्हें आवश्यक सहयोग करते हैं। वह सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर लोगों का सहयोग करते हैं। पढ़ाई, बीमारी में बढ़चढ़कर सहयोग करते थे। उनका स्वभाव काफी मिलनसार है। इनके संयुक्त सचिव पद पर पदोन्नति से लोगों में काफी खुशी है। उनके आगमन पर लोगों ने बढ़ चढ़कर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इनके पद से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलता है। शनिवार को ग्राम सभा में आगमन पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, मित्र गण, शुभचिंतकों ने स्वागत किया।


कृष्ण कुमार का स्वागत किया गया।

## आयोजन

### बारिश के बीच हुआ मीर अब्दुल वाहिद बिलग्रामी का कुल शरीफ, ख़ानकाह-ए-वाहिदिया सुलहाड़ा में दो रोज़ा उर्स-ए-वाहिदी जाहिदी सम्पन्न

# जब तक बच्चा घर वापस नहीं आता, मां की दुआएं करती हैं हिफाजत

बिलग्राम हरदोई

अमृत विचार। बिलग्राम शरीफ में रविवार को ख़ानकाह-ए-वाहिदिया सुलहाड़ा में उर्स-ए-वाहिदी जाहिदी के मौके पर हुए कुल शरीफ में पीर-ए-तरीकत हजरत सैयद रिजवान मियां वाहिदी ने खिताब फरमाया। सुबह से हो रही बारिश की वजह से कुल शरीफ की तकरीब खानकाह से सटी मस्जिद प्रांगण में आयोजित की गई। दूर दराज से आए जायरीन से खिताब करते हुए सैयद रिजवान मियां ने वालदैन की अहमियत पर भरपूर रोशनी डाली।

उन्होंने हदीस के हवाले से कहा : रब ने फरमाया कि ऐ मूसा संभल कर कदम रखना। आज तुम्हारे साथ तुम्हारी मां की दुआएं नहीं हैं। सैयद रिजवान मियां ने आगे कहा कि इस हदीस से यह सबक मिलता है कि मां की दुआएं हमारी हिफाजत करती हैं। जब तक कोई बच्चा घर वापस नहीं आता है, मां की दुआएं उसके लिए हिफाजत करती रहती हैं। उन्होंने कहा कि किसी को राजी करने से पहले अपने वालदैन को राजी किया करो। उनके दुख और परेशानी में उनके साथ दिया करो। मैंने देखा है मां-बाप जब बूढ़े हो जाते हैं। उनको अलग कमरों में डाल दिया जाता है। उनकी खिदमत के लिए औलाद को वक्त नहीं मिलता है। उन्होंने नसीहत करते हुए कहा के एक-एक दिन, एक-एक लम्हा तुम्हारे लिए बहुत बरकत वाला है, अगर तुम्हारे वालदैन हयात हैं। मां बाप की कद्र किया करो। दोपहर 1.40 बजे हज़रत मीर अब्दुल वाहिद बिलग्रामी रहमतुल्लाह अलैह का कुल शरीफ हुआ। सज्जादानशीन सैयद हुसैन मियां वाहिदी ने उर्स की मुबारकबाद देते हुए मुल्क व मिल्लत की तरक्की व खुशहाली की दुआ की। इस दौरान खानकाह के सज्जादगान और अजमेर शरीफ के सज्जादा नशीन सैय्यद अमान मियां, जायरीन मौजूद रहे। दो दिवसीय सालाना उर्स में बीती रात वाहिदी कॉन्फ्रेंस हुई। जिसमें मशहूर आलिम-ए-दीन मौलाना मुईद मिस्बाही, मौलाना तबरेज आलम, मुफ्ती राहत बरेली, मौलाना आमिर, मुफ्ती हम्मार ने तकरीरों के जरिए कुरआन व हदीस के मुताबिक ज़िंदगी गुजारने पर ज़ोर दिया।शायर हस्सान रजा बरेलवी, कारी अली अहमद शाहजहांपुरी, तस्लीम रजा बरलवी, जैनुल आबिदीन कन्नौज, मौलाना अनीसुर्रहमान इमरान बरकाती कन्नौज आदि शायरों व नात ख्वानों ने नात ओ मनकबत पेश की। जलसे में जामिया मीर अब्दुल वाहिद के हिफ़्ज़ ओ किरअत के छात्र मौलाना अजीम वाहिदी, मौलाना रिहान वाहिदी, मौलाना मेहरबान वाहिदी, मौलाना अब्दुल मतीन वाहिदी, मौलाना ताज मोहम्मद वाहिदी, हाफिज अब्दुल कादिर वाहिदी, हाफिज अमानत रसूल वाहिदी आदि छात्रों की दस्तारबंदी कर सनद प्रदान की गई। संचालन कारी शाहिद व इमरान हबीबी ने किया। उर्स के इंतजार में सैयद असलम मियां, सैयद फिरोज वाहिदी, सैयद फारूक किदवई, सैयद शाहरुख किदवई, सैयद अफजल रजा वाहिदी, सैयद फैसल हुसैन मियां, अंजुमन गुलामाने वाहिदी के गुड्डु वाहिदी, राशिद अंसारी, मुमताज, नाजिम, नायाब आलम, डॉ. वसी आदि जुटे हैं।


ख़ानकाह-ए-वाहिदिया सुलहाड़ा में उर्स में मौजूद मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### जोश मलिहाबादी अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. तनवीर



**सिधौली।** बिसवां तहसील निवासी एवं वर्तमान में सिधौली में निवास कर रहे शायर डॉ. तनवीर इकबाल बिस्वानी को उप्र राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने एक लाख रूपये के जोश मलीहाबादी अवार्ड से सम्मानित किया। गौरतलब है कि पुलिस विभाग में उर्दू अनुवादक के रूप में कार्यरत डॉ. बिस्वानी ने 'अवधपंच की अदबी खिदमात' विषय पर पीएचडी की है। जोश मलीहाबादी अवार्ड उन्हें इसी शोधपत्र पर दिया गया है। डॉ. बिस्वानी को अवार्ड मिलने पर पत्रकार अनुराग आग्नेय, वरिष्ठ साहित्य भगवती प्रसाद अग्निहोत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता हरिनारायण सिंह, अनूप कुमार, पंकज कुमार, एडवोकेट सुखलेश कुमार राजवंशी, साहित्यकार देवेन्द्र कश्यप 'निडर', चन्द्रशेखर ने बधाई दी है।

### वरदान साबित होगी बीएल वर्मा छात्रवृत्ति

**सिधौली।** जनपद में बहुत सारे छात्र आर्थिक समस्या के कारण पढ़ाई पूरी कर पाने से वंचित रह जाते हैं। बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना ऐसे छात्रों के लिए वरदान साबित होगी और उन्हें अपनी प्रतिभा का विकास करने का हौसला देगी। यह बात विवेकानन्द शिक्षण संस्थान में स्व. बीएल वर्मा की पुण्यतिथि उनके नाम पर छात्रवृत्ति शुरू करने की घोषणा करते हुए नंदकिशोर कैलाश चंद महाविद्यालय टिकरा के संरक्षक व शिया पीजी कॉलेज के प्रोफेसर (डॉ) सुधाकर वर्मा ने कही। इंटर पास करने वाले विज्ञान, कला और वाणिज्य वर्ग के छात्र-छात्राओं की परीक्षा अगले माह नंदकिशोर कैलाश चंद्र महाविद्यालय टिकरा में कराई जाएगी। इस मौके पर नीतू वर्मा, गोल्डी कनौजिया, अवधेश विश्वकर्मा, रिंकू मौर्या, प्रिया आदि मौजूद रहे।

### लाभार्थियों से संपर्क कर बताईं योजनाएं

**झरेखापुर।** हरगांव विधान सभा झरेखापुर मंडल मे भाजपा की लाभार्थी विशेष संपर्क अभियान के अंतर्गत रविवार को मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह व लाभार्थी सम्पर्क अभियान के संयोजक अनुज शुक्ल ने अपनी टीम के साथ शक्ति केंद्र नौव्वा महमूदपुर मे लाभार्थियों से संपर्क कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। जिसमें मुख्य रूप से हरगांव विधानसभा के पंकज पांडेय, अर्पित सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक यादवेंद्र सिंह व कौशलेंद्र सिंह, संतोष सिंह, संजय, कृष्ण बहादुर, रणवीर, रविंद्र, अमित आदि शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**लहरपुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहेरवा जगमालपुर में एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंगवा रौशीपुर निवासिनी अमरीसा पत्नी स्वर्गीय कौशल ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री रूबी 24 वर्ष की शादी आठ माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र ग्राम बहेरवा जगमालपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र मूसाराम से की थी, लेकिन ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर मारते पीटते थे। मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि विगत शुक्रवार को रूबी के ससुराल वालों ने फोन करने पर लड़की से बात भी नहीं कराई थी, रविवार को गांव के एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि तुम्हारी पुत्री ने लटक कर आत्महत्या कर ली है। मृतका की मां ने आशंका व्यक्त की है कि मेरी पुत्री को उसके ससुरालीजनों ने हत्या कर लटका दिया है, उन्होंने बताया कि सूचना पर जब हम लोग गांव पहुंचे तो उसकी पुत्री बेड पर पड़ी थी और कमरे की छत में लगे छल्ले से एक दुपट्टा लटक रहा था और सभी परिजन फरार थे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सूचना पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद एवं परिजनों की तहरीर पर जांच कर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# शस्त्रों के लाइसेंसों के सत्यापन में न बरतें हीला हवाली: एडीजी

**सक्रियता**

- लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक के दौरान एडीजी ने सर्किल असफरों ने जुटाये आकंड़े
- अर्धसैनिक बलों के ठहराव स्थलों का निरीक्षण कर हिस्ट्रीशीटरों पर कार्यवाई के दिए निर्देश



अर्धसैनिक बलों के ठहराव के लिए चिन्हित स्कूल का निरीक्षण करते एडीजी व मौजूद एसपी सहित सीओ सिटी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** अगली लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही पुलिस ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को एडीजी जोन लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर ने जिले का दौरा कर पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीजी ने चुनाव से पहले शस्त्र लाइसेंसों और आपराधिक व्यक्तियों की कार्रवाई की समीक्षा कर समय से शत प्रतिशत शस्त्रों के जमा कराने की हिदायत दी। समीक्षा बैठक के बाद एडीजी ने चुनाव में आने वाले अर्धसैनिक बलों के ठहरने के स्थानों का जायजा लिया।

एडीजी जोन लखनऊ रविवार को पीएसी परिसर स्थित 14 नंबर क्लब पहुंचकर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। एडीजी ने पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी सहित जिले के सभी सर्किल अफसरों के साथ लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। एडीजी ने थानों पर विवेचनाओं के निस्तारण, प्रिवेन्टिव के चिन्हित मामलों में हुई कार्यवाही, हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन सहित शस्त्र लाइसेंस के सत्यापन आदि की बिंदुवार समीक्षा की। चुनाव के दृष्टिगत समीक्षा के बाद एडीजी ने अफसरों को चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एडीजी जोन ने चुनाव में बाहर आने वाले पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों के ठहरने हेतु निर्धारित किये गये खैराबाद स्थित दीन दयाल उपाध्याय गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज सहित सिधौली इलाके में स्थित ऐम कॉलेज बाड़ी का निरीक्षण कर फोर्स की तैयारियों का जायजा लेकर अधीनस्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# बारिश से किसानों के माथे पर छाईं चिंता की लकीरें

## बरसात से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमींदोज, सरसों के भीगने से हुआ नुकसान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से खेतों में पलटी गेहूं की फसल।


खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल बारिश में भीगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में शनिवार की दोपहर बाद शुरू हुई बारिश रविवार को भी दिन भर रुक-रुक कर जारी रही। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से मौसम तो सुहाना हुआ है लेकिन किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और हवाओं से किसान की खेतों में पड़ी सरसों और आलू की फसल को अधिक नुकसान हुआ है। इसके साथ ही बारिश से उड़द चने, अलसी, सरसो गेहूं, तंबाकू और मसूर की फसल सहित टमाटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है। फसलों के नुकसान से किसानों को चिंता सर माथे कर गई है।

रविवार को हुई बारिश के साथ कई इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। आकाशीय बिजली गिरने तथा तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण कई स्थानों पर बिजली गुल रही। ग्रामीण इलाकों में तो कई जगह पर पूरी रात बिजली नहीं आई जबकि हवाओं के साथ बारिश से सरसो की फसल चैपट हो गई। दलहनी फसल अरहर की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। असमय बारिश से रबी फसल अंतर्गत गन्ना, उड़द, चना, अलसी, सरसो, गेहूं, तंबाकू और मसूर की फसल को काफी नुकसान हुआ। वहीं इस बारिश से आम के पेड़ों पर आये बौर को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश से सब्जी की फसल भी प्रभावित हुई है। जिसमे टमाटर की नए फलों के झड़ने का डर बना हुआ है। नए रोपित सब्जियां ककड़ी, पालक भाजी, प्याज भाजी आदि सब्जी की फसल भी इस बेमौसम बारिश में बर्बाद होने की संभावना से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें है। मार्च माह की शुरुआत से शुरू हुई बारिश ने दोपहर की गर्मी से निजात दिलाकर मौसम को नम कर दिया है। बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को अचानक हो रही बरसात से लोग भीगने पर भी मजबूर हुए।

**मुश्किल**

- बरसात के बाद तापमान में दर्ज की गई गिरावट

### अचानक हुई ओलावृष्टि से सैकड़ों बीघे फसल नष्ट

**रामपुर मथुरा।** रामपुर मथुरा अचानक ओलावृष्टि होने लगी। जिससे रामपुर मथुरा क्षेत्र के सैकड़ों बीघे फसल गेंहू, लाही, लाहा, आलू जैसी फैसले नष्ट हो गई। किसान संतोष कुमार ने बताया कि जब ओला गिरने लगे तो किसी तरह से अपनी जान की सुरक्षा की। वहीं किसान खुसीराम, आशाराम, शंकर, राममुनेश्वर, राजेश मौर्य आदि ने बताया कि इस तरह के ओला काफी समय के बाद गिरे हैं। इस ओलावृष्टि से सैकड़ो बीघे फसल खराब हो गई हैं।

### बारिश से फसलों के नुकसान पर किसानों ने जताई परेशानी



किसान रामचंद्र यादव ने बताया कि बारिश के साथ चल रही तेज हवाओं से गेहूं की फसल खेतों में ही पलट गई है। जिससे फसल को अधिक नुकसान को सकता है। किसान ने बताया कि ओलावृष्टि न होने से किसानों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। रबी की फसलों को अधिक नुकसान पहुंचा है।



बेमौसम हुई बरसात से फसलों के नुकसान पर किसान पंकज गुप्ता ने बताया कि रात को हुई बारिश के कारण चने की फसल में कीट-प्रकोप एवं खराब होने की आशंका बढ़ गई है। पिछले साल भी बेमौसम हुई लगातार बारिश के कारण चने की फसल से काफी नुकसान हुआ था। आज हुई अचानक बारिश से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।



किसान त्रिनेश कुमार ने बताया कि दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से खेतों में खड़ी फसल को किसान न तो काट पा रहे हैं और न ही उसे खेतों में छोड़ पा रहे हैं। मौसम बदलने का असर सब्जी की फसलों पर भी पड़ने लगा है। सब्जी में भी कीट प्रकोप लगने की संभावना अधिक बढ़ जायेगी।

## सार-संक्षेप

### जनता को लोकतांत्रिक शक्ति प्रदान कर रही भाजपा: राजेश



सुझाव पत्र डालते राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व विधायक ज्ञान तिवारी अमृत विचार

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा जनपद की सभी नौ विधानसभाओं में सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय पर सीतापुर सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक व नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व विशिष्ट अतिथि सेवता विधायक ज्ञान तिवारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि जनता का सुझाव मांग कर भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत कर रही है और जनता को लोकतांत्रिक शक्ति प्रदान कर रही है इन्हीं सुझावों को मेनिफेस्टो में लागू किया जाएगा और जनहित में उन मुद्दों पर कार्य किया जाएगा जो जनता द्वारा चुने गए हैं। इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया कि भाजपा भारत की जनता की पार्टी है और पार्टी जो निर्णय लेती है वह जनता के कल्याण लिए लेती है, इसी के तहत आज जनता के सुझाव मांगे जा रहे हैं। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया कि इस बार सीतापुर सदर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा की ऐतिहासिक विजय होगी। नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने बताया भाजपा द्वारा जनता के लिए गए निर्णय पर विचार करके विकास कार्य किए जाते हैं। कार्यक्रम जिला संयोजक उदित बाजपेई, प्रखर जायसवाल जया सिंह रमेश भार्गव दीपू सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सुझावों को ध्यान में रखकर भाजपा जारी करेगी मेनिफेस्टो

**लहरपुर।** मोहल्ला अंबरसराय में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने रविवार को सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम के तहत अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि, आपके सुझावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा सरकार अपना मेनिफेस्टो जारी करेगी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विकास योजनाओं का संकल्प पत्र जारी किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजेश्वर रस्तोगी जिला मंत्री उदित बाजपेई, प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, मनोज तिवारी, विपुल प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई, वीरेंद्र पुरी, भगवान दीन त्रिवेदी, मनमोहन गुप्ता, योगेश मिश्रा, प्रखर रस्तोगी, सोनू रस्तोगी, वीरेंद्र मिश्रा, बंटी दीक्षित व अन्य मौजूद रहे।

# सांसद राजेश वर्मा को पुनः भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर जताई खुशी


सांसद राजेश वर्मा को माला पहनाकर खुशी जताते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**रामकोट, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सीतापुर सांसद राजेश वर्मा को एक बार फिर सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित करने से भाजपाइयों में खुशी का माहौल है। शनिवार शाम को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व उनके समर्थकों ने आतिशबाजी की।

काफी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामकोट उमेश गुप्ता के कार्यालय पर रात आठ बजे इकट्ठा हुए। जहां उन्होंने सांसद राजेश वर्मा को प्रत्याशी बनाए पर आतिशबाजी छोड़कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सभी ने एक जुट होकर उनके लिए चुनाव में सहयोग किए जाने की घोषणा की। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामकोट उमेश गुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी अभी से चुनाव में जुट जाएं। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामकोट उमेश गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष कय्यूम सिद्दीकी, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश यादव, आदि मौजूद रहे।

# जीत की हैट्रिक लगा सकते हैं सांसद राजेश वर्मा

- लगातार तीसरी बार भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जताया है भरोसा, धुरंधरों की दावेदारी पर फिरा पानी


प्रत्याशी घोषित होने के बाद सांसद को राम मंदिर मॉडल भेंट कर बधाई देते बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व सेउता विधायक ज्ञान तिवारी व अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सियासी दांव पेंच कर अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों के अरमानों पर बीजेपी ने शनिवार की रात पानी फेर दिया। बीजेपी की पहली लिस्ट जारी होने के बाद सीतापुर लोकसभा सीट पर दावेदारी कर रहे दिग्गजों की भागदौड़ अब खत्म हो गई। राजनीति ने अपना लोहा मनवा चुके दो बार से लगातार सांसद राजेश वर्मा पर बीजेपी ने हैट्रिक लगाने के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। टिकट की घोषणा के बाद रविवार को समर्थकों का उत्साह देखते ही बनता था। शहर के लालबाग चैराहे पर आतिशबाजी कर जय श्री राम के नारों से उद्घोष किया।

टिकट की घोषणा के उपरांत रविवार को सांसद राजेश वर्मा ने शहर स्थित आवास पर लोगों के बधाई देने का तांता लग गया। बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व सेउता विधायक ज्ञान तिवारी ने आवास पहुंचकर सांसद ने भेंट कर उन्हें राम मंदिर मॉडल स्वरूप भेंट कर टिकट फाइनल होने की बधाइयाँ दी। इसके साथ ही जिले के व्यापारियों, नेताओं और समाजसेवियों ने सांसद के आवास पर एकदूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई। बताते चलें कि सांसद राजेश वर्मा ने लम्बा राजनैतिक इतिहास है। लोकसभा क्षेत्र का चार बार प्रतिनिधित्व कर चुके सांसद दो बार बीजेपी और दो बार बसपा के टिकट पर जनता के बीच कुशल राजनेता के रूप में उभरे हैं। सांसद राजेश वर्मा लोकसभा सीट पर जातिगत आकड़ों में भी काफी मजबूत पकड़ वाले माने जाते हैं।

**कैंसर जहां ने रोकी थी हैट्रिक की बाजी :** बीजेपी सांसद राजेश वर्मा बसपा के टिकट पर वर्ष 1999 में पहली बार सांसद बने। पांच साल का कुशल कार्यकाल संपन्न कर राजेश वर्मा वोट बैंक पर अपनी नजर जमाये रहे। वर्ष 2004 में राजेश वर्मा फिर बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े और प्रतिद्वंदी को रिकार्ड तोड़ मतों से हराकर हाथी की दोबारा सवारी की। 10 सालों तक सांसद रहकर क्षेत्र के विकास के बाद राजेश वर्मा की हैट्रिक को आखिरकार बसपा ने ही सीट बदलकर रोका। वर्ष 2009 में बसपा ने पूर्व सांसद कैंसर जहां को अपना प्रत्याशी बनाकर तत्कालीन सांसद राजेश वर्मा को धौरहरा सीट से अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा। चुनाव में धौरहरा सीट पर कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने राजेश वर्मा को करीब 1 लाख से अधिक वोटों से हरा दिया था।

### 2014 में थामा बीजेपी का दामन

2014 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने लोकसभा सीट सीतापुर से सांसद राजेश वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया। उन्होंने तत्कालीन बसपा सांसद कैंसर जहां को 51027 वोटों से हराकर कमल का फूल खिलाया था। 1998 के बाद पहली बार 2014 में राजेश वर्मा ने बीजेपी का कमल खिलाने में सफलता हासिल कर शीर्ष नेतृत्व के नजर में हीरे के रूप में उभर कर सामने आये।

### बीजेपी ने दिया हैट्रिक का चांस

सांसद राजेश वर्मा को बीजेपी ने आगामी लोकसभा चुनाव में हैटिक लगाने का मौका दिया है। सांसद राजेश वर्मा का कहना है कि शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा मुझ पर जताया है उनकी उम्मीदों पर मैं खरा उतरूंगा। इस बार 4 लाख से अधिक वोटों से सीट को जीतकर बीजेपी की झोली में डालने का दृढ़ संकल्प जनता ने किया है।

**मुहिम** यूपीसीएसआर ने विभिन्न क्षेत्रों से आए 100 किसानों को दिया प्रशिक्षण

# किसानों को दिया गया नवीन गन्ना बीज व ट्राईकोडर्मा



शोध पत्रिका गन्ना उत्पादन की नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को ग्राम खजुरा, गन्ना विकास परिषद हरगांव सीतापुर में यूपीसीएसआर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए अनुसूचित जाति के 100 किसानों को प्रशिक्षण के साथ ही दो-दो सौ बड नवीन गन्ना बीज व ट्राईकोडर्मा दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्षता रामू प्रधान ने की। मुख्य अतिथि चंद्र कुमार मिश्र, चेयरमैन सहकारी जूट संघ उप्र, विशिष्ट अतिथि डॉ. दया श्रीवास्तव अध्यक्ष केवीके सीतापुर ने संयुक्त रूप से शोध पत्रिका गन्ना उत्पादन की नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति का विमोचन किया। मंच संचालन सत्यप्रकाश मिश्र ने किया। आये हुए समस्त वैज्ञानिकों व अतिथियों का माल्यार्पण व बैज लगाकर अजय अवस्थी प्रधान, रामू प्रधान, विनय अवस्थी, शिवम् गिरि, शिवकुमार पाल, गोवर्धन मौर्य आदि ने स्वागत किया। प्रशिक्षण में शोध परिषद् शाहजहांपुर के वैज्ञानिक डॉ. एसपी यादव, डॉ. संजीव पाठक, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. सीएन गुप्त, डॉ. मनीष मोहन तथा हरगांव मिल के सलाहकार डॉ. वीसी जादौन ने मृदा परीक्षण, बीज चुनाव एवं बुआई, बीजोपचार, कीट प्रबंधन तथा फसल प्रबंधन विषय पर किसानों को प्रशिक्षित किया। उप गन्ना प्रबंधक मनोज निर्वाल ने मिल द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं के बारे में बताया। हरगांव गन्ना विकास परिषद के प्रतिनिधि राजेश पटेल व भानुप्रताप उपस्थित रहे। अधिशासी उपाध्यक्ष शरद सिंह ने अपने संदेश में शोध परिषद् एवं समस्त वैज्ञानिकों को मिल क्षेत्र में बधाई दी।

# जनता के बीच तीसरी बार कौशल किशोर


कौशल किशोर। अमृत विचार

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** लखनऊ की सरजमीं से राजनीति की शुरुआत करने वाले कौशल किशोर ने समय के साथ खुद को बदला। इसी का परिणाम रहा कि आज उन्हें तीसरी बार भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। कौशल किशोर को मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की जनता ने वर्ष 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में अपना नेता चुनकर लोकसभा भेजा था। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के भरोसे पर खरे उतरने के कारण ही भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरी बार मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया हैं।

सांसद कौशल किशोर ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद और स्नेह है। सांसद कौशल किशोर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत को बनाने के लिए मोदी की गारंटी पर मोहर लगाएगी और सभी प्रत्याशियों को आशीर्वाद देकर जिताने का कार्य करेगी।

वहीं तीसरी बार सांसद कौशल किशोर को उम्मीदवार बनाए जाने पर विधायक मनीष रावत, मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सूर्यबक्श सिंह, ब्लाक प्रमुख राम बक्श रावत, पुष्कर गुप्ता, अतुल तिवारी तथा सिधौली विधानसभा के प्रभारी ललित मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, अशोक सिंह, सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फोन कर बधाई दी।

> मैं पार्टी के भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरूंगा। यहां की जनता मेरा परिवार है और इस परिवार से मुझे हमेशा प्यार, दुलार मिला है। मैंने भी एक ही प्रयास किया कि मोहनलालगंज की जनता की उम्मीद पर हमेशा पूरी तरह खरा उतर सकूं।
>
> **-कौशल किशोर,** सांसद, मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगाः॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

## संपादकीय

# देश की मजबूती के लिए

राष्ट्र की मजबूती के लिए उसका रक्षा क्षेत्र में मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता उसे और मजबूत करती है। एक समय भारत रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है, भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार ने कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं। इसके तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन,विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किए गए हैं। इससे देश में रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार सेना को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए अभियानरत है। स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा खरीद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम देश की सेना को मजबूत करेगा। देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है,जो सशस्त्र बलों,रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों,स्टार्ट-अप,शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करना है। पहल का उद्देश्य डिफेंस स्टार्टअप्स के साथ नियमित रूप से जुड़ने की रणनीति को जारी रखना है। यह अवसर स्टार्टअप्स के लिए निवेश प्राप्त करने और भविष्य के परिचालनों का नेतृत्व करने को लेकर लाभ उठाने के लिए है। दुनिया में बहुत सी चीजें भारत को प्रभावित कर रही हैं। भारत के पास इस विश्व व्यवस्था में बदलाव के बीच खुद को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रक्षा, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बनें।

# विज्ञान लोकप्रियकरण के प्रति आमजन का दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इम्पैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी की जानकारी के तकनीकी पक्षों और वैज्ञानिक जानकारी को प्रयोगशालों और संस्थानों से बाहर निकालकर इसके लोकप्रिय संस्करण को देश के लोगों से इनकी ही भाषा में साझा करने की भी जरूरत होती है। ताकि समावेशी विकास में आमजन की भागीदारी बनी रहे। खेदजनक है कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति भारत के लोगों का दृष्टिकोण और पसंद क्या हैं,इस बारे में एक-दो बार के रैंडम सर्वेक्षणों के अलावा अखिल भारत स्तर का सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

जापान ने अपने यहां किए गए एक सर्वेक्षण में पाया कि लोगों के मुताबिक उनका सर्वाधिक रुझान मेडिकल ट्रीटमेंट्स,फिर क्रम से टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों,बेसिक साइंसेज,मिलिट्री,इकोनॉमी, यूनिवर्सिटी एजुकेशन,प्राइमरी ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ सबसे कम पॉलिटिक्स में है। 87 प्रतिशत जापानी लोग चाहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार ही साइंटिफिक रिसर्च में सर्वाधिक खर्चा करे। भारत में यह क्रम बदल सकता है। वाशिंगटन डीसी से ऑपरेट करने वाली स्वतंत्र संस्थी 'पेव रिसर्च सेंटर' के डेटा के अनुसार भारत में क्रम से यह पैटर्न कि हम लोग मिलिट्री, वैज्ञानिक उपलब्धियों, मेडिकल ट्रीटमेंट,यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन, टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट्स, पॉलिटिकल अचीवमिनट्स के बाद इकोनॉमी को तरजीह देने वाले लोग हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लोकप्रियकरण कार्यक्रम अधिकांश तौर से भारतीय पैटर्न पर ही आधारित हैं। यहां सोसाइटी फॉर द पॉपुलराइजेशन ऑफ साइंस सन् 2001 में स्थापित किए जाने के बाद से अच्छा काम कर चुकी है।

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स',इंपैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के अलावा चीन और जापान में आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए जो तरीके उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में अपनाए गए थे अब उनसे वे लोग बहुत आगे निकल चुके हैं। जबकि हमारे यहां आयोजित

> विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए।

होने वाले विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी अभी परोक्ष और दर्शक जैसी ही बनी हुई है। सक्रिय भागीदारी के लिए इनोवेशन दिखाई नहीं देती। विज्ञान लोकप्रियकरण के सभी उपायों के मद्देनजर भारत की स्थिति को हम जिस मानकीकृत,खास तरीके से जान सकते हैं वह है देश में उन संस्थानों और संगठनों की 'ट्रांसपेरेंट रैंकिंग' के बारे में जानना जिनकी गतिविधियों को आंकने का तरीका 'गूगल स्कॉलर साइटेशंस' अर्थात् ऐसे शोधपत्रों का उद्धरण दिए जाने की बारंबारता जिन्हें हमारे उन वैज्ञानिकों ने प्रकाशित किया है,जो टॉप 429 इंस्टिट्यूशंस में काम करते हैं। उनकी लोकेशंस विभिन्न बड़े शहरों में है।

तिरुवनंतपुरम (केरल) में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत इनफार्मेशन साइंटिस्ट गंगन प्रताप द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से मालूम हुआ है कि हमारे टॉप 439 संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जो शोधपत्र लिखे उन्हें कुल मिलाकर एक करोड़ बाईस लाख 80 हज़ार और 756 की संख्या में उद्धृत किया गया था। ये संस्थान भारत में 188 शहरों में ही कंद्रित हैं जबकि 22 प्रांतों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नगरों की कुल संख्या 4 हज़ार है। इससे यह प्रश्नमूलक संकेत मिलता है कि जिन नगरों में अधिक वैज्ञानिक संस्थान मौजूद हैं क्या वहां के लोगों में बाकी के नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या के मुकाबले में वैज्ञानिक अभिरुचि का स्तर ऊंचा है, अर्थात यह मालूम करना है कि इन संस्थानों की गतिविधि का इनके परिसर के 50 किलोमीटर के व्यास में अर्थात 196 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर क्या असर हुआ है? इस बारे में निश्चित रूप से तो नहीं लेकिन अनुमान से कहा जा सकता है कि 'शायद' यह स्तर ऊंचा होता है। इस जाहिरा असमानता को दूर करके समानता के स्तर पर लाना असंभव है लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। अपने तौर से सर्वे के जो प्रयास मैंने ऑनलाइन किए इन्हें चालीस साल के अपने अनुभव को मिलाकर देखता हूं कि नॉन-कमर्शियल पॉपुलर साइंस पब्लिकेशन्स और इनके वितरण के मामले में शासकीय वित्त पोषण से चलने वाली रूस (सोवियत काल) की 'मीर', 'रादुगा' और 'प्रोग्रेस' एजेंसीज़ के प्रकाशन दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ हैं। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों के लोग एक नया कांसेप्ट 'सिटीजन्स साइंस' लेकर आए हैं इस बाबत करीब एक दशक से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनका ख्याल है कि इस कार्यक्रम में विज्ञान पढ़ने वाले युवजनों और स्थानीय आमजन को कुछ ट्रेनिंग देकर प्रकृति संरक्षण, यथा -बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन, जैसे काम में पेशेवर वैज्ञानिकों के साथ काम करने हेतु लगाया जा सकता है। लेकिन इस बारे में उनके ही कुछ विद्वज्जनों का विचार है कि सिटीजन साइंटिस्ट्स द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले डेटा की विश्वसनीयता, संचालित कार्यक्रमों में 'रिस्क' से उनका सामना होने के अलावा 'नैतिक मुद्दे' भी जुड़े हुए हो सकते हैं।

'एनवायरनमेंटल साइंस एंड पालिसी जर्नल' के दिसंबर 2015 के अंक में प्रकाशित एक समीक्षा पत्र में जो लिखा गया है उसका भाव यह कि 'आम लोगों और पेशेवर वैज्ञानिकों के बीच सहयोग-अनुसंधान एक महत्वपूर्ण नवोन्मेषी प्रवृत्ति है। नागरिकों ने पेशेवर वैज्ञानिकों को जानवरों और पौधों की आबादी, कैनाइन व्यवहार, आकाशीय वस्तुओं, पर्यावरण प्रदूषकों, मत्स्य पालन, व्हेल ध्वनियां, मौसम विज्ञान और आक्रामक प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मदद की है।' आपत्तियों के बावजूद वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच होने वाले सहयोग, विज्ञान और समाज के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे नैतिक प्रश्न और चिंताएं भी उठा सकते हैं। देखा जाय तो हमारे देश में विज्ञान लोकप्रियकरण आंदोलनों और अन्य अवसरों से पेशेवर वैज्ञानिकों के जुड़ने के दौरान अनेक युवजनों ने मौसम, फसलों, कीट-पतंगों, कृषि-सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र की स्थापना जैसे कि 'किसान संचार', प्राकृतिक आपदा के समय सूचना तंत्र को कायम रखने के लिए 'हैम-रेडिओ', पुरातत्व और कला के वैज्ञानिक पक्षों की विवेचना और विमर्श, पर्यावरण और प्रकृति की जानकारी देने और संरक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए कई वर्ष पहले ही एनजीओ बनाने और यू-ट्यूब चैनल्स चालू करने जैसे काम शुरू कर लिए थे। विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज़ रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए। यह गुण सहज होता है और स्वतःस्फूर्त भी। जिन बालकों और युवजनों में ऐसा स्फुरित हो जाए तो प्रारंभिक दौर में तो वे इसमें ही रुझान बनाए रखते हैं। अगर मैथड ऑफ़ साइंस बाद में नहीं अपनाया गया तो ये अन्वेषक नहीं बन पाते। बचपन के दिनों में कुछ बच्चे लचर, ढीले और मंद दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में कुछ ऐसा घटता है जिसके कारण या स्वतःस्फुरित आंतरिक परिवर्तन की वजह से इनमें अचानक से प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है और टॉमस अल्वा एडिसन की तरह, आइन्स्टाइन की तरह वह निखरता है। श्रीनिवास रामानुजन की तरह वह जन्म से ही अगर एक किशोर वय का बालक प्रतिभावान है और गणित में गूढ़ ज्ञान के प्रतिपादन से एक अर्से से लंबित पड़ी जटिल समस्याओं को सुलझाता है, तो निश्चय ही वह रामानुजन की नस्ल का व्यक्ति है। एक राष्ट्र की उत्पादक क्षमता उस देश के लोगों की वैज्ञानिक नए ज्ञान के सृजन और पुराने को नए सिरे से व्याख्यायित करने के कौशल पर निर्भर करती है। मेरे ख्याल से हमारे प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की जो बात बहुत पहले कही थी उसका आशय इसके अलावा और क्या हो सकता है? विज्ञान दिवस जैसे अवसरों पर अखिल भारत स्तर पर संस्थानों में अनेक तरीके से विविध कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें आत्मगौरव का भाव तो बहुत होता है,लेकिन पारंपरिक दिखावे की भी कमी नहीं होती।

## प्रसंगवश

# दूरसंचार का उत्थान-पतन

पिछले दिनों सरकारी फोन विभागीय कार्मिकों के साथ था। व्यथा-गाथा सुनी। मुझे अपनी तरुणावस्था का दौर याद आया। काला चोगा होता था। आठ इंच लंबा-चौड़ा यह भाष्य यंत्र जिस घर में रहता था उसकी प्रतिष्ठा मोहल्ले में ऊंची होती थी।

मेरे स्मृति पटल पर सनातन फोन रिसीवर (चोगा) उभर आता है। उसके साथ लगभग दो-तीन फीट का तार जुड़ा रहता था। चोगा उठाकर लोग बात करते थे। रिसीवर का एक हिस्सा कान में तथा दूसरा हिस्सा मुंह के पास रखा जाता था। टेलीफोन की घंटी जब पूरे घर में गूंजती थी तो खुशी की लहर दौड़ जाती थी। अगर दो-चार मेहमान बैठे हुए हैं और उनके सामने टेलीफोन की घंटी बज जाए तो इसका अर्थ बहुत शुभ सूचक माना जाता था। गर्व से गृह स्वामी की आंखें चौड़ी हो जाती थीं कि देखो हमारे घर टेलीफोन की घंटी बज रही है। फिर आया मोबाइल का दौर। बीएसएनएल और एमटीएमएल बुलंदी पर रहे। मगर गिरावट आ गई जब निजी व्यापारी भी प्रतिस्पर्धा में आ गए। नतीजन आज सरकारी मोबाइल साढ़े नौ करोड़ पर गिरे। निजी तो सवा सौ करोड़ छू रहीं हैं। निजी कंपनियां भी हैं। आज लैंडलाइन फोन के करीब सवा दो करोड़ ग्राहक हैं। निजी के तो कई गुना हैं। सरकारी कार्मिक लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाली एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी,संचार कंपनी रही। भारत में सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में थी। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया। दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। सरकारी फोन कंपनी से कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ी थी। तब हिमाचल के पं. सुखराम शर्मा संचार मंत्री थे। भारत में पहली मोबाइल बात मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल की माकपा मुख्यमंत्री ज्योति बसु से 3 जुलाई 1995 में (कलकत्ता से नई दिल्ली) की थी। करिश्मा लगता था। फिर आया दुर्भाग्य का दौर। इस सार्वजनिक उपक्रम का घाटा करोड़ नहीं,अरबों रुपयों में होने लगा। तब

> टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे।

संप्रग सरकार (मनमोहन सिंह) के मंत्री थे तमिलनाडु के द्रमुक के ए. राजा और मारन आदि। कुछ शीर्ष पत्रकारों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया। लाइसेंस की लूट मची थी। नतीजन अब बीएसएनएल अपने पौने दो लाख कार्मिकों को वेतन नहीं दे पा रही है।

अचरज की बात है कि बीएसएनएल तो बंदी की कगार पर है,मगर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। कभी सबसे प्रतिष्ठित टेलिकॉम कंपनी मानी जाने वाली बीएसएनल के आज देश में 11.5 करोड़ मोबाइल यूजर हैं। देश में उसका मार्केट शेयर केवल 9.7 फीसदी है। एक कार्मिक ने उसे दौर का किस्सा बताया। बीएसएनएल के एक अधिकारी गुजरात गए थे। तब शाम को उनकी तबीयत गड़बड़ाई तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस पर कर्मचारी यूनियन के महासचिव बताते हैं : "डॉक्टर ने मुझसे कहा आप पहले मेरी मदद करिए, तब मैं आपकी मदद करूंगा। मेरे पास बीएसएनएल का मोबाइल है। कॉल सुनने के लिए मुझे सड़क पर जाना पड़ता है। चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। आप पहले मेरी समस्या का समाधान करिए।" एक्सपर्ट बताते हैं कि इस दौर में मंत्रालय से भी सहमति आने में भी वक्त लग रहा था। टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे। जब 2014 में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था कि बीएसएनएल ने "ऑपरेटिंग" मुनाफा कमाया है तो आशा बंधी थी। मगर अब मोदी की गारंटी की प्रतीक्षा है कार्मिकों को।

# विकास व समृद्धि के लिए अहम है महिलाओं का स्वास्थ्य

महिलाओं का स्वास्थ्य व पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है,क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है। इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने,बीमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है,लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते हैं,लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तंबाकू उगाते हैं,क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं। जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं। गरीबी रेखा का सबसे ज्यादा कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो,महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है,क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात् वे सबसे अंत में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

> प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है।

का दर्जा नहीं मिलता है। इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ्य में वृद्धि कर सकते हैं और जब लोगों का पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना,मानसिक स्थिति का स्थिर होना और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है,एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है,उन्हें रोगों से बचाता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है,बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है। संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल,सब्जियां, अनाज,प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। स्वास्थ्य और पोषण की सही देखभाल न केवल महिलाओं के लिए,बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खासकर उन वर्षों में जब वे गर्भवती होती हैं और मां बनती हैं,उस समय सही पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्था न केवल उनके लिए,बल्कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक समस्याएं हैं। गर्भावस्था में पोषण संबंधी जानकारी की कमी,अनाधिकृत आहार,उपयुक्त देखभाल की कमी,स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी और महिलाओं के शिक्षा से जुड़ी समस्याएं इनमें से कुछ हैं। समाज को इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने और सही आहार लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। साथ ही सरकार को भी समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए उचित योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इस प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखकर हम एक समृद्ध, स्वस्थ और समान मानव समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# पृथ्वी प्लेटफार्म

लोगों को इस प्लेटफार्म से जाते हुए देखते हैं। सोचते हैं कि अभी कौन-सा जाना है। अभी कहां? दुबारा जन्म होगा। ऊपर स्वर्ग-नरक होगा। कहानियां, धारणा, विचार। सब है। कुछ नहीं है। अमीरी-ग़रीबी, सुख-दुख, हर्ष-शोक, सफलता-असफलता कुछ नहीं। हम और आप बस यूं ही गुजर कर चले जाते हैं। संसार में वो पहला इंसान कौन होगा जिसने जमीन पर एक लकीर खींची होगी, कहा होगा ये टुकड़ा मेरा।

कैसे? कोई मालिक हो ही कैसे सकता है? किस पहले ने कहा होगा कि ये मेरा। दूसरे ने माना क्यों? 'मेरी' ही माया है। भ्रम। कौन है सदा के लिए? कितना छोटा है जीवन। दीदी एक कुत्ता पाले बैठी थी। दस-बारह साल वो दीदी के साथ रहा। मर गया तो दीदी रोने लगी। मैंने उसे समझाया था, कुत्ता इतने ही साल ही जीता है।

'दुख तो होगा न?' मैंने दीदी से कहा, "तुम खुश होने के लिए कुत्ता नहीं पालती हो। दुखी होने के लिए पालती हो। जीवन के बारह साल उसके साथ अच्छे गुजरे। इसका जश्न नहीं? जीवन यात्रा है। जश्नदार यात्रा। मिलने का जश्न मनाइए। बिछड़ने का गम नहीं। आदमी अकेला आता है, अकेला जाता है। वो अकेला ही है। यात्रा में मुसाफिर मिलते हैं। अपनी यात्रा सुखद बनाइए। खुश रहते हुए गुजर जाइए। बाबा लोग रोज सुबह-सुबह प्रवचन देते हैं। मुझसे तमाम परिजन प्रश्न पूछते हैं। ये समस्या है, क्या करें?



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

मैं कहानियों से समस्या का हल बताता हूं। सोचता हूं कि संदेश कई लोगों तक पहुंच जाए। ये सच पहुंच जाए कि जीवन सच में कुछ नहीं। कुत्ता बारह-तेरह। आदमी सत्तर -पचहत्तर। कछुआ ढाई-तीन सौ साल। बहुत मत सोचिए। कुछ हासिल नहीं होगा। किसी को हासिल नहीं हुआ। न ज्ञानी को, न भक्त को। न तर्क से। न अंधविश्वास से। जितने दिन हैं लोगों के साथ रहिए। दीजिए। संग्रह में मत फंसिए। कोई टुकड़ा किसी का न हुआ है, न होगा। जीवन ही एक टुकड़ा है। बहुत बड़े किसी अज्ञात जीवन का। स्टेशन किसी का नहीं। ये सिर्फ एक प्लेटफार्म है। हम सब इंतज़ार कर रहे हैं अगली ट्रेन का। किसी यात्रा में कोई दुबारा कहां मिलता है? कोई नहीं मिलता। कभी नहीं मिलता।

**- फेसबुक वॉल से**

# लगातार कम होता आदमी बने रहने का सलीका और तमीज

कुमाऊं में एक जगह है जागेश्वर। अल्मोड़ा से कोई चालीस किलोमाटर दूर। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको आरतोला नाम की एक छोटी सी बसावट से मुख्य मार्ग छोड़कर एक छोटी सड़क पकड़नी होती है जिस में प्रवेश करते ही एक दुर्लभ घनी हरियाली आपको अपने आगोश में भर लेती है। दुर्लभ इसलिए कि यह हरियाली देवदार के सैकड़ों बरस पुराने पेड़ों से बनी है।

इन शानदार पेड़ों के बीच से गुजरती हुई पांच-सात किलोमीटर लंबी घुमावदार सड़क आपको अंदर तक हरा कर देती है। आदमी होने का जरा भी सलीका बचा होगा तो आप खुद उस हरे का हिस्सा बन जाएंगे। भीतर से केवल खूबसूरत भावनाएं उमड़ेंगी। आप हैरत,खुशी और शांति से भर जाएंगे। यकीन कीजिए यह रास्ता ऐसा ही है। इसीलिए मुझे इसका एक-एक मोड़ रटा हुआ है। बहुत सारे पेड़ों को पहचानता भी हूं। जागेश्वर पहुंचते ही पहला अहसास यह होता है कि ध्यान या योग करने के अलावा शिव जैसे बीहड़ देवता का मंदिर बनाने के लिए इससे बेहतर जगह ढूंढे से नहीं मिलेगी। पुराणों में इस जगह और इस इलाके के बारे में खूब विस्तार से लिखा गया है। मानसखंड के उनसठवें अध्याय की शुरुआत में ऋषि वेदव्यास इस जंगल के बारे में बताते हैं कि यहां आकर ही शिव ने अपने योगी रूप को प्राप्त किया। यह अद्वितीय जंगल सिद्ध पुरुषों,विद्वानों,ऋषियों और देवताओं को तो प्रिय था ही,ब्रह्मा-विष्णु-महेश की देवत्रयी ने उसे अपना घर भी बना रखा था। यही वजह रही होगी कि यहां उगने वाले शानदार वृक्षों को देवदारु



अशोक पांडे
हल्द्वानी

> इन सब पेड़ों को काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे,आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां,पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे,उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

कहा गया। देवदारु यानी देवताओं का वृक्ष। देवदारु के इसी सघन प्रांतर के बीच अपना रास्ता बनाती जटागंगा नाम की एक छोटी सी धारा बहती है। योगीश्वर शिव की तपस्थली होने के कारण इसे जागेश्वर नाम मिला।

ऐसी दिव्य जगह पर हजार-पंद्रह सौ बरस पहले कोई सवा सौ मंदिरों को एक छोटे से परिसर में बनाया गया। प्रमाण हैं कि स्थानीय पत्थरों की मदद से इन मंदिरों को बनाने के लिए तत्कालीन राजाओं ने उड़ीसा और गुजरात के संगतराश बुलवाए थे। इस परिसर और इसके आसपास शिव के बहुत सारे अलग-अलग रूपों को समर्पित कई मंदिर हैं। किसी में शिव नृत्य कर रहे हैं,किसी में वीणा बजा रहे हैं। किसी में उनकी तरुण छवि की उपासना होती है किसी में वे वृद्ध रूप में विराजमान हैं। उनका एक मंदिर तो ऐसा भी है,जहां पूजा करने से किसी भी तरह के उधार से मुक्ति मिल जाती है। शुरुआती बचपन अल्मोड़ा में बीता। तभी से जागेश्वर जाता रहा हूं। मंदिर का शिल्प बहुत आकर्षित करता है। उसमें हर बार कुछ नया देखने को मिल जाता है, लेकिन वहां जाने का सबसे बड़ा आकर्षण अब भी देवदार के आलीशान पेड़ों से घिरी वही घुमावदार सड़क है। उस से गुजरने का कोई भी मौका मैं नहीं छोड़ता।

देवदार के इन पुरातन पेड़ों तले टहलता आदमी आज भी एक बेहद पवित्र,बेहद आदिम इमेज की तरह दिखाई देता है। कभी मुख्य जागेश्वर से डंडेश्वर की तरफ नदी-नदी चलते हुए आएं। इन ऊंचे पेड़ों के पास एक ऐसा चरित्र है,जो इंसान को उसकी क्षुद्रता और प्रकृति के वैराट्य का अहसास कराता है। ये पेड़ अपने आसपास की धरती को भी अपने जैसा उदात्त बनाते हैं। देवदार की सूखी भूरी सुइयों से ढकी उस जमीन पर पैर रखने जैसी मामूली क्रिया भी खुद को पहचानने की शुरुआत की सूरत ले सकती है। बशर्ते आपके पास आदमी बने रहने का सलीका बचा हो और तमीज भी। यह और बात कि ये दोनों चीजें हमारे आसपास लगातार कम और अर्थहीन होती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक महापुरुष के जागेश्वर दौरे के बाद नीति-निर्माताओं के मन में आया है कि हजार बरसों से आदमी को जागेश्वर पहुंचा रहा वह रास्ता बहुत संकरा है। नए जमाने की तेज-रफ्तार गाड़ियां आगे-पीछे करने में दिक्कत होती है। समय भी बहुत लगता है। सड़क को चौड़ा करना होगा ताकि जो रास्ता पंद्रह मिनट लेता था अब दस मिनट में पार हो जाए। सारी दुनिया जागेश्वर पहुंच जाए। सबको मोक्ष मिले।

इक्कीसवीं सदी के भारत का सबसे बड़ा सपना यह है कि एक-एक सड़क को इतना चौड़ा बना दिया जाए कि उस पर टैंक चलाए जा सकें। सबको रफ्तार चाहिए। टाइम किसी के पास नहीं है। जागेश्वर वाली सड़क पर मौजूद देवदार के वे एक हजार से ज्यादा पेड़ क्या करें जिन पर चूने से निशान लगा दिए हैं ताकि जब आरियां चलाई जाएं तो उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो। इन सबको काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे,आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां,पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे,उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

## एक नजर

### अवध विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस आज

**अयोध्या, अमृत विचार** : अवध विश्वविद्यालय का 49 वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया जायेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। विवेकानंद सभागार में सोमवार सुबह 10:30 बजे से मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल एवं मुख्य अतिथि के रूप में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी होंगे। यह जानकारी नीलम पाठक अधिष्ठाता छात्र कल्याण की ओर से दी गई है।

### सांसद आज रखेंगे गांधी स्मारक की आधार शिला

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार** : पूराबाजार के पुराने पंचायत भवन के समीप 33 लाख 75 हजार की लागत से बनने वाले गांधी स्मारक की आधार शिला सांसद लल्लू सिंह सोमवार को रखेंगे। सायं चार बजे आयोजित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की गई है। यह जानकारी महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू व पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवनरायन तिवारी ने संयुक्त रूप से दी।

### छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र में कक्षा आठ की छात्रा के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया है। सोशल मीडिया पर सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो वायरल होने के बाद पिता ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी नाबालिग पुत्री कक्षा आठ की छात्रा है। बीते 18 दिसंबर को गांव के दो युवक उसकी पुत्री को गांव के बाहर स्थित झाड़ी में ले गए। जहां दोनों युवकों ने दुष्कर्म किया, उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोनों आरोपितों ने कई बार दुष्कर्म किया। इस बीच जब छात्रा बुलाने पर नहीं गई तो आरोपितों ने वीडियो वायरल कर दिया।

# उच्च स्तरीय कॉलोनी के रूप में विकसित हो वशिष्ठ कुंज योजना

▸▸ मुख्य सचिव ने दिए निर्देश, कहा- अयोध्या को क्लीन, ग्रीन व ब्यूटीफुल सिटी बनाएगा उद्यान विभाग

अयोध्या कार्यालय



हनुमानगढ़ी की व्यवस्थाओं से मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को अवगत कराते आईजी प्रवीण कुमार।

**अमृत विचार** : 75 एकड़ भूमि में बनाई जा रही वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना को अयोध्या के दृष्टिगत उच्च स्तरीय कॉलोनी के रूप में विकसित किया जाए। ये निर्देश रविवार को अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को क्लीन, ग्रीन, ब्यूटीफुल सिटी के रूप में स्थापित करने के लिए उद्यान विभाग को प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में अयोध्या के विकास कार्यों की सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। मंडलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने वर्तमान में गतिमान व प्रस्तावित विभिन्न विकास के कार्यों के संबंध में विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्तमान में देश के विभिन्न स्थलों सहित विदेशों से भी श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए आ रहे हैं। अयोध्या में जो भी कार्य हो रहे हैं उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विभिन्न पथों व मंदिर के परिसर में रेलिंग लगाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आकर्षक डिजाइन के ही ड्रॉप डाउन बैरियर लगाए जाएं। उन्होंने पंचकोसी व 14 कोसी परिक्रमा मार्ग को आगामी परिक्रमा मेला से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही ऐयरो सिटी के प्रगति की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि सिटी के लिए भूमि अर्जन की प्रकिया भूस्वामियों से सहमति के लिए बातचीत चल रही है। इसके अलावा बैठक में ऑफिसर्स के लिए मल्टीस्टोरी आवासीय भवन, राज्य अतिथिगृह, मंडलायुक्त के इंटीग्रेटेड कार्यालय, नए कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण आदि पर भी चर्चा की गई।

### सुग्रीव पथ जल्द शुरू कराएं कार्य

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन-पूजन किया। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव व प्रशासन के अधिकारियों के साथ श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अधिकारी व मंडलायुक्त को सुग्रीव पथ का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया। हनुमानगढ़ी के संतों से मुलाकात कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा दिए जाने के लिए विचार-विमर्श किया। पुजारी राजू दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी पर अच्छे से दर्शन हो सके। इसके लिए सार्थक बैठक हुई है। चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है।

# कांग्रेस समाप्त, थोड़ी-बहुत सपा बची है : बेबी रानी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : सांसद महिला खेल के समापन अवसर पर रविवार को पहुंचीं महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाप्त हो चुकी है। थोड़ी बहुत समाजवादी पार्टी बची है। लोकसभा चुनाव में पहले भी जीते हैं और रामलला के आशीर्वाद से एक बार फिर जीतेंगे। फैजाबाद लोकसभा से लल्लू सिंह को टिकट मिला है उनको रामलला का आशीर्वाद मिलेगा। विपक्ष के गठबंधन के सवाल पर बेबी रानी मौर्य ने कहा कि गठबंधन का कितना असर पड़ेगा यह तो बाद में ही पता चलेगा। राजनीति अपनी जगह है। ईश्वर अपनी जगह। हिंदू राजनीति किसी भी पार्टी में करे, लेकिन वह भगवान का भक्त ही होता है। जिस तरह अखिलेश ने अपने विधायकों को रामलला के दर्शन करने से रोका और उसी के कारण परेशान भी हुए। सपा विधायकों का अपना अधिकार है कि वह दर्शन करें उसके लिए अखिलेश को नहीं रोकना चाहिए था। विधायक अभय सिंह ने दर्शन किये तो कितने भावुक हो गए। यह उनका अधिकार था। अयोध्या में रामभक्तों की संख्या को कोई नहीं रोक पाएगा। मैं खुद ही लंबे जाम को झेलकर आ रही हूं।



पत्रकारों से बातचीत करतीं मंत्री बेबी रानी मौर्या।

# मेडिकल कॉलेज की लिफ्ट में फंसा युवक, बुलाई पुलिस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में शनिवार देर रात एक युवक लिफ्ट में फंस गया। उसको कुछ समझ में नहीं आया तो उसने 100 नंबर पर कॉल कर दी। पुलिस ने युवक को इलेक्ट्रिशियन की मदद से बाहर निकाला। दर्शननगर पुलिस चौकी प्रभारी आशीष त्रिपाठी ने बताया कि पुराने भवन में लगी लिफ्ट चलते-चलते रुक गई थी। मौके पर चीता मोबाइल कर्मियों को भेजा गया। युवक का नाम पता उन्हें नहीं मालूम। बताया जा रहा है कि लिफ्ट की एमसीवी गिर गई थी। खतरे को भांपते हुए रविवार को दिनभर लिफ्ट का संचालन ठप रहा। मरीजों की परेशानी को देखते हुए शाम को लिफ्ट चालू कर दी गई। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है।

# बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे युवक की गई जान

## बीए की पढ़ाई के साथ खेती में परिवार की मदद करता था मृतक

सीतापुर।



विक्रम सिंह (फ़ाइल फ़ोटो)

**अमृत विचार**। पिसावां थाना इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से किसान के बेटे की मौत हो गई। सुबह से रुक रुक कर हो रही बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से परिवार में कोहराम मचा हुआ हैं। खेतों में काम करने के दौरान अचानक बारिश से बचने के लिए भागते समय अचानक युवक बिजली की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले से तहसील प्रशासन को अवगत कराया है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम मौनिया निवासी 22 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र फूल सिंह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रविवार की सुबह से खेतों में गन्ने की फसल की कटाई कर रहा था। परिवार वालों ने बताया कि बारिश होने की वजह से सभी लोग पेड़ों की तरफ भागने लागये तो विक्रम भी भागा, लेकिन अचनाक तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली विक्रम पर गिरने से वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। बेहोशी की हालत में परिजन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता फूल सिंह ने बताया कि विक्रम भाइयों में सबसे छोटा था और वह बीए की पढ़ाई के साथ ही खेती में परिवार की मदद किया करता था। विक्रम की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। एसडीएम महोली अभिनव राजा भार्गव ने बताया कि दैवीय आपदा के तहत परिवार को मदद दिलाई जाएगी।

# आग नफरत की मुहब्बत से बुझाई जाए...

▸▸ शायरों ने अपने कलाम पेश कर बटोरी वाहवाही, एक शाम अटल जी के नाम से कौमी यकजहती मुशायरे का किया गया आयोजन

तंबौर सीतापुर




कौमी यकजहती मुशायरे में अपना कलाम पेश करतीं शायरा।

**अमृत विचार।** शनिवार की देर शाम एक शाम अटल जी के नाम कौमी यकजेहती मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने कलाम पेश किए। रिजवान लाइब्रेरी सोसायटी के जेरे एहतिमाम हुए मुशायरे में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अयाज अहमद अय्यूबी एडवोकेट मौजूद रहे। वहीं मुशायरे में अंतरराष्ट्रीय शायर वासिफ फारूकी, इरम यूनानी मेडिकल कालेज लखनऊ के प्रिंसिपल प्रो. डॉ. अब्दुल हलीम कासमी, अधिवक्ता अयाज अहमद अय्यूबी, हैदर अली जाफरी, इंजीनियर हसन अरबी को स्मृति चिन्ह दिए गए। अयाज अहमद अय्यूबी ने शुभारंभ करते हुए कहा की हिन्दुस्तानी सभ्यता अनेकता में एकता की है। वासिफ फारूकी ने पढ़ा कि परख नहीं लोगों को सच्चे सोने की, तो बाजार में मैं पीतल हो जाऊं क्या। प्रो. सगीर आलम अजमल बिस्वानी ने पढ़ा कि सुनाऊं मैं क्या अपने गम का फसाना, सुनेगा भी कब उसको जालिम जमाना। शकील गयावी ने पढ़ा कि जिस कहानी में तेरा जिक्र न हो, वह कहानी कोई कहानी है। डॉ. तनवीर अकबाल ने पढ़ा कि मोहब्बत प्यार ही इस देश की पहचान है तनवीर, जो हम तुम मिलके बैठेंगे तो हिंदुस्तान महकेगा। कफील बिस्वानी ने पढ़ा कि घबरा रहें है हालते दुश्वार देखकर, शोलों की जद है रौनक ए गुलजार देखकर। इरफान लखनवी ने पढ़ा कि सारी फरसूदा रवायात की तस्वीरों को, शहरे इमा की फसीलों से उतरना होगा। सलीम नदवी ने पढ़ा कि कौम ए यकजहती की शमाए जलती रहे, आंधियां चाहे जितनी भी चलती रहें। गीतकार आलोक सीतापुरी ने पढ़ा कि सारी दुनिया को यह तरकीब सिखाई जाए, आग नफरत की मुहब्बत से बुझाई जाए। रहबर प्रतापगढ़ी ने पढ़ा कि हिंदू खराब है न मुसलमां खराब है, इन सबको जो लड़ाए वह शैतां खराब है। अफजल लहरपुरी ने पढ़ा कि खाकी वजूद उसका भी पुरनूर हो गया, जिसकी निगाह रहती है नबवी नकुश पर। शादाब काजमी ने यहां कौन है जो मुहब्बतो के जवाब में भी वफा करे, कहा इतना जब्त किसी में है जो आदमी को खुदा करे। विवेक मिश्रा राज ने पढ़ा कि दामन गुलों के भीगे मिले सुबह को, शायद चमन में रात को रोती मिली गजल। नैयर शकेब ने पढ़ा कि नफरतों के दिए बुझाकर के, अमन के दीप अब जलाना है। सलीम ताबिश ने पढ़ा की कुछ उनकी खबर लीजिए कुछ उनका भला कीजिए, जो लोग जमाने में हालात के मारे हैं। डॉ. शमीम रामपुरी ने पढ़ा कि आग छप्पर में लगी हो तो बुझा सकता हूं, आग नफरत की लगी हो तो बुझाऊं कैसे। जावेद साहिल ने पढ़ा कि एक दिन मोहब्बत में ऐसे दिन भी आयेंगे, वह भी मुकरायेंगे, हम भी मुस्काराएंगे। तनवीर जमाल ने पढ़ा कि मुद्दतों भरोसे की लाज रखनी पड़ती है, यूं कोई जमाने में मोतबर नहीं होता। मुशायरे का संचालन शादाब काजमी रुदौलवी ने किया। इस मौके पर डॉ. मो. जुबैर, डॉ. मो शाहिद, अली हसन आब्दी, मौलाना एखलाक कासमी, मुशायरे के आयोजक मो. खबीर नदवी, अकबर अली, जेड आर रहमानी, एम. सलाहुद्दीन, परितोष राजन, विशाल रस्तोगी, बाबर खान, मौलाना जुनैद नदवी आदि मौजूद रहे।

# कुड़वार क्षेत्र में आगजनी करने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार** : कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बे के बगल पानी की टंकी के पास बीते 7 जनवरी की रात अज्ञात द्वारा कोचिंग सेंटर में आग लगाकर बेंच कुर्सी सहित अन्य सामान जलाकर राख कर दिया था। जिसका मुकदमा तेजबहादुर सिंह द्वारा 8 जनवरी को लिखाया गया था। 28 जनवरी को भगवानपुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़कर जरूरी कागजात सहित अन्य सामान जलाकर राख कर दिया था। मामले में प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार की तहरीर पर 3 फरवरी को मुकदमा पंजीकृत हुआ था। गुरुवार की रात कस्बे के अलीगंज रोड पर आंचल अग्रहरि की स्कूटी, संतोष तिवारी की पान की गुमटी व सुरेश चंद्र तिवारी की चाय की दुकान की गुमटी को आग के हवाले कर दिया था। घटना के खुलासे के लिए एसपी सोमेन वर्मा द्वारा कई टीमें लगाई गई थी। रविवार को सीओ सिटी ने कुड़वार थाने पर खुलासा करते हुए बताया कि सर्विलास टीम, सीसीटीवी फुटेज की मदद से अभिजीत तिवारी निवासी कुड़वार को हिरासत में लेकर पूछतांछ की गई तो उसने बताया कि गांव निवासी तेजभान तिवारी के साथ मिलकर उसने घटना को अंजाम दिया है।

# चौपाल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय हित से जोड़ना

इमलिया सुल्तानपुर



युवा चैपाल के दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने युवा मोर्चा के माध्यम से युवा चौपाल का आयोजन मण्डल एलिया के ग्राम पंचायत उदयपुर में किया। इस निमित्त एलिया मंडल में मंडल प्रवासी अभिषेक मिश्रा जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा के दिशा निर्देशन में युवा चैपाल संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमलेंद्र मिश्रा युवा मोर्चा ने की। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया कि युवा चौपाल का आयोजन मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय हित से जोड़ना है। चौपाल में युवाओं से आग्रह किया गया कि वह मेक इन इंडिया पर जोर दें एवं भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जो भी संभव प्रयास हो वह करें।

चौपाल के माध्यम से लोगों से यह निवेदन भी किया गया कि वह भारतीय जनता पार्टी को प्रथम वरीयता में रखकर काम करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं से नमो ऐप को डाउनलोड करने के लिए भी कहा गया। युवा चौपाल के माध्यम से नए मतदाताओं से जुड़ने का भी आग्रह किया गया। कार्यक्रम में लोगों का पंजीकरण भी किया गया। लाभार्थियों से संपर्क किया गया और मोदी सरकार की जनहित कल्याणकारी योजनाओं को लोगों को अवगत कराया गया इस चौपाल कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी के रूप में अजय, आकाश, मनोज, विनय सिंह, अवधेश सिंह, अवनीश सिंह, विवेक मिश्रा, अमन दीक्षित, विकास मिश्रा, मनीष राज, राजेंद्र मिश्रा, अजीत, विकास वर्मा, विकासदीप निषाद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शटरिंग करते समय राजगीर को लगा करंट, मौत

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार** : छत डालने के लिए उसकी शटरिंग के दौरान सरिया उठाते समय हाई टेंशन तार में छू गया। इससे राजगीर करंट चपेट में आ गया और वहीं उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेलाही गांव में रविवार को सायरा बानो के यहां छत डालने के लिए बहमरपुर निवासी राजगीर अमीन (48) पुत्र रहमतुल्लाह मजदूरों के साथ गया था। वह छत डालने के लिए शटरिंग कर रहा था और सरिया बिछाने का काम कर रहा था। उसी समय वह सरिया को ऊपर उठाया। ऊपर हाई टेंशन तार में वह सरिया छू गया, जिससे करंट की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने से मौके पर ही राजगीर की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि राजगीर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

### अखंडनगर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग

**अमृत विचार** : एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए वित्त एवं संसदीय कार्य के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का अखंडनगर चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। यहां ग्रामीणों ने उन्हें एक ज्ञापन देते हुए अखंडनगर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग उठाई। कैबिनेट मंत्री श्री खन्ना यहां शिवनाथ वर्मा स्मारक महाविद्यालय देवनगर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। अखंडनगर बाजार में वासुदेव यादव एवं अन्य भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। साथ ही अखंडनगर बाजार (बेहराभारी) को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा।




## भक्ति उत्सव : अवध में होली खेले रघुवीरा

▸▸ मालिनी अवस्थी ने सोनचिरैया टीम के साथ भजन प्रस्तुत कर मोहा लोगों का मन

तुलसी उद्यान में आयोजित भक्ति उत्सव में प्रस्तुति देंती लोक गायिका मालिनी अवस्थी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित हो रहे रामोत्सव में तुलसी उद्यान में रविवार को आयोजित भक्ति उत्सव में पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी की सोनचिरैया टीम ने प्रस्तुति दी। 'बाजत अवध बधाइयां, दशरथ घर सोहर हो जन्मे है दीन दयालस्...' और 'होलो खेले रघुवीरा अवध में होली खेली रघुवीरा...' की प्रस्तुत देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें देश अलग-अलग क्षेत्र से 100 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। मुख्य आयोजक लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि अयोध्या प्रभु राम की धरती है। संसार में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो राम भक्त न हो। यह भक्ति उत्सव कलाओं के माध्यम अपनी भक्ति को प्रस्तित करने का माध्यम है। वार्षिक उत्सव के रूप में आज दो दिवसीय आयोजन किया गया है। सोनचिरैया टीम की सदस्य प्रियंका शुक्ला ने जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए कहा कि आज लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर और मुंबई आदि स्थानों से हम सभी प्रभु श्रीराम के चरणों में अपने भजन व लोकगीत प्रस्तुत करने आए हैं। हरीतिमा पंत ने कहा कि अयोध्या में प्रस्तुति देना हमारा सौभाग्य है। यहां भजन और होली के गीतों की प्रस्तुति देकर मन अह्लादित हो गया।

## सार-संक्षेप



लेखपाल संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता।

### विनोद लेखपाल संघ के अध्यक्ष और नंदलाल मंत्री निर्वाचित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का द्विवार्षिक चुनाव रविवार को तहसील सदर सभागार में प्रांतीय ऑडीटर मनीष कुमार पाठक के पर्यवेक्षण में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से विनोद कुमार पांडेय अध्यक्ष और नंदलाल वर्मा मंत्री पद पर चुने गए। संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार देवेंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सर्वेश मिश्रा कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा उपमंत्री पद पर अखिलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष गिरीश चन्द्र यादव, ऑडीटर आकृति वैश्य चुनी गईं। प्रांतीय सह सचिव कमलेश कुमार शर्मा और निर्वाचन पर्यवेक्षक मनीष कुमार पाठक ने बताया कि चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### निरीक्षण में बंद मिले दो सीसीटीवी

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार शाम 6:30 बजे क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुरेंद्र सिंह ने पुलिस के साथ हैदरगंज थाना क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों और बाजार व कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे की निरीक्षण किया। इस दौरान जाना बाजार में मुख्य चौराहा के सीसीटीवी कैमरे और दो दुकानदारों के यहां लगे डीवीआर बंद पाए गए। जिसको लेकर सीओ ने नाराजगी जाहिर कर जल्द चालू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना अध्यक्ष मोहम्मद अरशद समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### नाव ड्यूटी के लिए रोडवेज लेगा प्रतिदिन 28 हजार किराया

**अयोध्या, अमृत विचार** : सियासी दलों और पुलिस-प्रशासन के साथ परिवहन निगम ने भी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। निगम ने मुख्यायल स्तर पर चुनाव प्रकोष्ठ को सक्रिय किया है और चुनाव ड्यूटी के लिए 400 किलोमीटर तक के लिए रोडवेज बसों का किराया 28 हजार रुपये प्रतिदिन तय किया है। अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगाए गए नियमित चालक और समन्वयक को 225 रुपये और संविदा चालक को 400 रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाएगा। ड्यूटी में लगाए गए कर्मियों को एकमुश्त 6500 रुपये अग्रिम भुगतान किया जाएगा। चुनाव ड्यूटी करने वाले नियमित चालकों को विभाग की ओर से निर्धारित प्रतिमाह न्यूनतम 5500 किलोमीटर के परिचालन से छूट प्रदान की जाएगी।

### कृषि विश्वविद्यालय के 29 दैनिक श्रमिकों को नियुक्ति पत्र

**कुमारगंज, अयोध्या : अमृत विचार** : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में रविवार को 29 दैनिक श्रमिकों को विवि के कुलपति ने विनियमित करने का आदेश जारी कर दिया। विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने सुबह-सुबह 29 दैनिक श्रमिकों को अपने हाथों से नियुक्ति आदेश पत्र वितरित किया। इस दौरान कुलपति ने कहा कि यह दैनिक श्रमिकों की मेहनत है जो उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डा. एके सिंह ने बताया कि ये सभी दैनिक श्रमिक उ.प्र शासन की नियमावली के तहत 31.12.2001 के पूर्व से कार्य पर लगे हुए थे और 10 वर्ष 240 दिन के कार्य दिवस को पूरा कर रहे थे। ये विवि के विभिन्न प्रक्षेत्रों एवं कृषि फार्मों पर कार्य कर रहे थे। डा. एके सिंह ने बताया कि इससे पहले 2020 में तीन, 2021 में 101 और 2024 में 29 सहित अब तक 133 दैनिक श्रमिकों को उनकी योग्यता के अनुसार विवि के कुलपति नियुक्ति पत्र वितरित कर चुके हैं। इस मौके पर कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी डा. भूपेंद्र सिंह, अपर निदेशक प्रसार डा. आरआर सिंह, अधिष्ठाता डा. एके गंगवार, अधिष्ठाता डा. साधना सिंह आदि मौजूद रहे।

### टैबलेट से उपस्थिति के विरोध में आज ज्ञापन देंगे शिक्षक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : टैबलेट से उपस्थिति और स्वयं के सिम न लगाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है। जिलामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के शिक्षक विरोध में है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्यवाही की धमकी दी जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है लेकिन टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नही कराया गया है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भारती ने बताया कि निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो कि नियमानुकूल नहीं है। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

**हालात** | मिलने हैं करीब 35 करोड़ रुपये, आधुनिकीकरण शिक्षकों का मामला

# पांच साल से 700 मदरसा शिक्षकों को नहीं मिला केंद्राश

कमर अब्बास, अयोध्या



▸▸ जिले में संचालित हैं 387 मदरसे, इनमें से 255 अनुदानित

▸▸ केन्द्र द्वारा स्नातक शिक्षकों को छह और परास्नातक को दिया जाता है 12 हजार मानदेय

"आधुनिकीकरण योजना के तहत सरकार की ओर से रखे गए शिक्षकों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मानदेय दिया जाता है। पांच साल से केंद्राश के करीब 35 करोड़ रुपये नहीं आए हैं। शासन को डिमांड भेजी जा रही है, कतिपय कारणों से विलम्ब हो रहा है। -अमित प्रताप सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी"

#### इन वर्षों का नहीं मिला है केंद्राश

विभाग की ओर से मिली सूचना के अनुसार जिले के विभिन्न मदरसों में तैनात शिक्षकों को वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 व 2022-23 की केंद्राश धनराशि नहीं मिली है। जबकि बीच में वर्ष 2021-22 में 10 महीने की केंद्राश धनराशि मिली थी।

**अमृत विचार** : जिले के करीब 700 आधुनिकीकरण शिक्षकों को पांच साल से अधिक समय से मानदेय में केंद्रांश नहीं मिल रहा है। अभी तक ये रकम करीब 35 करोड़ रुपये है। केंद्रांश न मिलने से शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बाद भी उनकी समस्या दूर नहीं हो सकी है।

जिले में करीब 387 मदरसे संचालित हो रहे हैं। इनमें से 255 अनुदानित हैं। अनुदानित मदरसों में उर्दू के अलावा हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान व कंप्यूटर की भी पढ़ाई हो रही है। सरकार की ओर आधुनिकीकरण योजना के तहत इन मदरसों में कुल 700 शिक्षकों की तैनाती की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा स्नातक शिक्षकों को छह हजार, परास्नातक को 12 हजार और प्रदेश सरकार द्वारा स्नातक को तीन हजार और परास्नातक को तीन हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। मदरसा असरफिया के शिक्षक कमरुद्दीन ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से मिलने वाला राज्यांश तीन हजार रुपये हर माह मिल जा रहा है, लेकिन केंद्रांश पांच साल से अधिक समय से नहीं मिल रहा है। इससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। गुलामनूर, मुहम्मद वसीम अहमद, गयासुद्दीन आदि शिक्षकों ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से करीब 78 माह से केंद्राश नहीं भेजा जा रहा है। जिससे मुश्किलें बढ़ गई हैं। विभागीय अधिकारी मात्र आश्वासन दे रहे हैं।

# चार माह पूर्व हुई वारदात में दो लोग गिरफ्तार

**अयोध्या। अमृत विचार** : अयोध्या कोतवाली पुलिस ने चार माह पूर्व हुई एक वारदात में नामजद दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के आचार्य का संग्रह कूड़ा केशवपुर निवासी पवन ने बाराबंकी के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र निवासी पप्पू सिद्दीकी ने अपने मित्र की स्कॉर्पियो का उनसे 9.50 लाख में सौदा किया था। रकम की अदायगी के बाद पप्पू ने दो-चार दिन में गाड़ी उनके नाम करने की बात कही थी। 11 अक्टूबर 23 को वह निजी कार्य से प्रयागराज हाईवे पर जा रहा था। लठिहवा पेट्रोल पंप के पास दो इनोवा पर सवार लोगों ने उसको अगवा कर मारापीटा और मरा समझ नहर किनारे फेंक दिया। आईजी से शिकायत पर लगभग एक बाद बाद पुलिस ने मारपीट और अगवा कर गंभीर रूप से घायल करने की धारा में संजय, रवि, राहुल को नामजद करते हुए सात-आठ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कि मामले में संजय सिंह निवासी रुपापुर थाना कुडवार, सुल्तानपुर और ताज मोहम्मद निवासी चर्च कम्पाउंड निकट तिकोनिया पार्क थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने धोखाधड़ी, साजिश और लूट तथा जानलेवा हमले की धारा बढाई है।

# अमेठी में फिर हो सकता है स्मृति बनाम राहुल

## भाजपा नेताओं ने अपने-अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर लड्डू, हलुआ व पटाखे दगाकर मना रहे जश्न

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी लोकसभा सीट पर फिर से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को प्रत्याशी बनाया गया है। स्मृति ईरानी को प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा नेता अपने-अपने समर्थक के साथ ढोल नंगाड़े की थाप, लड्डू व हलुआ बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करा रहे हैं। बता दें कि इस सीट पर हमेशा गांधी परिवार का दबदबा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी यहां से लगातार तीन बार सांसद रहे है।

लेकिन, 2019 के चुनाव में स्मृति ईरानी के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बीजेपी इस बार भी स्मृति ईरानी को यहां से प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस की ओर से भी राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के कयास हैं। अगर ऐसा हुआ तो इस सीट पर एक बार फिर से दिलचस्प मुक़ाबला देखने को मिलेगा। अमेठी में फिर से स्मृति ईरानी को प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने समर्थकों के साथ रविवार को ढोल नंगाड़ों के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा कर सड़कों पर जश्न मनाया।


आतिशबाजी के बाद लोगों का मुंह मीठा कराते भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह।

भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा ने लड्डू बांटकर खुशियां जताई। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने मंदिर पर हलुआ परोसकर एक दूसरे को बधाई दी। अमेठी में 5 विधान सभा क्षेत्र तिलोई, सलोन, जगदीशपुर, गौरीगंज और अमेठी शामिल है। इनमें से तीन सीटों पर बीजेपी का कब्जा है, जबकि दो सीटें सपा ने जीती थी। हालांकि हाल में हुए राज्य सभा चुनाव में दोनों सपा विधायक बीजेपी के पक्ष में दिखाई दिए। इस तरह से अब ये पांचों सीटें बीजेपी के प्रभाव वाली हो गई हैं।

### सियासी समीकरण

अमेठी में 2019 लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को 55 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। स्मृति ईरानी को 4 लाख 68 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। जबकि राहुल गांधी को 4 लाख 13 हजार वोट मिले थे। आंकड़ों के मुताबिक इस सीट पर बीजेपी को कुल वोट का 49.71 प्रतिशत और राहुल गांधी को 43.84 प्रतिशत वोट मिला था। तीसरे नंबर पर एक निर्दलीय प्रत्याशी रहा था।

### जातिगत समीकरण

अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 1967 में बनाया गया था। तभी से अमेठी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी के बाद राहुल गांधी इस सीट से सांसद चुने गए थे। 2013 में अमेठी की जनसंख्या 15 लाख थी। जातिगत समीकरण के अनुसार यहां 66 प्रतिशत हिंदू हैं और मुस्लिम 34 प्रतिशत हैं।

### मुसाफिरखाना में भी मिष्ठान वितरित

स्मृति ईरानी को पुन: अमेठी से प्रत्याशी बनाये जाने पर रविवार को डाक बंगले गेट के सामने भाजपा युवा नेता अभिषेक प्रताप सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओ ने मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया। अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि अमेठी पुन: इतिहास रचेगी। इस मौके पर आशुतोष सिंह, रवि यादव, डा. अभय, अरुण यादव, सतनाम सहित दर्जनों संख्या में लोग मौजूद रहे।

### डीह में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

**परशदेपुर।** स्मृति इरानी को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपाई गदगद हैं। डीह ब्लाक की बहुद्देश्यीय सहकारी समिति में भाजपा और समिति के सदस्यों द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां मनाई गई। महामंत्री राजकुमार द्विवेदी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से विजयी बनाएंगे। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष नागार्जुन, कृष्ण कुमार तिवारी, सचिव राजू सिंह, विनय शुक्ल, राहुल सिंह, धीरज रावत, श्यामलाल रावत, राजू जायसवाल, आलोक रावत, रतन तिवारी सहित काफी लोग मौजूद रहे। परशदेपुर के महावीरन मुहल्ले में नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। ओंकार पांडेय, पुत्तन पांडेय, विंध्यादीन सरोज, श्याम बहादुर सरोज, मोहन सरोज आदि मौजूद रहे। पूर्व चेयरमैन सीपी श्रीवास्तव, चंदन मोदनवाल, कुंवर प्रताप सिंह, आशीष कौशल आदि मौजूद रहे।


डीह में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते लोग।

# एसपी ने किया थानों का निरीक्षण

जायस, अमेठी

**अमृत विचार।** एसपी ने राविवर को दो थाना के साथ सीओ कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन सुनवाई डेस्क, शस्त्र रजिस्टर, अपराध और लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पुलिस की ड्यूटी महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए जाने के निर्देश दिए। किसी तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

एसपी अनूप कुमार सिंह रविवार को औचक निरीक्षण के लिए थाना जायस, मोहनगंज व सीओ कार्यालय तिलोई पहुंचे। एसपी के आने की सूचना पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। उन्होंने सर्व प्रथम थाने पर जनसुनवाई डेस्क, आगंतुक कक्ष व महिला कक्ष का किया निरीक्षण किया। थाना रजिस्टरों से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। खाने की मेस से लेकर थाने में साफ-सफाई का जायजा लिया। थानों में खड़े वाहनों के रख रखाव में लापरवाही को देखकर उन्होंने पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


जायस थाने का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी व मौजूद थानेदार।

एसपी ने विभिन्न दस्तावेजों से लेकर पुलिस व्यवस्था का जाएजा लिया। एसपी ने थाना प्रभारी निरीक्षकों को रात्रि गश्त सुचारू रूप से किए जाने व वांछित अपराधियों की जल्द से जल्द धरपकड़ के आदेश दिए। चुनाव को ध्यान में रखकर पुलिस अभी से तैयारियों में जुट जाए। थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण करने के भी आदेश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के बाद एसपी के लौटने पर थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# ईंट उद्यमियों को बेमौसम बारिश और ओलों से हुआ भारी नुकसान

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** बीती दिनों से रुक-रुक कर हो रही बेमौसम बारिश ने ईंट भट्ठा व्यवसाईयों को भारी नुकसान पहुंचाया है। बेमौसम बारिश में जिले के आर्थिक संकट से जूझ रहे ईंट भट्ठा कारोबारी की कमर तोड़ कर रख दिया है। जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पिछले दो दिनों से हो रही बेमौसम बरसात से कच्ची ईंटें गलकर नष्ट हो गई हैं। जायस, बड़ागांव, मुजाहिदखानी, दिछौली, थौरी, बिराहिम बाजगढ़, गडरियाडीह, कंजास, इमलीगांव, वारिसगंज, डोमाडीह, हारीमऊ व उत्तरगांव आदि गांवों मे दर्जनों से अधिक ईंट भट्ठा संचालित है।


बेमौसम बारिश में भीगकर नष्ट हुईं कच्ची ईंटें। अमृत विचार

ईंट भट्टों पर लाखों की संख्या में कच्ची ईंटों को खुले आसमान के नीचे सूखने के लिए रखा जाता है। जिन्हें सूखने के बाद ईंट भट्टों के अंदर डालकर कोयला लकड़ी आदि ईंधनों का प्रयोग कर पकाया जाता है और उसके बाद बिक्री की जाती है। बीते शुक्रवार से लगातार हो रही रुक-रुक कर बेमौसम बरसात ने फड़ में पथी कच्ची ईंटों को नष्ट कर दिया है। ईंट कारोबारियों की माने तो बीते दिनों से रुक-रुक कर हो रही बरसात में भट्ठों पर पकाने के लिए तैयार की गई कच्ची ईंटें पानी में गलकर खराब हो गई है। ईंट भट्ठा कारोबारी राम सिंह, जुबेर खान पप्पू, श्रीराम प्रजापति व अनिल शर्मा आदि ने बताया कि उनके ईंट भट्टों पर कच्ची ईंटों की पथाई का कार्य तेज गति से चल रहा था। फड़ पर तैयार कच्ची ईंटों को बेमौसम बरसात ने बर्बाद कर दिया।

# 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर देखे गए 2656 मरीज

संवाददाता, अमेठी

मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिले में कुल 2656 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। आरोग्य मेले में कुल 94 गोल्डन कार्ड भी बनाये गए हैं।

अमेठी जनपद की 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को कुल 2656 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में 30 स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें 74 डॉक्टर, 258 पैरास्टॉफ लगाए गए थे। इस दौरान 94 गोल्डेन कार्ड बनाए गए। 19 मरीज रेफर किए गए। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। रविवार को जिले के सभी पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें 1084 पुरुष, 1155 महिला, 417 बच्चों का इलाज किया गया है।

# चुनाव की तैयारी में कांग्रेस से आगे भाजपा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी की दृष्टि से कांग्रेस से 20 कदम आगे है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है, फिर भी भाजपा ने विधान सभा वार चुनाव संचालन समितियों की बैठक शुरू कर दी है। रविवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने स्थानीय डाक बंगले में मंडल इकाई और न्याय पंचायत शक्ति केन्द्रों के कार्यकर्ताओं के साथ विधान सभा चुनाव संचालन समिति की बैठक कर कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र दिए और प्रचार अभियान की रणनीति पर विस्तार से संवाद किया। प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने लगभग दो घंटे तक बैठक करके संगठन के कार्यों की समीक्षा की।


डाक बंगले पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर समीक्षा करते प्रदेश मंत्री शंकर गिरी।

लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को कमल खिलाने के लिए कोर कमेटियों के साथ जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में पार्टी की ओर से गांव चलो अभियान, लाभार्थी सम्पर्क अभियान और नारी शक्ति वंदन को लेकर पार्टी की ओर से प्रकाशित साहित्य का वितरण भी किया गया। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष गोले दागकर और लड्डू बांटकर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के तीसरी बार प्रत्याशी घोषित होने पर खुशी जताई।

जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला, पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू, ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष देव नारायण त्रिपाठी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, अनिल सिंह, अजय कुमार विश्वकर्मा, लल्लन मौर्य, विजय पाल उपाध्याय, सौरभ पाण्डेय, राकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे। उधर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय कुमार कोरी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति के कार्य कर्ताओं ने लड्डू बांटे और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तीसरी बार टिकट मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार, जिला मंत्री उदयराज, अजय कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर युवती को छत से फेंका

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को छत से फेंक दिया। दोनों पैर व रीढ़ की हड्डी टूट जाने पर मायके लाकर छोड़ गए। पीड़ित पिता की तहरीर पर पति समेत ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के राजाराम गुप्ता ने अपनी पुत्री कुसुम की शादी लगभग 13 महीने पहले जौनपुर जनपद के बदलापुर मुखलिसपुर निवासी राधेश्याम गुप्ता से किया था। विवाह के समय ही लाखों की नगदी जेवरात तथा समान इत्यादि दिया था। शादी के समय ही रस्म पूरी होते समय खिचड़ी के वक्त ससुराली जनों ने एक लाख रुपए की और मांग कर ली। लोगों के समझाने बुझाने के बाद किसी तरीके से शादी हुई। पिता ने आरोप लगाया कि उसके बाद से ही हमारी पुत्री को पति राधेश्याम, ससुर पुजारी गुप्ता तथा सास प्रताड़ित करने लगे।

29 फरवरी को उसे छत से नीचे फेंक दिए, जिससे दोनों पैर में फैक्चर हो गया। कमर की हड्डी में भी फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद विवाहिता को मायके में लाकर छोड़ दिए। विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

सेल्फी की लगी होड़ | पिता ने शाही अंदाज में बेटी को हेलीकॉप्टर से विदा किया

# हेलीकॉप्टर से दूल्हे को लेकर पहुंची दुल्हन

▸▸ हेलीकॉप्टर और दुल्हन को देखने के लिये लगी ग्रामीणों की भीड़

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कूरेभार थाना क्षेत्र के शंकरगढ़ में जब हेलीकॉप्टर से अपने दुल्हे को लेकर पहुंची दुल्हन तो कौतुहल मच गया। प्रतापगढ़ में एक पिता ने अपनी बेटी की विदाई हेलीकॉप्टर से किया है। जिले में इस तरह का यह पहला मामला है।

रविवार को थाना क्षेत्र के शंकर गढ़ गांव में जब दुल्हन हेलीकॉप्टर से दूल्हे के साथ पहुंची तो हेलीकॉप्टर और दुल्हन को देखने के लिये भीड़ उमड़ पड़ी। साथ ही ग्रामीण हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ सी लगी रही। जहां हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के समय थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिये मौजूद रही।

शंकरगढ़ निवासी सत्य प्रकाश पांडेय के पुत्र सतीश पांडेय जो कि अहमदाबाद की एक कंपनी में सीनियर इंजीनियर है। उनकी बारात शनिवार को प्रतापगढ़ जिले के पट्टी अंतर्गत उपाध्याय का पुरवा निवासी कृपा शंकर के यहां गई थी।



दुलहन व दूल्हे और हेलीकॉप्टर के साथ लोगों ने ली सेल्फी। अमृत विचार

कृपा शंकर की बेटी शिवा के साथ सतीश ने सात फेरे लिए। शादी संपन्न होने के बाद रविवार की सुबह पिता कृपा शंकर ने अपनी इकलौती बेटी शिवा की शाही अंदाज में विदाई हेलीकॉप्टर से करके अपने सपने को पूरा किया। रविवार को कूरेभार के शंकरगढ़ में हेलीकॉप्टर से आयी दुल्हन को देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ सी लग गई।

## टॉवर से केबल चुराने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पतीपुर टावर के निकट पुलिस ने गस्त के दौरान रविवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एसआई प्रदीप कुमार यादव, सिपाही अखिलेश यादव के साथ रविवार की भोर शिवगढ थाना जा रहे थे। पतीपुर मोबाइल टावर के पास सड़क पर एक युवक दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे देखकर पुलिस ने युवक को पकड़ कर थाने ले आई। जिसकी पहचान कोतवाली देहात के उतुरी गांव निवासी पिंटू के रुप में की गई है। पकड़ा गया युवक पुलिस की पूछताछ के बाद में टावर की चोरी का वांछित अभियुक्त निकला है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शिवगढ़ एसओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि एक पखवारे पूर्व सकरसी में लगे मोबाइल टावर में चोरी करते समय अभियुक्त के साथी रवी को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया था। जिसे पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पकड़े गए अभियुक्त की तलाश की जा रहा थी। जिसे गिरफ्तार कर केबिल सहित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## सार-संक्षेप

### बुजुर्ग महिला की डूबने से हुई मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** भोर में घर से निकली महिला की स्थानीय कस्बा स्थित सगरा में डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन की तरह रविवार को भी स्थानीय कस्बे के वार्ड नंबर 9 निवासी वीरेंद्र टंडन की 60 वर्षीय पत्नी शालिनी टंडन सुबह करीब 4 बजे टहलने व बतख को दाना देने निकली थी। परिजनों के मुताबिक बतख को दाना डालते समय पैर फिसलने से सगरा में डूब गई। जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को पानी से निकलवाकर अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है, औपचारिकता पूर्ण करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रह है।

### पूर्व प्रधान पर हुआ जानलेवा हमला

**भेटुआ, अमेठी।** प्रधान को मरणासन्न की स्थिति में छोड़कर हमलावर फरार हो गये। क्षेत्राधिकारी अमेठी ने बताया की घटना सुनियोजित ढंग से की गई थी। घटना को दुर्घटना का अंजाम देने के लिए बनाई थी। रणनीति, जिसमें निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए मुकद्दमा दर्ज किया गया है। मौके पर फोर्स मौजूद है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी 4 दिन पहले भी विवाद हुआ था, गंभीर हालात देखकर डॉक्टर ने घायल पूर्व प्रधान को जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है।

### चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस गस्ती की खुल रही पोल

**भेटुआ, अमेठी।** ब्लॉक मुख्यालय में चोरी का यह कोई नया मामला नहीं है। इसके पूर्व भी लाखों का सामान चोरी गया था। अभी तक पहली चोरी का कोई सुराग नहीं लग पाया है कि इसी बीच फिर दोबारा चोरी हो गई। कहीं न कहीं अमेठी पुलिस वालों के लिए चोरों का यह खुला चैलेंज है। पटल अधिकारी भेटुआ सुमन गुप्ता के मुताबिक चार इनवर्टर, 4 बैटरी, चार प्रिंटर आदि सामानों की चोरी हुई है। लेकिन अभी तक अमेठी थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस के मुताबिक पटल अधिकारी ने चोरी हुए सामानों की क्रय पर्ची कोतवाली में उपलब्ध नहीं करा पाई है।

### नाली खुदाई में मिले सिक्के, बंटवारे को लेकर हुआ विवाद

**जायस, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विकास को अमलीजामा पहनाने के लिए मनरेगा से नाली निर्माण के लिए खुदाई का कार्य चल रहा था। उसी दौरान खुदाई के समय कुछ चांदी के सिक्के दिखाई दिये। चांदी के सिक्के को लेकर आपस में बंटवारे को लेकर विवाद हुआ तो पुलिस ने सिक्के को अपने कब्जे में लेकर पुरातत्व विभाग को सूचना दे दी। विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने को लेकर कोतवाली क्षेत्र जायस के गांव तांबामऊ में जल निकासी के लिए नाली के निर्माण को लेकर खुदाई का काम चल रहा था। नाली खुदाई के समय मजदूरों को उसमें चांदी के कुछ सिक्के दिखाई दिए। चांदी के सिक्के देख बंटवारे को लेकर वहां मौजूद मजदूरों में विवाद शुरू हो गया। चांदी के सिक्के मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। नाली खुदाई में मिले सिक्के को पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए घटनाक्रम को पुरातत्व विभाग को जानकारी दे दी है। वहीं पूरे मामले पर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि नाली की खुदाई करते समय चांदी के सिक्कों के मिलने की सूचना मिली थी, सूचना पर सभी सिक्कों को कब्जे में सीज कर दिया गया है। पूरे घटनाक्रम से पुरातत्व विभाग को अवगत कराकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### यज्ञ त्यागमय जीवन के आदर्श का है प्रतीकः यज्ञाचार्य

**संवाददाता, अमेठी।** युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार अमेठी द्वारा गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान के अन्तर्गत थौरा के 14 एवं टिकरी के 12 घरों सहित कुल 26 घरों में गायत्री महायज्ञ एवं देव स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। साथ ही मार्च 2025 में आयोजित होने वाले राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा अभ्युदय कार्यक्रम की सफलता हेतु गायत्री मंत्र लेखन की पुस्तिका एवं धर्म घट की स्थापना भी कराई गई। यज्ञाचार्य राधेश्याम तिवारी ने यज्ञ कराते हुए कहा कि यज्ञ त्यागमय जीवन के आदर्श का प्रतीक है। इदन्न मम-यह मेरा नहीं सम्पूर्ण समाज का है, इन भावनाओं के विकास से ही हमारा सनातन आध्यात्मिक समाजवाद जीवित रह सकता है। अपनी प्रिय वस्तुएं घृत, मिष्ठान्न, मेवा औषधियां आदि हवन करके उन्हें सारे समाज के लिये बाट देकर हम उसी प्राचीन आदर्श को मनोभूमि में प्रतिष्ठापित करते हैं। यज्ञाचार्य सुभाष चंद्र द्विवेदी ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य अपनी योग्यता, शक्ति, विद्या, सम्पत्ति, प्रतिष्ठा, प्रभाव पद आदि का उपयोग अपने सुख के लिये कम से कम करके समाज को उसका अधिकाधिक लाभ दें, यही आदर्श यज्ञ में सन्निहित है।


यज्ञ करवाते जजमान। अमृत विचार

### भीमराव आंबेडकर के संविधान विरोधी है भाजपाः सपा

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव का मुसाफ़िरख़ाना आगमन पर पार्टी के सैकडों कार्यकर्ता द्वारा स्वागत किया गया। प्रमोद यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी 80 सीटें जीतेगी। बीजेपी का खाता भी खुलने वाला है। छात्र, नौजवान, किसान सब परेशान है। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सूबेदार यादव डीडीसी ने बताया बीजेपी बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान बदलना चाहते है। हम सब को मिलकर संविधान बचाना है। 80 के 80 सीटों पर बीजेपी भगाओ संविधान बचाओ, बेरोज़गारी चरम पर बीजेपी शासन में आयोजित सभी परीक्षा का पेपर लीक हो जा रहा है, सांड से किसान की फ़सले बर्बाद हो रही है। छात्र सभा ज़िलाध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा पी.डी.ए. जितना मजबूत होगा बीजेपी उतनी आसानी से हारेगी। यूथ ब्रिगेड ज़िलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव ललित यादव, एडवोकेटअक्षय प्रताप यादव, अरविंद यादव प्रधान, प्रेम यादव, अरुण पांडे, अभिषेक शुक्ला, रवि रैदास, अरविंद पाल, शैलेन्द्र यादव, शत्रोहन यादव, प्रदीप यादव कोटेदार, मोहित यादव अजय यादव, बीडीसी, आरिफ़ अन्य साथी उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं को राम कथा का कराया रसपान

**अमेठी।** भक्तों की भावना तोड़ने में भगवान को भी पसीना आ जाता है। अमेठी के भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के 5वे दिन रविवार को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य श्री शान्तनु जी महाराज ने श्रद्धालुओं को राम कथा रस पान कराते हुए धनुष यज्ञ और भगवान श्रीराम के विवाह का प्रसंग की चर्चा में बताया कि भक्तों की भावना तोड़ने में भगवान को भी पसीना आ जाता है। उन्होंने दो प्रसंगों पर श्रोताओं के ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि पुष्प वाटिका से फूल तोड़कर निकलते समय सीताजी ने उनके मस्तक पर श्रमविन्दु (पसीना) दिखा और वह धनुष जिसे 10 हज़ार राजा न तोड़ सके उसे एक पल में तोड़ने में उन्हें कुछ भी श्रम नहीं लगा। रविवार की कथा में आयोजक परिवार को आशीर्वाद देने के लिए अयोध्या के महापौर व अमेठी वासियों के पूज्य गुरुदेव पंडित श्री गिरीश पति त्रिपाठी का भी आगमन हुआ। उन्होंने आयोजक परिवार व मौजूद भक्तों को आशीर्वाद दिया। खराब मौसम के बावजूद गौरीगंज के विधायक राकेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। आयोजक गण संतोष सिंह, विनोद सिंह, शैलेन्द्र ने आगंतुकों व श्रद्धालुओं का स्वागत व आभार प्रकट किया।

### सिरमौर बौद्ध विहार के विकास के बारे में हुई चर्चा

**अमेठी।** रविवार को सिरमौर बौद्ध विहार सोइया की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विहार के सौन्दर्यीकरण के लिए आगे के कार्यों की कार्य योजना पर विचार के साथ आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बहुजन समाज के लोगों से विहार के विकास के लिए यथाशक्ति आर्थिक सहयोग की भी अपील की गई। कमेटी के सचिव रामफल फौजी ने पिछली कार्यवाही के विषय में जानकारी दी। भंते प्रज्ञा मित्र और भंते धम्मदीप ने बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर संवाद किया। कहा कि नव बौद्धों को अनुसूचित जाति की सभी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, सभी उपासक अपने बच्चों का स्कूलों में प्रवेश कराते समय जाति के कालम में बौद्ध लिखाएं। नागेश्वर बौद्ध, केपी सविता बौद्ध, राम टहल, राम चंद्र सरस, सियाराम बड़े, बाबू ललित कुमार, किसुन पाल, बाबू लाल, नीरज बौद्ध, किशन सिंह बौद्ध आदि मौजूद रहे।

### योजनाओं की सफलता के लिए डीपीआरओ ने की बैठक

**गौरीगंज, अमेठी।** रविवार को डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी ने पंचायत सचिवों और स्वच्छ भारत मिशन के प्रेरकों और जिला पंचायती राज विभाग के अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर शासन की ओर से संचालित सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और राज्य के 15वें वित्त आयोग के कार्यों को नियम संगत तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पंचायत सचिवों से उनके कार्य भार की ग्राम पंचायतों में अब तक हुए कार्यों और भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कहा कि नये कार्य शुरू कराने के पहले नियम संगत तरीके से निविदाएं आमंत्रित करने और कार्य शुरू करने के पहले और कार्य पूर्ण होने के बाद मि फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आवंटित शौचालयों के निर्माण की स्थिति और एसडब्ल्यूएल एम-ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

## सार-संक्षेप


छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप।

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** बाबागंज ब्लाक अंतर्गत अमर बहादुर शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान बहोरिकपुर एवं कमला बजरंग महिला महाविद्यालय में रविवार को युवाओं के तकनीकी रूप से सशक्तिकरण को लेकर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर सभी के चेहरे खिल गए। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से छात्रों को ऑनलाइन कोर्स और कोचिंग जैसी सुविधाएं घर बैठे मिलेंगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक क्षमा अभय प्रताप सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र बहादुर सिंह, प्राचार्य इंद्र भूषण शुक्ल, सौरभ सिंह अतुल, अशोक कुमार सिंह, संतोष कुमार तिवारी, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग

**कोरांव/नैनी। अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रतिमा को गोपाल विद्यालय इंटर कालेज में लगाएं जाने की मांग क्षेत्र वासियों ने उनके पुत्र राजा अजय सिंह से की है, जिससे आने वाली पीढ़ी राजा साहब से सीख ले सकें। प्रमुख रूप से प्रेम शंकर मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख, के पी सिंह एडवोकेट, बब्बन तिवारी, प्रभात शंकर त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख, गायत्री प्रसाद तिवारी, सन्तोष कुमार जायसवाल, डा सुनिल कुमार शुक्ल, डा विद्याकान्त तिवारी, अभय सिंह, राजेश कुमार गौड़, कमलेश कुमार मीणा, वंश बहादुर सिंह, नीरज दुबे, दीपक मिश्रा, प्रेम शंकर मिश्र, रोहित तिवारी, अजय श्रीवास्तव आदि लोगों ने यह मांग की है। वही प्रधानाचार्य डा साबिर अली ने राजा साहब के विचारों व संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए प्रतिमा लगाने की बात कही, जिससे आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में टेंट कर्मी की मौत

**लालगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार :** बेलहा कान का पुरवा लालगंज निवासी 20 वर्षीय आशीष सरोज कल्लू पुत्र रामसुंदर शनिवार की रात भोजन कर घर में सोने चला गया। रविवार की सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो मां माधुरी उसे चाय देने के लिए कमरे में पहुंच गई। कई बार आवाज दिया, जवाब न मिलने उसका सिर पकड़ कर हिलाने लगी। इसके बाद भी शरीर में कोई हरकत नहीं हुई तो वह चीखने लगी। चीख सुन कर पड़ोस के लोग पहुंचे तो देखा आशीष की मौत हो गई है। मृतक युवक तीन भाइयों व चार बहनों में सबसे छोटा था। मृतक के पिता ईंट भट्टे पर काम करता है जबकि मृतक युवक टेंट हाउस में श्रमिक का काम करता था। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** नवाबगंज के छिंदौरा गांव निवासी राजेन्द्र सरोज की 17 वर्षीय पुत्री काजल रविवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के सामने ही रेलवे ट्रैक की तरफ शौच के लिए गई थी। इसी दौरान कानपुर से प्रयागराज जाने वाली कानपुर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे काजल की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर भाग कर परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर नवाबगंज पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों ने बताया कि काजल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मृतका के बाबा भगौती प्रसाद की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### पुलिस की लापरवाही से हुआ हादसा

**नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** चाका ब्लाक चौराहा के समीप रविवार सुबह हुआ हादसा का कारण नैनी पुलिस की लापरवाही का परिणाम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना से 25 मीटर पूर्व शुक्रवार रात दो ट्रक भिड़ गईं थी। हादसे के बाद एक ट्रक को तो वहां से हटा दिया गया लेकिन दूसरी ट्रक को मौके से नहीं हटाया गया। जिसके परिणाम स्वरूप रविवार सुबह सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रक से टकराने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर नाला पार करते हुए अस्पताल के बाहर खड़ी कार को रौंद दिया। लोगों का कहना था कि उक्त ट्रक को भी यदि हटा दिया गया होता तो हादसा नहीं होता।

### उमेश पाल हत्याकांड: अतीक के दोनों बेटों से होगी पूछताछ

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** प्रदेश के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस अब माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली का बयान दर्ज करने की तैयारी में है। अतीक का बड़ा बेटा उमर लखनऊ की जेल में बंद है, जबकि छोटा बेटा अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। उमेश पाल हत्याकांड में अली और उमर पहले ही आरोपी बनाये गये थे। पुलिस उमर और अली के खिलाफ दाखिल चार्जशीट से उनका बयान लेगी। साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ वारंट भी तामील कराया है। इसके अलावा अतीक के दोनों छोटे बेटे अहजम और अबान् की निभाने भी जांच के घेरे में है। अहजम तो बालिग हो चुका है, लेकिन अबान अभी नाबालिग है। दोनों बाल संप्रेषण गृह में रखे गये थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाल कल्याण समिति ने दोनों को घर भेज दिया था। फिलहाल उमर और अली के आरोपी बनने के बाद उनके दोनों छोटे भाई की भूमिका भी सामने आई है। जिसकी जांच पुलिस ने शुरु कर दी है। अतीक् के बेटे के दो साथियों के बैंक अकाउंट से पिछले कुछ दिनों बड़ी रकम निकाली गई है। पुलिस इस मामले मे जांच कर रही है। अतीक के बेटे के कई दोस्त कान्वेंट स्कूल के छात्र हैं। पुलिस टीमों ने करेली, रोशन बाग, सिविल लाइंस, नैनी आदि इलाकों में रहने वाले लड़कों पर नजर रखना शुरू कर दिया है। इसके लिए टीम भी बनाई गई है।

# सड़क हादसों में नगर पंचायत कर्मी के बेटे समेत दो की मौत, दो घायल

## पोस्टमार्टम को भेजा शव, घायलों का चल रहा इलाज

संवाददाता, कुण्डा/रानीगंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में नगर पंचायत कर्मी के बेटे समेत दो लोगों की मौत हो गई। मौत से परिजन रो-रो कर बेहाल हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र रसोइयां निवासी नजीर अहमद के छह बेटों में सबसे छोटा बेटा 19 वर्षीय समीर कादीपुर के पास सैलून की दुकान पर काम करता था। सुबह दुकान जाने के लिए साथ काम करने वाले इरफान पुत्र बड़कउ टेलर, एक रिश्तेदार के साथ बाइक से निकला था। शिवसत पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक और आल्टो कार में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए। समीर ने मौके पर ही दम तोड दिया। जबकि दोनो साथियों का मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में पृथ्वीगंज पुलिस चौकी अंतर्गत छैवा पुल के पास 14 वर्षीय कसान सड़क के किनारे पैदल जा रहा था। तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक कार लेकर फरार हो गया। मृतक के पिता सादिक उर्फ पप्पू नगर पंचायत कार्यालय पृथ्वीगंज में कार्यरत हैं। किशोर के मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर पंचायत प्रतिनिधि संजय सरोज ने दुःख जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




## सड़क हादसे में बेटे की मौत 6 घंटे बाद मां ने भी तोड़ा दम

**कुंडा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे युवक की विद्युत पोल की टक्कर से मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनने के छह घण्टे बाद बेटे के मौत के सदमे में गिरी मां की भी सांसे थम गईं। एक साथ मां और बेटे की शव यात्रा देख हर किसी की आंखे नम हो गईं। दोनों मौतों से गांव में किसी के घर चूल्हे नहीं जले। बाघराय थाना क्षेत्र के बक्सी का पुरवा पीथीपुर गांव निवासी मुकेश कुमार लवकुश (23) पुत्र राम दुलार शनिवार शाम वैवाहिक कार्यक्रम में बंशियारा गांव गया था। देर रात लौटते समय सरई नहर पंडित का पुरवा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। जोरदार टक्कर होने के कारण गिरकर मुकेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे एसआई अमित द्विवेदी ने मुकेश को गंभीर हालत में सीएचसी बाघराय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिजन बेहाल हो गए। मुकेश की मां रन्ना देवी (44) बदहवास हो गई। बेटे की अचानक मौत वह बर्दाश्त ना कर कर सकी। बेटे की मौत के सदमे में रोते-रोते करीब छह घण्टे बाद अचानक वह गिरी और उनकी भी सांसें थम गईं। बेटे के बाद मां की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। बेटे और मां दोनों की एक साथ शव यात्रा निकली तो हर किसी की आंखे नम हो गईं। श्रृंगवेरपुर गंगा घाट दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

# अलर्ट मोड पर रही पुलिस किया एंटी राइट मॉक ड्रिल



**तैयारी**

एंटी राइट मॉक ड्रिल में परीक्षण करते पुलिसकर्मी।

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** आगामी त्यौहारों और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रयागराज पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस कमिश्नरेट ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश पर त्यौहारों और लोकसभा चुनाव के दौरान दंगाइयों और उपद्रवियों से सख्ती से निबटने के लिए कमिश्नरेट के तीनों जोनों में शनिवार को एंटी राइट मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

तीनों जोनों के डीसीपी ने एसीपी और थाना अध्यक्षों के साथ मॉक ड्रिल किया। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने शहर के कई इलाकों में पुलिस फोर्स और पैरामिलिट्री के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस की मुस्तैदी देखी और पुलिस कर्मियों को भीड़ नियंत्रित करने के लिए कई अहम जानकारियां दी। उन्होंने अटला, करेली, खुल्दाबाद, शाहगंज और मुट्ठीगंज के साथ ही सिविल लाइन के पॉश इलाके में भी फ्लैग मार्च किया।

> दंगा निरोधक मॉक ड्रिल पुलिस की ट्रेनिंग का अहम हिस्सा है। समय-समय पर पुलिसकर्मियों को ऐसी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वह किसी भी क्रिटिकल सिचुएशन में बेहतर ढंग से पुलिसिंग कर सकें। – **दीपक भूकर, डीसीपी सिटी, प्रयागराज**

## अनियंत्रित ट्रक ने अस्पताल के बाहर खड़ी कार को रौंदा

**संवाददाता, नैनी, अमृत विचार।** कोतवाली नैनी स्थित रीवा राजमार्ग पर रविवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने अस्पताल के बाहर खड़ी कार को रौंद दिया। गनीमत थी कि काफी सुबह की घटना होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। रविवार सुबह लगभग साढ़े चार बजे मामा भांजा बाजार की ओर से एक ट्रक शहर की ओर जा रही थी। चाका ब्लाक चौराहा पहुंचने से पहले सड़क पर खड़े ट्रक से टकराकर वह अनियंत्रित हो गई। इसके बाद सड़क के बगल स्थित एक अस्पताल की ओर घूम गई और अस्पताल के बाहर खड़ी कार को रौंद दिया। हादसे में ट्रक और कार दोनो क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज होने के कारण आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। अस्पताल के मालिक डॉ कन्हैया लाल ने बताया कि कार उनके मित्र सुरेंद्र निषाद करैला बाग निवासी की है जिसे उन्होंने ही सड़क से हटकर खड़ी किया था। ट्रक में गेहूं लदा हुआ था जो एक मंत्री का बताया जाता है।



# जनता से सुझाव लेकर घोषणा पत्र में शामिल करेगी भाजपा

संवाददाता, प्रतापगढ़


प्रेसवार्ता में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता, मौजूद विधायक राजेन्द्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष।

**अमृत विचार :** प्रत्येक विधानसभा में 15 मार्च तक जनता के सुझाव भाजपा कार्यकर्ता एकत्र करेंगे। दिए गए सुझावों को प्रदेश, वहां से केंद्रीय संगठन को भेजा जाएगा। उसे नमो एप पर अपलोड किया जाएगा।

उक्त बातें वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना के तहत कटरा मेदनीगंज स्थित होटल में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा और जिला मुख्यालय पर एक सुझाव पेटिका रखी जायेगी। जिसमें 500 सुझाव पत्रक रहेंगे। सांसद संगम लाल गुप्ता ने दुबारा सांसद प्रत्याशी घोषित होने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना कैसे पूरी होगी, इसके सम्बंध में जनता से विधानसभा स्तर पर लिए गए सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी। पार्टी सुझावों को घोषणा पत्र में शामिल करेगी। सांसद ने कहा कि 60 वर्षों में जिले की जो इमेज अधूरी रही, उसे विकास कार्यों से काफी हद तक पूर्ण करने का प्रयास किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के विकास कार्यों को गिनाया। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जनपद में विकास कार्य तेजी से चल रहा है। भाजपा लोकसभा प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जौनपुर सुशील उपाध्याय, पार्टी प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल, सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, अभिषेक पांडेय, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### पांच साल नहीं आयी याद, सांसद ने सवालों को बताया सुझाव

सांसद संगम लाल गुप्ता से पत्रकारों ने सवाल किया कि रामपुर खास विधानसभा में पांच अग्निशमन केंद्र (लालगंज, सांगीपुर, उदयपुर, संग्रामगढ़, नया मंगापुर) हैं, जबकि विश्वनाथगंज विधानसभा की दक्षिणी सीमा में एक भी फायर स्टेशन नहीं है। शहर या लालगंज से फायरब्रिगेड बुलाना पड़ता है। इस सवाल पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा इस सुझाव को नोट कर रहा हूँ अमल करूंगा। कटरा मेदनीगंज बाजार में आये दिन जाम की समस्या पर कहा नहर के बगल बाईपास को चौड़ीकरण कराया जाएगा। लंबे समय से बदहाल कटरा गुलाब सिंह से कानूपुर मार्ग पर तकनीकी कारणों से सड़क नहीं बन सकी। आचार संहिता लगने के पहले ही सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा।

# अभिव्यक्ति अपनी भाषा में सबसे सुंदर होती है : रीता जोशी

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण व अवस्थापना सुविधाओं के लिए प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत विभिन्न कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जिले में राजकीय बालिका इंटर कालेज शंकरगढ़, राजकीय बालिका इण्टर कालेज फूलपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज मुगारी करछना, राजकीय बालिका इंटर कालेज सैदाबाद, राजकीय बालिका इंटर कालेज धनुपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज कटरा, राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय दिघिया माण्डा, राजकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय सिरसा एवं राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय गोहरी सोरांव में 383.97 लाख रूपये से वृहद निर्माण कार्य कराने के कार्यदायी संस्था समाज कल्याण निर्माण निगम को निर्देशित किया। सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि आज का दिन हम सब लोगो के लिए बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार का एक और प्रयास का प्रारम्भ हो रहा है। कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अगले 10 साल में भारत का एजूकेशन सिस्टम वर्ड एजूकेशन सिस्टम के बराबर होगा। सांसद ने नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। सांसद ने कहा कि अभिव्यक्ति अपनी भाषा में सबसे सुंदर होती है। हम लोग यूपी के है और हमारी मातृभाषा हिंदी है, इसलिए हिंदी भाषा को ज्यादा बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में संबोधित करतीं सांसद रीता बहुगुणा जोशी।

## वर्ग पहेली-361

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।




### वर्ग पहेली - 360 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठु |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

# डीजे में उतरा करंट, भाइयों समेत तीन लोगों की मौत

**संवाददाता, प्रयागराज, कौशांबी। अमृत विचार :** क्षेत्र के कोखराज थाना अंतर्गत उसरे गांव में शनिवार की रात बड़ी घटना हो गई। गांव पहुंची बारात के साथ चल रही डीजे हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घटना में तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद तत्काल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। झुलसे लोगों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचे पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतकों के परिजनों को खबर दे दी। बता दें कि कौशांबी थाना क्षेत्र के दुल्हनियापुर गांव के रहने वाले पिंटू की शादी कोखराज थाना क्षेत्र के उसरे गांव की रहने वाली अमृता प्रजापति से तय हुई थी। शनिवार को डीजे बैंड के साथ बारात घर से निकली और समय के अनुसार बारात उसरे गांव पहुंच गई। कुछ देर के बाद बारातियों को जलपान कराया गया। जिसके बाद बारात आगे बढ़ी। लोग डीजे पर नाचते गाते हुए दुल्हन के घर की तरफ बढ़ रहे थे, तभी बारिश आंधी के साथ बरसात शुरु हो गई। तेज हवा से टूटकर तार नीचे झूलने लगा। जिससे डीजे में हाई टेंशन तार छू गया और करंट उतरने आया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक हादसे में भाई राजेश, रवि पुत्र राम भवन और डीजे पर सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य बराती भी गंभीर रूप से झुलस गए। लोग मदद के लिए भागते हुए पहुंचे और सभी को अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक परिवार ने बताया कि बिजली विभाग समेत डीजे संचालक के खिलाफ की तहरीर दी गई है। स्थानीय पार्षद वीरेंद्र गौतम ने बताया कि हादसे की वजह बिजली विभाग की लापरवाही है। एक सप्ताह पहले हाईटेंशन तार टूटने की लिखित शिकायत विभाग को दी गई थी।

> बरसात होने से साउंड सिस्टम को बजाने के लिए डीजे के ऊपर छत लगाया गया था। रास्ते में हाई टेंशन तार ढीले थे। छाता हाई टेंशन तार से टच हुआ और डीजे गाड़ी में करंट उतर आया है। जिसमें पांच लोगों की मौत और तीन लोग घायल हैं। परिवार से मिलने वाली तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना स्थल पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। – **अवधेश विश्वकर्मा, सीओ सिराथू**

## सुडोकू-78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 1 | | 2 |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 8 | | | | 1 | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | | | 5 | |
| 9 | | 2 | | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | 6 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 2 | | 4 | | 6 | | 5 | | |

### सुडोकू - 77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 08.49 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 16.21 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज अति उत्साह पर नियंत्रण रखें। दांपत्य संबंधों में गलतफहमी न होने दें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से रखें। कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। अत्यधिक क्रोध आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

**वृष** – आज जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवादित मामले सुलझा सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। शरीर में आलस्य न रखें। परिवार के मामलों में परेशानी खड़ी हो सकती है। दिनचर्या अच्छी रखने का प्रयास करें।

**मिथुन** – आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। पुराने रोगों के दोबारा उभरने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

**कर्क** – आज प्रेम रिश्ते में तनाव हो सकता है। छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन असंतुष्ट रहेगा। दोस्तों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिलेगा।

**सिंह** – आज अपने स्वभाव में अहंकार न आने दें। दिनचर्या से थोड़ा फुर्सत लें और खुद को समय दें। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परिस्थितियां आपके विरुद्ध हो सकती हैं। कुछ लोगों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। आपके ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आपका समय अच्छा बीतेगा। परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज कानूनी दांव-पेंच में उलझ सकते हैं। कड़वे वचन बोलने से बचें। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। शरीर में थकावट रहेगी। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। पड़ोसियों के साथ झड़प हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

**वृश्चिक** – आज घर का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन काफी अच्छी तरह बीतेगा। समस्त कार्यों में सफलता मिलेगी। भूमि-संपत्ति के कार्यों में लाभ मिलेगा।

**धनु** – आज दूसरों के बहकावे में आकर कोई कार्य न करें। लेन-देन करते समय पेपरवर्क में सावधानी रखें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लोग आपकी अवज्ञा कर सकते हैं। समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद हो सकता है।

**मकर** – आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा। घर में मेहमान आ सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में दिन बीतेगा।

**कुंभ** – आज पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। तकनीक संबंधी प्रोजेक्ट्स को लेकर नई रणनीति बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**मीन** – आज लोग आपकी बातों का गलत अर्थ न निकालें इसका ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। जॉब बदलने का विचार बनेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय उत्तम नहीं है। लोग आपकी भावनाओं का ज्यादा सम्मान नहीं करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- आखरी गुलाम – सुबह : 09.44
- अलीबाबा मरजीना – रात : 07.11

StarGold Select
- चरित्रहीन – सुबह : 11.00
- द गाजी अटैक – रात : 09.00

Sony Pix
- जुमांजी – सुबह : 09.46
- घोस्टबस्टर्स – रात : 08.50

Zee Cinema
- कॉर्पोरेट – सुबह : 10.30
- मौसम – रात : 07.30

Colors Cineplex
- जानी दुश्मन – सुबह : 10.58
- एसीपी शिवा – रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म



स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात-09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की – नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं न।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं।
लड़की-सोशल वर्कर हो?
लड़का-नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।



महात्मा गांधी की पोशाक पहने एक व्यक्ति रविवार को कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर सिख समुदाय के धरना मंच में हिस्सा लेता हुआ। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उस व्यक्ति की प्रशंसा की। ● एजेंसी

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत मंगलवार को देंगे इस्तीफा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

# मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार: शाह

● गृह मंत्री बोले-नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग



'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा-इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा-हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास दिया जा रहा है।

### नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी: राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार भारतीय रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा-किराए में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी, मांग के अनुसार घटता-बढ़ता किराया, बढ़ते रद्दीकरण शुल्क और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के जरिए लूट की जा रही है। लोगों को 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर लुभाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर भी नहीं रख सकते।

## एक नजर

### मणिपुर हिंसा: सीबीआई ने 7 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा, कोंथौजम रोमोजीत मेइती और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

### वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

## दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार, तीन व्यक्तियों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि बदरपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को देर रात 12.48 बजे होंडा शोरूम के पास बदरपुर फ्लाईओवर पर एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी।

## मामले को एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार : सिद्धारमैया

चिकमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

**कर्नाटक के कैफे में हुए विस्फोट का मामला**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा-हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि 'ब्रांड बेंगलुरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, तो इस पर सिद्धारमैया ने कहा-जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए?

## सदमे के चलते आत्महत्या से उकसावे का मामला नहीं बनता

मुंबई, एजेंसी

● प्रेम संबंध के मामले में अदालत ने की टिप्पणी



मुंबई की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना ''नैतिक रूप से'' गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ये टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, ''नैतिक रूप से...प्रेमी/प्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय नहीं है, जिसके/जिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो।'' उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए।

अदालत ने कहा-कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसका/उसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा।'' अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

# विकसित भारत के लिए दृष्टि पत्र पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता

● सूत्रों ने बताया-100 दिवसीय एजेंडे पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ''विकसित भारत : 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों,



नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा-विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## पूर्व सांसद आनंद मोहन से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है।

आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में जीएसटी अपवंचना रोकने, मौजूदा चुनौतियों की समीक्षा और केंद्रीय और राज्य कर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अपनाए गए सफल तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में जाली इन्वॉयस, बेहतर व्यवहार को साझा करने, तालमेल को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी और आंकड़ों का लाभ उठाने के प्रभावी तरीकों पर भी रणनीति बनाई जाएगी।

### एक दशक में नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा

**नई दिल्ली।** पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में इन मदों पर खर्च 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में खर्च 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया।

# चिप विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेंगे

### प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच साल में भारत के लिए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। वैष्णव ने साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा-बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियों डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

### हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता: वैष्णव



वैष्णव ने समझाते हुए कहा-किसी भी विकासशील देश के लिए, हमारे आकार की अर्थव्यवस्था के लिए, देश के भीतर सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता है। डिजायन क्षमताओं के साथ हमारे पास विनिर्माण क्षमता भी होनी चाहिए, तभी इसमें और मूल्य जोड़ा जा सकता है। वैष्णव का मानना है कि सेमीकंडक्टर योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगी, अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों पर गुणक प्रभाव डालेगी, रोजगार पैदा करेंगी और आजीविका को बढ़ावा देंगी। हाल में की गई घोषणा के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि. ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भागीदारी में गुजरात के धोलेरा विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,302 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने



को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया।

### एफपीआई ने बाजार में 1,539 करोड़ डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

## सरकार चौथा कानून लाती तो किसान फिर प्रदर्शन नहीं करते : हुड्डा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे की दर पर खरीदने को अपराध बनाने के लिए चौथा कानून लाती तो किसानों को फिर से सरकार से जंग नहीं लड़नी पड़ती। सरकार 2020 में तीन विवादास्पद कृषि-विपणन कानून लेकर आयी थी जिसे सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए आवश्यक बताया था। हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों के लंबे चले आंदोलन के बाद नवंबर 2021 में इन कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

## भारत-यूएई के बीच व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

अबू धाबी, एजेंसी

● सीआईआई अध्यक्ष आर दिनेश बोले-यह हासिल किया जा सकता

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश



में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा-भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े जारी किए गए हैं।

## बढ़ती ब्याज दरों के कारण बढ़ा सावधि जमाओं का आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से हुआ खुलासा

बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 57.2 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि ही, उसमें सावधि जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 97.6 प्रतिशत थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। आरबीआई ने अपनी 'तिमाही आधारभूत सांख्यिकी विवरणियां (बीएसआर)-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाएं - दिसंबर 2023' में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। कुल जमाओं में सावधि जमा की हिस्सेदारी मार्च, 2023 के 57.2 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 60.3 प्रतिशत हो गई।

# शार्दुल का शतक, मुंबई ने 207 रन की हासिल की बढ़त

## रणजी सेमीफाइनल: ठाकुर की 109 की शतकीय और तनुष की नाबाद 74 रन की पारी तमिलनाडु पर पड़ी भारी



मुंबई, एजेंसी

शार्दुल ठाकुर की 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आरसाई किशोर के 6 विकेट के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई, जिससे मुंबई ने रविवार को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली।

मुंबई ने एक समय 106 रन पर 7 विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद ठाकुर ने 104 गेंद में 13 चौके और 4 छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने 9 विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे, जिसमें साई किशोर ने उसके बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह

- मुंबई ने 9 विकेट पर 353 रन बनाए, साई किशोर ने मुंबई के 5 विकेट झटके

2 विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर 6 विकेट) ने मुंबई के 5 विकेट झटके दिए। अय्यर (3) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए, जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी, लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के हर गेंदबाज पर दबाव बनाया और मुंबई को बढ़त दिलाई।

ठाकुर ने हार्दिक तमोर (35 रन) के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी के बाद कोटियान के साथ नौवें विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। हालांकि वह इस दौरान टखने संबंधित समस्या से परेशान रहे और अंत में तीसरे सत्र में कुलदीप सेन (65 रन देकर 2 विकेट) का शिकार हुए। कोटियान और तुषार देशपांडे की जोड़ी फिर से एक साथ क्रीज पर मौजूद थी। पिछले मैच में 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी निभाने वाले कोटियान और देशपांडे ने फिर 10वें विकेट के लिए नाबाद 63 रन जोड़ लिए हैं। देशपांडे 17 रन और कोटियान 109 गेंद में 10 चौके से 74 रन बनाकर क्रीज पर हैं। बीकेसी मैदान पर साई किशोर का तेज गेंदबाजों के मुफीद पिच पर खुद गेंदबाजी का फैसला हैरानी भरा रहा, लेकिन तमिलनाडु के कप्तान और इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले साई किशोर ने मुंबई के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। उन्होंने पहले सत्र में 17 ओवर में 6 मेडन से 28 रन देकर 4 विकेट लिए। रात्रिप्रहरी मोहित अवस्थी (2) को स्टंप आउट कराने के बाद साई किशोर ने अजिंक्य रहाणे (19) को पहली स्लिप में कैच आउट कराया।

# हिमांशु की शतकीय पारी से मप्र मजबूत

नागपुर, एजेंसी



हिमांशु मंत्री ने रणजी सेमीफाइनल के दूसरे दिन विदर्भ के खिलाफ शतक जड़ा, जिससे मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाए। हिमांशु ने 265 गेंद में 13 चौके और 1 छक्के की मदद से 126 रन बनाए। उनके शतक से मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 82 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी में 170 रन बनाने वाले विदर्भ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में अथर्व तायडे का विकेट गंवाकर 13 रन बना लिए हैं।

विदर्भ की टीम 69 रन पीछे है। हिमांशु के बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर 30 रन सारांश जैन के नाम था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 47 रन से आगे से की। कल के नाबाद बल्लेबाज हिमांशु और हर्ष गवली ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 1 विकेट पर 81 रन तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज यश ठाकुर (51 रन पर 3 विकेट) ने गवली की 25 रन की पारी को खत्म किया। मध्यप्रदेश ने 12 रन के अंदर 2 और विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज उमेश यादव (40 रन पर 3 विकेट) ने कप्तान शुभम शर्मा को बोल्ड किया जबकि ठाकुर ने वेंकटेश अय्यर (0) को पगबाधा किया। हिमांशु को सागर सोलंकी (25) और जैन का अच्छा साथ मिला। हिमांशु ने पांचवें विकेट के लिए सोलंकी के साथ 42 जबकि छठे विकेट के लिए जैन के साथ 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे और ऑफ स्पिनर अक्षय वाखरे (68 रन पर 2 विकेट) ने मप्र के बल्लेबाजों को परेशान किया। ठाकुर ने वाखरे की गेंद पर 1 रन के साथ शतक पूरा किया। वाखरे ने अपनी गेंद पर कैच लपक कर उनकी शतकीय पारी को खत्म किया।

## खेल डायरी

### मार्टा कोस्ट्युक और केटी बौल्टर फाइनल में



सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट

सैन डिएगो, एजेंसी। यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की जिनका कोस्ट्युक ने पूरा फायदा उठाया। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

### विश्व चैंपियनशिप में अदिति 21वें स्थान पर

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

### मिनौर ने मैक्सिको ओपन का खिताब दूसरी बार जीता

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के फाइनल में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

### टाइगर वुड्स को मिला बॉब जोन्स पुरस्कार

फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।



वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने कहा कि बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर पहुंचा भारत

## भारत के 64.28 % अंक, अब तक आठ मैच में से पांच जीते, दो हारे और एक ड्रॉ कराया

दुबई, एजेंसी



दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

# लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जीता

वेलिंगटन, एजेंसी

टेस्ट श्रृंखला



ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह दूसरी पारी 3 विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और उसकी कुल बढ़त 368 रन थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का पहला विकेट लिया। रविंद्र ने कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (1) को पगबाधा किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लिया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (7) भी पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

# लिवरपूल ने 4 अंक की बनाई बढ़त



इंग्लिश प्रीमियर लीग

लंदन, एजेंसी। लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के 'इंजरी टाइम' के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फ़ॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर 4 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

वेलिंगटन, एजेंसी



तेज गेंदबाज विल ओ' रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। द. अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 8 मार्च से खेला जाएगा। साउथी ने कहा कि हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अब तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जाएगी।

## बॉलीवुड हलचल

# पैसा वसूल फिल्म है योद्धा: राशि



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी। मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और फिल्म योद्धा एक फुल पैकेज की तरह थी। फिल्म योद्धा एक्शन फिल्म है जिसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

### रिया का गीत मिले मत आवा जानू होली में रिलीज



मुंबई। गायिका पुनीता प्रिया और अभिनेत्री रिया प्रजापति का होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गीत में रिया प्रजापति अपने प्रेमी के हरकतों से परेशान हो गई है। उसकी वजह से घर पर रिया को डाट भी मिली है। जिससे होली में मिलने आने से प्रेमी को मना कर रही हैं। वह कहती है कि... 'होली खेले गँउवा के बहरी बुलाइला, रंग से बदनिया के कुल्हि लेटाइला... अइसन जगहा लगाइले जानू, गारी देले बिया हमर माई ये जानू...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस होली गीत को पुनीता प्रिया ने गाया है। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार दीपक दिलकश ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

# झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा



मुंबई। बिहार की मनीषा रानी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन की विजेता बन गई हैं। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर झलक दिखला जा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मनीषा रानी की एंट्री वाइल्ड कार्ड के माध्यम से हुई थी। मनीषा को विजेता ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये तथा उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। साथ ही दोनों को आइलैंड का ट्रिप भी मिला है। 'झलक दिखला जा 11' की ट्रॉफी जीतने पर मनीषा रानी ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहती हूं कि मुझे अपने फैंस पर बहुत भरोसा है और एक बार फिर मेरे फैंस ने इस बात को साबित कर दिया है। मेरी जीत का श्रेय मेरे कोरियोग्राफर, मेरी मेहनत और मेरे प्रशंसकों को जाता है। शो में मेरे सामने जो लोग थे, उनके बहुत बड़े-बड़े लोग सपोर्टर थे, सभी अच्छे डांसर और कलाकार हैं। लोगों का इतना प्यार किस्मत वाले लोगों को ही मिलता है। मेरी कोशिश हमेशा अपना बेस्ट देने की होगी। मैंने आज तक जो भी सपना देखा है, वो पूरा हुआ है, तो मुझे भरोसा है कि मेरा यह भी सपना पूरा होगा। भले ही उसे पूरा होने में थोड़ा समय लगे।

### फराह-मलाइका और अरशद ने दी बधाई

मनीषा रानी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, के 11वें सीजन की विजेता बनने पर जज फराह खान, मलाइका अरोड़ा और अरशद वारसी ने बधाई दी है। फराह खान ने कहा, मनीषा ने डांस के प्रति अपनी जबर्दस्त योग्यता से मंच पर आग लगा दी है और उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक थी। उन्होंने खुद को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है और डांस शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को सुंदरता और सटीकता के साथ प्रदर्शित किया है। डांस के प्रति उनका जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्होंने खुद को एक योग्य चैंपियन साबित किया है।

# 'हनुमान' की भूमिका निभाकर खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे निर्भय



मुंबई। अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। निर्भय वाधवा ने कहा, मैंने अब तक श्रीमद् रामायण के एपिसोड देखने का आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

### अंकुश और शिल्पी का गाना ना ऐ जीजा 2.0 जारी



मुंबई। अंकुश राजा और शिल्पी राज का नया गाना ना ऐ जीजा 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है और अब तक इसे 1,606,823 व्यूज मिल चुके हैं। अंकुश राजा ने इस गाने को अपने फैंस को समर्पित किया है। अंकुश ने कहा कि लोगों को यह गाना पसंद आ रहा है और लोग इसे खूब प्यार भी दे रहे हैं इसके लिए हम समूह का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही हम उनसे अपील भी करते हैं कि इस गाने को और बड़ा बनाएं ताकि हमें प्रोत्साहन मिलता रहे और हम आपके लिए और भी अच्छे-अच्छे गाने लेकर आते रहे। अंकुश राजा होली के नए-नए गीत लेकर आ रहे हैं और जो लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है जिस पर बहुत सारे व्यूज मिल रहे हैं। ना ऐ जीजा 2.0 गाना के संगीतकार विकी वोक्स हैं। लेखक बोस रामपुरी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# किसी की जुबां पर गांधी तो कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती



मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता



### भारत की दावेदारी कर रहीं सिनी शेट्टी

भारत की दावेदारी पेश कर रहीं सिनी शेट्टी ने कहा कि हम आज ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसके सामने साझा चुनौतियां हैं और साझी महत्वाकांक्षाएं हैं। शेट्टी ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों के लिए सतत विकास लक्ष्य होने चाहिए।

*मुंबई। मिस वर्ल्ड खिताब की दौड़ में शामिल दुनियाभर की प्रतिभागियों ने रविवार को अपने दिल की बात कही, जो गरीबी, भुखमरी, जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा और सेहत जैसे बुनियादी सरोकारों से सराबोर थे। इस बार 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का भारत प्रतिनिधित्व कर रहा है। समारोह में किसी ने गांधीजी की बात की, तो किसी ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कुछ ने लैंगिक समानता और बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मुद्दे पर भी राय दी।*



# बर्फबारी और बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई राज्यों में शनिवार और रविवार को मौसम खराब रहा। हिमाचल में बर्फबारी बारिश से नेशनल हाइवे समेत 507 सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली- सोलंगनाला के बीच नेहरू कुंड के पास रविवार को 5 वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य, प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात समेत 9 राज्यों में बारिश हुई। इससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो गया है। राजमार्ग के बाधित होने पर यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रामबन प्रशासन ने एक नई पहल की शुरुआत की है। रामबन प्रशासन ने यात्रियों के मनोरंजन के लिए बैंड बाजे का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई जिलों में बारिश हो रही है।




जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे वाहन।

### 15 मार्च से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है 14 मार्च तक हिमालयी क्षेत्र में लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं, पर मार्च खत्म होने तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आएगा। 15 मार्च के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। एलनीनो परिस्थितियों के घटने का ट्रेंड बना हुआ है लेकिन इसके जुलाई में ही न्यूट्रल में आने की संभावना है। 10 दिन में तेलंगाना, तटीय आंध्र, उत्तरी कर्नाटक

## एक नजर

### पाकिस्तानी सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि, चार अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को कहा कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा, भारी मात्रा में हथियार गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

### छत्तीसगढ़: एसबीआई में सेंधमारी दस्तावेजों को जलाया, बदमाश फरार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से बदमाशों ने दस्तावेजों को आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

### गाजा: मदद का इंतजार कर रहे पीड़ितों पर गोलीबारी, 115 की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में सहायता काफिले पर भोजन के लिए संघर्ष कर रहे फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजराइली सैनिकों ने हमला कर दिया। हमले में 115 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 750 से अधिक घायल हो गए। गाजा में अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने शुक्रवार को गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल में कुछ घायलों से मुलाकात की और 'बड़ी संख्या में बंदूक की गोली के घावदेखे।

### मुंबई पुलिस ने गैरलाइसेंसी हथियार मालिकों के विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

**मंबई।** शिवसेना गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार रखने वालों और सुरक्षा सेवाएं मुहैया कराने वालों के लाइसेंसों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गैर लाइसेंसी हथियार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत दस दिन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम ने कहा, बिल्डर, नेताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और निजी अंगरक्षक जांच के दायरे में हैं, उनके हथियार लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।

# हाईब्रिड सरकार के हाथ में पाकिस्तान की डोर

## पीएमएल-एन और पीपीपी ने सर्वसम्मति से शहबाज को चुना नेता, शपथ ग्रहण समारोह आज

इस्लामबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर कवायद तेज हो गई है। लगभग एक माह बाद रविवार को हाईब्रिड सरकार को लेकर हुई बैठक में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री (वजीर-ए-आजम) चुन लिया गया है। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे।

प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज ने अपने पहले संबोधन में कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कोई समय सीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। शहबाज ने यह भी सवाल किया कि इमरान खान ने अंतर्राष्ट्री मुद्रा कोष को पत्र क्यों लिखा। इसे उन्होंने देश के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के समान बताया।

शहबाज शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज (72) पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं।

नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी।

पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था। बता दें कि पाकिस्तानी संसद में रविवार को पीएम के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हुई। शहबाज ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर 100 वोटों से अधिक की बढ़त हासिल की।



**शहबाज का सियासी सफर**

| | | |
|---|---|---|
| 1988 | 1990 | विधायक |
| 1990 | 1993 | सांसद |
| 1993 | 1996 | विस में विपक्ष के नेता |
| 1997 | 1999 | पंजाब सीएम |
| 2008 | 2013 | पंजाब सीएम |
| 2013 | 2018 | पंजाब सीएम |
| 2018 | 2022 | संसद में विपक्ष के नेता |
| 2022 | 2023 | प्रधानमंत्री |

3 मार्च 2024 को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए

### चुनाव धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रहे 100 से ज्यादा इमरान समर्थित नेता गिरफ्तार



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पार्टी कार्यकर्ता हालिया आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ रैलियां निकाल रहे थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में आठ फरवरी को नेशनल असेंबली के चुनाव हुए थे। जिसके बाद त्रिशंकु नतीजे सामने आए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते रहे हैं। इमरान खान के आह्वान पर पीटीआई समर्थकों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन किया। ज्यादातर गिरफ्तारियां लाहौर में हुईं, जहां पंजाब की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रदर्शन कर रहे पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीटीआई के प्रवक्ता के मुताबिक, पुलिस ने लाहौर में अस्सी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात शहर में बीस से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब और इस्लामाबाद के 38 शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया। प्रवक्ता ने कहा, पीटीआई नेता मियां शहजाद फारूक और अफजाल अजीम पहत को भी गिरफ्तार किया गया है।

# मिशिगन, इडाहो और मिजुरी में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दावेदारी पुख्ता, चुनाव में बाइडन बनाम ट्रंप होना लगभग तय

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली से काफी आगे निकल गए हैं। शनिवार को ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन में भी कॉक्स चुनाव में जीत दर्ज की। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है, जबकि निक्की हेली को सिर्फ 24 डेलिगेट्स ने ही अभी तक सपोर्ट किया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। इससे साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुने जाने की रेस में डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे निकल गए हैं। रविवार को कोलंबिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं और इसके दो दिन बाद सुपर मंगलवार है, जिसमें 16 राज्यों में प्राइमरी इलेक्शन होने हैं।

नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सबसे बड़ा मतदान होगा और उस मतदान के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि निक्की हेली राष्ट्रपति पद की रेस में रहेंगी या फिर नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन होना तय है। मिशिगन में तो ट्रंप ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सभी 39 डेलिगेट्स का समर्थन हासिल किया। पांच मार्च को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं।

अब तक ट्रंप आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, दक्षिण कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली अपने समर्थन में पर्याप्त लोगों को जुटाने में असफल हो रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में अवैध प्रवासियों के मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठा रहे हैं।



### जिंदगी कांटों जैसी दर्दनाक रही... अनंत का भावुक स्पीच



मार्क जुकरबर्ग के साथ अनंत अंबानी और राधिका



ईशा अंबानी

**जामनगर :** अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी के इवेंट में अनंत अंबानी ने बेहद भावुक स्पीच दी है। अनंत ने अपने परिवार और राधिका के परिवार को धन्यवाद दिया। अनंत ने कहा, 'थैंक्यू मम्मा। ये सब मेरी मां ने किया है। चार महीने से रोज 18-19 घंटे इस समारोह की तैयारी में लगी थीं। मेरा जीवन हमेशा गुलाब के फूल की तरह सहज नहीं रहा है, मैंने गुलाब के कांटों की तरह कई दुख झेले हैं, मुझे बचपन से ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं रही हैं, लेकिन मेरे माता- पिता ने मुझे कभी एहसास नहीं होने दिया कि मैं बीमार हूं। अनंत बोले, जामनगर मेरी प्रेरणा का स्रोत हैं। ● एजेंसी

### नाटु-नाटु पर थिरके तीनों खान शाहरुख बोले-जय श्रीराम

समारोह के अंतिम दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके। शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम का नारा लगाया। तीनों खान तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर पहुंचे।



पत्नी अंजली के साथ सचिन तेंदुलकर

# चीन-पाकिस्तान कर रहे फेक रिसर्च, भारत बेहतर: अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी

- पैसे और प्रमोशन के लिए कर रहे फ्रॉड, अमेरिका की संस्था क्रॉस रीफ ने तैयार किया डेटा

चीन- पाकिस्तान के वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। वे दूसरों की रिसर्च के डेटा में जोड़- तोड़ कर अपना रिसर्च पेपर पब्लिश करा रहे हैं, या फिर पहले पब्लिश रिसर्च पेपर के कुछ चैप्टर्स बदलकर नाम दे रहे हैं।

यही वजह है कि चीन के वैज्ञानिकों की रिसर्च छपने के बाद भी कई शोध जर्नल ने खारिज कर दिए और उन्हें रिट्रैक्ट (वापस लिया) किया। अमेरिका की गैर लाभकारी संस्था क्रॉस रीफ ने 50 हजार फेक रिसर्च पेपर का डेटाबेस तैयार किया है। इसमें से 46 फीसदी अकेले चीन के हैं। पैसे व प्रमोशन के लिए वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। दरअसल चीन में रिसर्च पेपर की क्वालिटी की बजाय संख्या गिनी जाती है।

### चीन के रिसर्च पर समीक्षा से मना कर रहे वैज्ञानिक

दुनिया के कई वैज्ञानिक चीन के वैज्ञानिकों के रिसर्च पेपर की समीक्षा करने से मना कर रहे हैं। रिसर्च पर काम कर रही माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कहा, कई रिसर्च पेपर तो पैसे लेकर तैयार किए जाते हैं। कई में प्लैगरिज्म ही होता है। एक चीनी पेपर में प्रोस्टेट कैंसर पर रिसर्च की गई थी। इसमें कहा गया था कि रिसर्च में 50 फीसदी सैंपल महिलाओं के हैं, जबकि महिलाओं में प्रोस्टेट ग्लैंड्स होते ही नहीं हैं।

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने शुरू किया चुनावी अभियान

**वाशिंगटन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

# यूएई: बीएपीएस मंदिर में टाइट कपड़े, टी-शर्ट में प्रवेश पर बैन

अबु धाबी, एजेंसी

- मंदिर ने जारी की गाइडलाइन आपत्तिजनक और भड़काऊ कपड़े पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं

संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, उसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। मंदिर के कैसे कपड़े पहनकर जाना है, इसके लिए मंदिर की वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है। आगंतुकों को गर्दन, कोहनी और टखनों तक शरीर को ढकना जरूरी है।

आपत्तिजनक डिजाइन वाली टोपी, टी-शर्ट और अन्य भड़काऊ कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है। पारदर्शी और टाइट-फिटिंग कपड़े भी नहीं पहनने हैं। ऐसे कपड़ों और सामानों से बचने के लिए कहा गया है, जिससे लोगों का ध्यान भटके। हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।



# ओडिशा: डीआरडीओ कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी। घटना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रडार ऑब्जर्वेटरी सर्विलांस यूनिट में हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

रविवार को सेना का जवान (35 वर्षीय) महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबंका गांव में डीआरडीओ के एक कैंप में ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि जवान खून से लथपथ था, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

**हिदायत** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्मों को दिए दिशा-निर्देश, 15 दिन के भीतर करें एडवाइजरी का पालन

# नए एआई मॉडल लॉन्च से पहले भारत सरकार से लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

टेक कंपनियों को नए एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्लेटफॉर्म को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षण में शामिल एआई मॉडलों का अब अनिवार्य रूप से लेबल करना होगा। साथ ही, इसमें गैरकानूनी कंटेंट मौजूद नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसा न होने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में है।

डिजिटल प्लेटफार्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशा-निर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी इंटरमीडियरी और प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम 2021 का पालन सुनिश्चित करें।



### खामियों से पिचाई की नौकरी संकट में



गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गूगल ने हाल ही में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया था। हालांकि, इसके इमेज जेनरेशन और अवतार टूल में खामियां हैं। इससे गूगल की छवि पर बुरा असर पड़ा है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

### कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में कृषि प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जलवायु अनुकूल बनाने की तैयारी कर रही है। इससे किसानों को यह जानकारी पहले ही मिल जाएगी कि उनके क्षेत्र में इस बार मौसम कैसा रहेगा। इसके लिए सरकार एक एआई संचालित कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही है।

यह सॉफ्टवेयर किसानों को यह बताने में सक्षम होगा कि उनके क्षेत्र में सूखा, बाढ़, लू, शीतलहर, असामान्य बारिश, शुष्क मौसम, ठंड, चक्रवात और ओलावृष्टि की क्या स्थिति रहेगी। ऐसे वातावरण में उन्हें कौन सी फसल बोने से फायदा होगा। इस कार्य में मौसम विभाग के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। जैसे ही सॉफ्टवेयर बन जाएगा। सरकार इस योजना को पूरे देश में लागू करेगी।



सॉफ्टवेयर किसी भी क्षेत्र के पिछले 100 साल के मौसम पैटर्न का अध्ययन तुरंत करने में सक्षम होगा। यह 24 घंटे ऑनलाइन मोड में देश की सभी भाषाओं में जानकारी देगा।